# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भोपाल, सोमवार 15 दिसंबर 2025





inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## महीने भर के लिए ये 8 चीते वहीं क्वारेंटाइन

# मप्र में और बढ़ेगा चीतों का कुनबा, 8 बोत्सवाना से अप्रैल में आएंगे

**ये चीते कूनो नेशनल पार्क या गांधी सागर में रखे जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र में मौजूदा समय में नामीबिया से लाए गए चीतों की कुल संख्या बढ़कर 32 हो गई है। इसमें से तीन चीते अभी हाल में ही गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित किए गए हैं। किंतु मप्र सरकार प्रदेश के वन अभ्यारण्यों में चीतों का पूरा कुनबा बसाना चाहती है। अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव वन ने 'हरिभूमि' को बताया क मप्र वन विभाग बोत्सवाना से 8 चीते और लाएगा।

इसमें दो फैमिली हैं, जिनमें नर व मादा दोनों हैं। इन आठों चीतों को एक महीने के लिए बोत्सवाना में ही क्वारेंटाइन कर दिया गया है। मप्र से वन अधिकारियों की एक टीम बोत्सवाना जाकर चीतों के रहन सहन से लेकर उनके खान-पान आदि को लेकर पूरा अध्ययन कर चुकी है। पिछली बार नामीबिया से सेना के मालवाहक विमान से चीते लाए गए थे। इस बार भी उसी तरह से चीते लाए जाएंगे। बोत्सवाना से इस संबंध में करार हो चुका है। पहले यह चीते इसी महीने लाए जाने की संभावना थी, किंतु भौगोलिक परिस्थितियों की वजह से इसे अभी टाल दिया गया है।

अब यह चीते अप्रैल में लाए जाएंगे। चीतों को यहां लाने के बाद फिर से एक महीने के लिए क्वारेंटाइन किया जाएगा। इसके बाद इन्हें खुले जंगल में छोड़ने की प्रक्रिया होगी। ये चीते कूनो नेशनल पार्क या गांधी सागर में रखे जाएंगे, ताकि चीता पुनर्वास परियोजना को आगे बढ़ाया जा सके। यह परियोजना प्रोजेक्ट चीता का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य 1952 में भारत में विलुप्त घोषित इस प्रजाति को फिर से स्थापित करने का है।

### भारत सरकार बना रही सबसे बड़ा चीता कॉरिडोर

भारत सरकार राजस्थान-मप्र- उप्र मिलाकर 1500-2000 किमी का विशाल चीता कॉरिडोर बना रही है। इसमें तीन राज्यों के 22 जिले जुड़ेंगे। राजस्थान के 8 जिलों (धौलपुर से चित्तौड़गढ़) में 6-7 हजार वर्ग किमी क्षेत्र चिन्हित। गांधी सागर से भी चीते भैंसरोड़गढ़ आएंगे। चीते खुद नेचुरल कॉरिडोर जिंदा कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### धुरंधर ने 300 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार किया



**नई दिल्ली।** स्पाई थ्रिलर फिल्म धुरंधर की रिलीज को 9 दिनों का समय बीत गया है। दूसरे वीकेंड में कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर का तूफान देखने को मिला है, जिसमें 2025 की दो बड़ी ब्लॉकबस्टर हवा-हवाई हो गई हैं। रिलीज के 9वें दिन बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर ने 300 करोड़ रुपए का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है।

### गुना जिले के म्याना रेलवे स्टेशन को मिला सम्मान



**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर गुना के 'म्याना रेलवे स्टेशन' को सम्मानित किया। ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए म्याना रेलवे स्टेशन द्वारा 9 हजार 687 यूनिट विद्युत ऊर्जा की बचत की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्मानित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**भाजपा के 'सबसे कम उम्र' के अध्यक्ष**

## भाजपा संसदीय बोर्ड के इस फैसले का ऐलान राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने किया

# बिहार के मंत्री नितिन नबीन बनाए गए भाजपा के राष्ट्रीय 'कार्यकारी अध्यक्ष'

*पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव, जमीनी पकड़ और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन (45) को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ऐसे में जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी नितिन नबीन ही संभालेंगे। पार्टी की ओर से इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। नितिन नबीन पांच बार के विधायक हैं। मौजूदा वक्त में वह पटना के बांकीपुर से विधायक हैं। नबीन छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी हैं। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं। 45 साल के नबीन सड़क निर्माण मंत्री हैं। वे भाजपा नेता किशोर सिन्हा के बेटे हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव, जमीनी पकड़ और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। नितिन नबीन भाजपा के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष ▸▸ शेष पेज 4 पर

**कार्यकारी अध्यक्ष पांच बार के विधायक, फिलहाल वे पटना के बांकीपुर से विधायक**



नितिन नबीन

**पीएम मोदी और शाह ने संगठन क्षमता का धनी बताते हुए बधाई दी**

**वे छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी**

**नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं**

### युवा मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभा चुके

नबीन छात्र राजनीति से लेकर संगठन के विभिन्न पदों तक का सफर तय कर चुके हैं। उनकी पहचान एक अनुशासित संगठनकर्ता और तेज फैसले लेने वाले नेता के रूप में रही है। बिहार भाजपा में वे कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं, जिनमें प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने की भूमिका शामिल है। नितिन नबीन का जन्म पटना में हुआ। उनके पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक रहे हैं। पिता के निधन के बाद नितिन नबीन ने सक्रिय रूप से चुनावी राजनीति में कदम रखा और जल्द ही अपनी अलग पहचान बनाई। राजनीति में आने से पहले वे भारतीय जनता युवा मोर्चा में भी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं, जहां से उनके संगठनात्मक कौशल को पहचान मिली।

### पहली बार 2006 में उपचुनाव में जीते थे नबीन

उन्होंने पहली बार 2006 के उपचुनाव में जीत दर्ज की थी। इसके बाद वे 2010, 2015, 2020 और 2025 के विधानसभा चुनावों में लगातार विजयी रहे। 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 98,299 वोट हासिल कर आरजेडी उम्मीदवार रेखा कुमारी को 51,936 वोटों के बड़े अंतर से हराया, जो उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत मानी जा रही है।

**कुर्मी बिरादरी से चौथे अध्यक्ष**

## उधर, यूपी भाजपा के नए 'चौधरी' बने पंकज



सीएम योगी, पंकज चौधरी और पीयूष गोयल

पंकज चौधरी यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष बन गए हैं। केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश चुनाव अधिकारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने पंकज चौधरी की जीत की घोषणा की। लखनऊ के राम मनोहर लोहिया विवि कैंपस के सभागार में इसकी घोषणा की गई। 1980 में पार्टी बनने के बाद वह पार्टी के 16वें अध्यक्ष बन रहे हैं। पंकज सात बार के सांसद हैं। पंकज चौधरी के पहले 15 नेताओं को पार्टी का अध्यक्ष बनने का मौका मिला था। वे केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री भी हैं। रविवार को आधिकारिक तौर पर उनके नाम की घोषणा हो गई। पार्षद से शुरू हुआ यह सफर केंद्रीय मंत्री से लेकर अब प्रदेश में पार्टी के मुखिया तक पहुंच चुका है। पार्टी में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के करीबी माने जाते हैं वहीं ▸▸ शेष पेज 4 पर

**कई वरिष्ठ नेताओं ने आगामी कार्ययोजना पर की चर्चा**

### दिल्ली में मप्र कांग्रेस की रणनीतिक बैठक

## वोटर लिस्ट के गहन सत्यापन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कांग्रेस ने रविवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में मतदाता सूची सत्यापन को लेकर एक अहम बैठक की। इस बैठक में मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया और



आगामी कार्ययोजना पर गहन चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मतदाता सूची की शुद्धता को लोकतंत्र की बुनियाद बताते हुए कहा कि निष्पक्ष चुनाव तभी संभव हैं, जब हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची ▸▸ शेष पेज 4 पर







### रीवा में मिली विस्फोटक सामग्रियां

## 50 किलोग्राम जिलेटिन और 400 डेटोनेटर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रीवा

डभौरा थाना पुलिस ने रविवार को 50 किलोग्राम जिलेटिन और 400 नग डेटोनेटर बरामद किए। पुलिस ने इस केस में एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। ये विस्फोटक सामग्री यूपी से यहां लाई गई। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक मिलने से हर कोई दहशत में है। जिलेटिन और डेटोनेटर का इस्तेमाल विस्फोट करने के लिए किया जाता है। रीवा में पुलिस ने ये कार्रवाई की। पुलिस अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। विस्फोटकों की इस बरामदगी के बाद सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार यह विस्फोटक सामग्री उप्र से लाई गई थी। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि जिलेटिन और डेटोनेटर को ट्रेन से यहां लाया गया था। बता दें कि विस्फोट कराने के लिए जिलेटिन को छड़ों के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। यह अन्य विस्फोटकों की तुलना में सस्ती होती है। खासतौर पर सुरंगों, सड़कों, रेल पथ निर्माण आदि कामों में जिलेटिन का उपयोग किया जाता है। खनन और निर्माण संबंधी कार्यों में बिना डेटोनेटर के इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जिलेटिन काफी विस्फोटक होता है। इसके खतरनाक ▸▸ शेष पेज 4 पर

■ महिला को किया गिरफ्तार



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




# डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

## अभूतपूर्व अधोसंरचना विकास

### सड़क नेटवर्क- बेहतर होती कनेक्टिविटी

- वर्ष 2025-26 में 4078 कि.मी. लंबी सड़कों के निर्माण और अगले 5 वर्ष में 1 लाख कि.मी. सड़कों के निर्माण का लक्ष्य
- उज्जैन-जावरा के मध्य 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे निर्माण के लिए ₹5 हजार करोड़ से अधिक की स्वीकृति
- ₹1692 करोड़ की लागत से बनने वाले उज्जैन-इन्दौर 6-लेन मार्ग का भूमिपूजन
- ₹3589 करोड़ की लागत से भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति
- 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर परियोजना स्वीकृत
- वर्तमान में ₹ 48,178 करोड़ की 73 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं निर्माणाधीन
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 8565 गांव सड़कों से जुड़े
- मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना के तहत 20,650 छोटे गांवों में 30,900 कि.मी. पक्की सड़कें बनेंगी, जिसके लिए ₹21,630 करोड़ की स्वीकृति

### वायुसेवा और क्षेत्रीय संपर्क




- रीवा, दतिया और सतना हवाई अड्डे का लोकार्पण
- विंध्यवासियों को सौगात, रीवा-दिल्ली और रीवा-इंदौर हवाई सेवा प्रारंभ
- उज्जैन हवाई अड्डे के विकास अनुबंध पर हस्ताक्षर
- ग्वालियर से बेंगलुरु,अहमदाबाद, दिल्ली और अयोध्या के लिए वायु सेवा प्रारंभ

D-11161/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

### रेल और मेट्रो सेवा का विस्तार



- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश के 6 अमृत स्टेशन- शाजापुर, नर्मदापुरम, कटनी साउथ, श्रीधाम, सिवनी और ओरछा का लोकार्पण
- इंदौर में मेट्रो सेवा शुरू, भोपाल में शीघ्र शुरू होगा संचालन
- इंदौर-उज्जैन के मध्य शुरू होगा मेट्रो ट्रेन संचालन
- प्रदेश में बनेगा रेल मैन्युफैक्चरिंग सेंटर, भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) को सौंपा गया भूमि आबंटन पत्र। रायसेन के उमरिया में होगी स्थापना

### नवीकरणीय ऊर्जा और क्षमता वृद्धि

- मुरैना में पहली सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना ₹ 2.70 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली प्राप्त
- प्रदेश में 2000 मेगावॉट सौर पार्क व 1000 मेगावॉट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की स्वीकृति
- ओंकारेश्वर 278 मेगावॉट फ्लोटिंग सोलर पावर प्रोजेक्ट से विद्युत उत्पादन प्रारंभ
- 880 मेगावॉट क्षमता की आगर और नीमच सौर परियोजना प्रारंभ
- बिजली उपभोक्ताओं की सुगमता के लिए समाधान योजना प्रारंभ
- उद्योगों सहित सभी गैर-कृषि उपभोक्ताओं को 24 घंटे तथा कृषि उपभोक्ताओं को प्रतिदिन औसतन 10 घंटे बिजली प्रदाय

### सिंचाई परियोजनाएं और जल संसाधन

- प्रदेश में लगभग 55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित। वर्ष 2025-26 तक 65 लाख हेक्टेयर और वर्ष 2028-29 तक 1 करोड़ हेक्टेयर तक सिंचाई क्षमता बढ़ाने का लक्ष्य
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की पहली नदी-जोड़ो केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन। पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को लेकर त्रि-पक्षीय समझौता और ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना के लिए महाराष्ट्र के साथ एमओयू
- "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" के उद्देश्य की पूर्ति के लिए 133 वृहद एवं मध्यम प्रेशराइज्ड सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजनाएं निर्माणाधीन
- ₹2489 करोड़ से अधिक की लागत से तराना में नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण। इससे 100 ग्रामों की 30218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी
- माइक्रो सिंचाई में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य



मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी



## विकास और सेवा के 2 वर्ष

मध्यप्रदेश अपने बेहतर कल की बुनियाद बना रहा है, जहां सड़क, रेल, हवाई सेवा और ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की हो रही है। विकसित भारत का संकल्प तीव्र विकास, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और पर्याप्त संसाधन से ही संभव होगा। मध्यप्रदेश प्रगति की नई तस्वीर बना रहा है।

**- डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

भोपाल
सोमवार, 15 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष -11
वर्ष : 12, अंक : 255
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 09

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13
टीम इंडिया ने पाकिस्तान को धोया, 90 रन ....



विचार पेज
06 ग्राहकों को मिले ब्याज दर.....

# रीवा में दृश्यता शून्य, अब बढ़ेगा कोहरा, आज 14 जिलों में मध्यम से घने कोहरे का 'अलर्ट'

## भोपाल में 8 दिन बाद शीतलहर से राहत, आज केवल इंदौर में कोल्ड वेव का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी में रविवार से लगातार 8 दिन बाद शीतलहर से राहत मिल गई है। यहां 6 दिसंबर से लगातार कोल्ड वेव का असर जारी था। सोमवार को इंदौर में कोल्ड वेव रहेगी, शेष प्रदेश में मौसम सामान्य रहेगा। हवा में नमी बढ़ने से अब 14 जिलों में सोमवार से कोहरे का असर शुरू होगा। लेकिन भोपाल में मौसम सामान्य रहेगा।

रविवार को प्रदेश में सबसे घना कोहरा रीवा में रहा। यहां सुबह 8.30 बजे तक दृश्यता शून्य यानि 50 मीटर से भी कम रही। राजधानी में इस महीने बारिश के लिहाज से 5 साल में दो बार वर्ष 2021 और 2023 में ▸▸ शेष पेज 4 पर

**भोपाल में पारा 7 डिग्री सामान्य से 3.9 डिग्री कम, छह जिलों में पारा 5 से 7 डिग्री के बीच**



पचमढ़ी में घास पर जमी बर्फ की सफेद चादर, सामने आया मनमोहक दृश्य

### 4 जिलों में विजिबिलिटी रही 500 मीटर तक

रविवार को कुछ जिलों में घना कोहरा रहा। दतिया, ग्वालियर, सतना और सीधी में सुबह 8.30 बजे तक दृश्यता 500 मीटर तक पहुंच गई। सबसे घना कोहरा रीवा में रहा। यहां विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही। कोल्ड वेव से राहत के बीच रविवार को छह जिलों में रात का पारा 5 से 7 डिग्री के बीच रहा है। सबसे ठंडे पचमढ़ी का पारा 5.2 डिग्री रहा। कल्याणपुर (शहडोल) और राजगढ़ 5.6, गिरवर ▸▸ शेष पेज 4 पर



पत्तों पर ओस की बूंदें जमी

### आज से यहां घने कोहरे का अलर्ट

सोमवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, मऊगंज, पन्ना, टीकमगढ, निवाड़ी, मैहर जिलों में कुछ जगह हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। रीवा, सतना, छतरपुर में मध्यम से घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हवा में नमी की मात्रा दो दिन में करीब 8 फीसदी बढ़ने से कोहरे का असर बढ़ेगा।

## खबर संक्षेप

### हार्दिक टी20 में 100 विकेट पूरे करने वाले तीसरे भारतीय



**धर्मशाला।** भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। हार्दिक टी20 में 100 विकेट पूरे करने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। हार्दिक पांड्या ने ट्रिस्टन स्टब्स को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को चौथा झटका दिया। स्टब्स 13 गेंदों पर नौ रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक का टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह 100वां विकेट रहा।

### झोपड़ी में आग से मासूम जिंदा जला, दो अन्य झुलसे



**दमोह।** चूल्हे की चिंगारी से भड़की आग ने पूरी झोपड़ी को जला दिया। इसमें चार महीने का बच्चा भी जिंदा जल गया। देहात थाना पुलिस के मुताबिक, घटना बांसा तारखेड़ा गांव के चिथरयाऊ टोला की है। मृत बच्चे की पहचान निशांत गौड़ के रूप में हुई। रविवार को बच्चे का जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार, जितेंद्र गौड़ पथरयाऊ टोला गांव में शैलेंद्र तिवारी के खेत में सिंचाई के लिए ठेका लिए था।

### गीजर से निकली जहरीली गैस, मासूम की मौत



**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर कोतवाली नगर क्षेत्र के देवीपुरा प्रथम में गैस गीजर के कारण एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बाथरूम में नहाते समय 15 वर्षीय किशोरी गरिमा गैस गीजर से निकलने वाली जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गई। जब काफी देर तक बाहर नहीं आई तो परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा, जहां वह बेहोशी हालत में पड़ी मिली। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**'सबसे बड़ा' आतंकी हमला** | काले कपड़े पहने दो हमलावर एक वाहन से उतरे और भीड़ पर ताबड़तोड़ फायरिंग की

# सिडनी में हनुक्का उत्सव पर आतंकी हमला, 12 यहूदियों को 'भून' डाला

*हमला यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन आयोजित सार्वजनिक उत्सव 'चनुका बाय द सी' के दौरान हुआ, जिसे चबाड ऑफ बॉन्डी ने आयोजित किया था*



घायल को ले जाते हुए

एजेंसी ▸▸ सिडनी

सिडनी के प्रसिद्ध बॉन्डी बीच पर रविवार की शाम को एक भयानक आतंकी हमला हुआ, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। यह हमला यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन आयोजित सार्वजनिक उत्सव 'चनुका बाय द सी' के दौरान हुआ, जिसे चबाड ऑफ बॉन्डी ने आयोजित किया था।

न्यू साउथ वेल्स के मुख्यमंत्री क्रिस मिन्स ने इसे सिडनी के यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया लक्षित हमला बताया। पुलिस ने इसे आतंकवादी घटना घोषित कर दिया है। यह ऑस्ट्रेलिया में हाल के सालों की सबसे घातक घटनाओं में से एक है, जहां बंदूकों पर सख्त कानून ▸▸ शेष पेज 4 पर

**उत्सव में करीब दो हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे**



लाल घेरे में आतंकी फायरिंग करता हुआ



आतंकी हमले के बाद बिछी लाशें

- ▸▸ जहां बंदूकों को लेकर बहुत सख्त कानून, वहां हमलावर इन्हें लेकर कैसे घुस आए?
- ▸▸ दुनिया भर में दो साल के भीतर यहूदी समुदाय पर चौथा बड़ा आतंकी हमला
- ▸▸ मारे गए लोगों में एक हमलावर भी शामिल
- ▸▸ मौके से आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) मिला, जिसे बम स्क्वॉड ने निष्क्रिय किया
- ▸▸ हमलावरों के पास मिलिट्री-ग्रेड हथियार और बुलेटप्रूफ वेस्ट थे

### राहगीर ने एक हमलावर को काबू किया

एक वीडियो में एक साहसी राहगीर पीछे से हमलावर पर झपट्टा मारता दिखा। उसने बंदूकधारी की राइफल छीन ली और उसे उसी पर तानने की कोशिश की। इस बहादुरी से कई जानें बच गईं। इस हीरो की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं हुई, लेकिन पूरे देश में उसकी तारीफ हो रही है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस और मुख्यमंत्री क्रिस मिन्स के अनुसार 12 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इनमें एक हमलावर भी शामिल है, जिसे पुलिस ने मौके पर मार गिराया। दूसरा हमलावर गंभीर घायल है जो पुलिस की हिरासत में है। करीब 18-29 लोग घायल हुए, जिन्हें सिडनी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। कुछ की हालत गंभीर है, घायलों में बच्चे और पुलिस अधिकारी शामिल हैं। घटनास्थल पर एक संदिग्ध आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) मिला, जिसे बम स्क्वॉड ने निष्क्रिय किया। पुलिस तीसरे हमलावर की संभावना की भी जांच कर रही है। ▸▸ पढ़ें पेज 08 भी

### एक हमलावर का नाम नवीद अकरम

एक हमलावर की पहचान 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई है, जो सिडनी के दक्षिण-पश्चिम इलाके बोनीरिग का रहने वाला है। उसके घर पर पुलिस ने छापा मारा। सोशल मीडिया पर उसकी ड्राइविंग लाइसेंस की तस्वीर वायरल हुई, जिसमें जन्म वर्ष 2001 बताया गया। हमलावरों के पास मिलिट्री-ग्रेड हथियार और बुलेटप्रूफ वेस्ट ▸▸ शेष पेज 4 पर

**पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा**

### यह हमला दिल दहला देने वाला

मुख्यमंत्री क्रिस मिन्स ने देर रात क्राइसिस कैबिनेट मीटिंग बुलाई और प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह हनुक्का के पहले दिन यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया हमला है। शांति और खुशी की रात को बर्बाद कर दिया गया। उन्होंने पुलिस और आम नागरिकों की बहादुरी की सराहना की। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने इसे ▸▸ शेष पेज 4 पर




मंच पर राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे

**दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली**

# राहुल बोले- सत्ता में आए तो निर्वाचन आयुक्तों के खिलाफ 'कार्रवाई' करेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*» उन्होंने इसे सच बनाम झूठ की लड़ाई बताया*

लोकतंत्र की जमीन पर राजनीतिक टकराव अब खुलकर सामने सड़क पर आ गया है। कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली की। इसे संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार, आरएसएस और निर्वाचन आयोग पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने इसको सच बनाम झूठ की लड़ाई बताया।

राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग को छूट देने के लिए नया कानून लाया गया है, हम इस कानून को बदल देंगे और निर्वाचन आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ये हो सकता है इन सब चीजों में वक्त लगे, लेकिन हिंदुस्तान में सच की जीत होगी। हम सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर पीएम मोदी और अमित शाह को हराएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनके पास सरकार है, वे वोट चोरी में शामिल हैं।

हम सच के साथ हमेशा खड़े रहेंगे और पीएम मोदी, आरएसएस सरकार को सत्ता से हटा देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव के दौरान 10 हजार रु. दिए, लेकिन चुनाव आयोग ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। सत्य और असत्य की इस जंग में, चुनाव आयोग भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। ▸▸ पढ़ें पेज 07 भी

**रीवा के संजय गांधी अस्पताल में हड़कंप**

## गायनी ओटी में लगी भीषण आग सभी वार्डों को कराया गया खाली

*आग कैसे लगी, इसका कारण साफ नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रीवा

संजय गांधी अस्पताल के गायनी ऑपरेशन थिएटर में रविवार दोपहर लगभग 1:00 बजे भीषण आग लगने से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

आसपास के वार्डों को ऐहतियातन खाली कराया गया, ताकि किसी भी प्रकार की आपदा से निपटा जा सके। फिलहाल किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन आग का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जैसे ही आग की ▸▸ शेष पेज 4 पर



अस्पताल में धुआ उठता हुआ

**हरियाणवी रैपर न्योलीवाला के नए गाने पर विवाद**

## पं. धीरेंद्र की फोटो लगाकर पर्ची बाबा कहकर 'रैप सांग' बनाया

*भगवाधारी बाबाओं को पीटने की बात कही*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खजुराहो

हरियाणवी रैपर ढांडा न्योलीवाला (प्रवीण ढांडा) की नई एल्बम 'वोमिट ऑन पेपर' पर विवाद खड़ा हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया में बैठे रैपर ने इस गाने में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की फोटो का इस्तेमाल करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की है। गाने में भगवाधारी बाबाओं को पीटने की बात कही गई है, जिसके बोल हैं, बना बना पर्ची ये लावै अर्जी। भगवाधारी साधु-संतों पर किए गए आपत्तिजनक ▸▸ शेष पेज 4 पर





## आईएएस वर्मा के खिलाफ ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन



**सीएम हाउस घेरने पहुंचे, पुलिस ने रोका वाटर केनन भी चलाई**

*भोपाल। ब्राह्मण बेटियों को लेकर विवादित टिप्पणी करने वाले आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ ब्राह्मणों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वर्मा पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे ब्राह्मण समाज के लोग रविवार को दोपहर 12 बजे सीएम हाउस का घेराव करने पहुंचे। पुलिस ने बीच रास्ते में भीड़ को रोकने की कोशिश की,* ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

**पिकनिक पर लेकर जा रही थी बस**

**विदिशा में स्कूली बच्चे हादसे का शिकार**

## 48 बच्चों से भरी बस नदी में गिरी 20 से अधिक घायल, 5 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

जिले के नटेरन थाना अंतर्गत जोहद में बच्चों से भरी एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर पुल से नदी में जा गिरी। इस हादसे ने सभी को दहला दिया। बस में 48 बच्चे सवार थे।

गनीमत रही कि जहां बस गिरी वहां पानी नहीं था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल बस गिरने से 20 से अधिक बच्चे घायल है। इनमें से 5 की हालत गंभीर है। दरअसल, हादसा उस समय हुआ जब स्कूल से पिकनिक पर लेकर जा रही स्कूल बस पुल को पार कर रही थी। इसी दौरान बस पुल पार करते समय अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई। बस पुल से नदी के पत्थरों पर गिरी। हादसे के चलते 20 से अधिक बच्चे घायल हो गए। इनमें से कुछ गंभीर है। जैसे ही बस पुल से नीचे ▸▸ शेष पेज 4 पर



हादसे के बाद पुल के नीचे क्षतिग्रस्त बस

**मुख्य मंच ग्वालियर के सुप्रसिद्ध चतुर्भुज मंदिर की थीम पर**

**तानसेन समारोह का 101वां संस्करण आज से**

## 2024 के तानसेन सम्मान से शास्त्रीय गायक पं. राजा काले व 2025 के सम्मान से संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य को 'अलंकृत' किया जाएगा

मधुरिमा राजपाल ▸▸ ग्वालियर

संगीत की नगरी ग्वालियर, जहां की हवाओं में भी सुरों का माधुर्य घुला हुआ है। राग-ताल के प्रेमियों का वह शहर जहां संगीत, कला और संस्कृति के प्रति अनंत आस्था और समर्पण है। ग्वालियर शहर अपनी विरासत अर्थात विश्वविख्यात तानसेन समारोह के 101वें संस्करण के लिए तैयार है।

पूर्वरंग सभाओं ने पहले ही संगीत के रंगों से शहर को सजा दिया है, अब मुख्य समारोह आज 15 दिसंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। गान मनीषी तानसेन की समाधि स्थली पुनः राग- ताल की सुगंध से महकने वाली है। 19 दिसंबर ▸▸ शेष पेज 4 पर

- » *गान मनीषी की समाधि पर स्वरांजली अर्पित करेंगे देश-विदेश के सुप्रतिष्ठित संगीतज्ञ*
- » *प्रातःकाल में पारंपरिक चादरपोशी, शहनाई वादन, हरिकथा और मीलाद गायन होगा*
- » *सायंकाल में उद्घाटन और सम्मान समारोह के साथ संगीत सभाएं होंगी*



फाइल फोटो

### पद्म पुरस्कार एवं राष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत विभूतियों की संगीत सभाएं

समारोह में पद्म पुरस्कार प्राप्त कलाकारों के साथ ही प्रतिष्ठित कलाकारों को प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से पद्मविभूषण अमजद अली खान अपने पुत्रों अमान-अयान अली बंगस के साथ आएंगे। सुविख्यात गायिका पद्मश्री सुमित्रा गुहा, सितार वादक पद्मश्री शिवनाथ - देवब्रत मिश्र, संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड प्राप्त सुश्री कलापिनी कोमकली, मध्यप्रदेश शासन का कुमार गंधर्व सम्मान 2008 से अलंकृत संजीव अभ्यंकर एवं ▸▸ शेष पेज 4 पर

कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों समेत आला अफसर रहे मौजूद

# इंदौर मेट्रोपोलिटन से भविष्य की योजना होगी साकार, मुख्यमंत्री इंदौर में बोले-पांच साल के अंदर विकास परक बजट किया जाएगा डबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर का अपना एक रोल है। इंदौर में मेट्रोपोलिटन का नक्शा बनाया गया है, जो भविष्य की योजना को साकार करेगा। आज जो मेट्रोपॉलिटन का नक्शा बना है, वह 14 हजार किमी है। इंदौर से लेकर रतलाम और रतलाम से लेकर शाजापुर तक सराउंडिंग क्षेत्र में यह मेट्रोपोलिटन का नक्शा इंदौर-भोपाल के साथ क्लीन सिटी के रूप में जुड़ाव करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य की दृष्टि से महानगर की श्रेणी में इंदौर का जो क्षेत्र बनेगा उसी आधार पर भविष्य की इमारतें खड़ी होंगी और निर्माण का अगला पड़ाव तय होगा। मुख्यमंत्री रविवार को इंदौर में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्पमित्र भार्गव, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त संतोष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा उपस्थित रहे।

***भविष्य की दृष्टि से महानगर की श्रेणी में इंदौर का जो क्षेत्र बनेगा उसी आधार पर भविष्य की इमारतें खड़ी होंगी और अगला पड़ाव तय होगा***


उद्बोधन देते सीएम।

### मेट्रो ट्रेन को भूमिगत भी चलाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रो ट्रेन को भूमिगत भी चलाया जाएगा। इस कार्य में जो राशि लगेगी सरकार देगी। शहर की खूबसूरती को ख़त्म नहीं होने देंगे। एलिवेटेड रोड भी बनेगा, एलिवेटेड रोड से जनता को जहां सुविधा होगी वहां उन्हें रास्ते भी देंगे। उन्होंने कहा कि पांच साल के अंदर विकास परक बजट डबल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी नए अवसर तलाशने और बेहतर तकनीक से जुड़ने की आवश्यकता है। ड्रोन टेक्नोलॉजी से लेकर सेमी कंडक्टर तक, आईटी से लेकर हेल्थ तक, इंफ्रास्ट्रक्चर से वेलनेस और टूरिज्म तक, हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की तैयारियां जारी है। मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने में शासन पीछे नहीं रहेगा।

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की मुलाकात

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की जयंती पर ग्वालियर आने का दिया आमंत्रण


केन्द्रीय मंत्री शाह एवं सीएम डॉ यादव चर्चा करते हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर ग्वालियर में आयोजित कल्याणकारी कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने आमंत्रण स्वीकार किया और आगामी 25 दिसंबर को ग्वालियर आने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी मध्यप्रदेश का गौरव थे, उनके द्वारा किए गए कार्यों और अद्वितीय योगदान को कोई भूला नहीं सकता। वे सदा अमर रहेंगे। स्व. वाजपेयी की 101वीं जयंती पर ग्वालियर में उनकी याद में राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने श्रीअन्न फूड फेस्टिवल एवं जैविक महोत्सव का अवलोकन कर सराहा



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर में श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल का अवलोकन कर जैविक महोत्सव को सराहा। यहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये किसानों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर किसानों से जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण हाट बाजार में आयोजित जैविक महोत्सव में अंतर्गत स्थापित गाय की प्रतिमा के साथ फ़ोटो भी खिंचवाए। इस दौरान नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्पमित्र भार्गव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी मौजूद थे ।

### मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर दी बधाई



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार के मंत्री नितिन नबीन को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नबीन की अटूट निष्ठा, समर्पण, कार्यकुशलता और व्यापक अनुभव से निश्चित ही संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नबीन ने भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव और बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के रूप में संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है। निश्चित ही उनके जनता के बीच लम्बे समय से कार्य करने का अनुभव संगठन को मिलेगा।

## मुख्यमंत्री ने इंदौर में नवीन एमवाय अस्पताल भवन के निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

# एमवाय में 773.07 करोड़ रुपए से निर्मित होगा 1450 बिस्तरीय नया अस्पताल भवन


सीएम डॉ यादव का उद्बोधन एवं मौजूद आम जनता।

मप्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रही है लगातार वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश और प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में पिछले 11 वर्षों से लगातार वृद्धि हो रही है। मप्र में नए-नए मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज कॉलेज खोले जा रहे हैं। प्रदेश सरकार नागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए दिन-रात प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी सुधार आया है। मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को नए अस्पताल भवन के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में 773.07 करोड रुपए लागत से निर्मित होने वाले 1450 बिस्तरीय अस्पताल के नवीन भवन निर्माण कार्य के भूमि पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी मौजूद थे।

### एमवाय अस्पताल की भी मध्यप्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि जिस तरह इंदौर शहर हमारे प्रदेश का गौरव है, उसी तरह इंदौर के एमवाय अस्पताल की भी मप्र में अपनी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि इंदौर में 1450 बिस्तरीय अस्पताल बन जाने से न केवल मप्र, बल्कि हमारे पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती जिलों के मरीजों को भी यहां बेहतर स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध होगी। इंदौर के एमवाय अस्पताल में बोनमेरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।


विकास कार्यों का भूमिपूजन करते सीएम।

### नए अस्पताल भवन में मेडिसिन वार्ड में कुल 330 बिस्तर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग को मिलाकर इस विभाग को और सशक्त बनाया गया है। मप्र भवन विकास निगम की ओर से निर्मित किए जाने वाले नए अस्पताल भवन में मेडिसिन वार्ड में कुल 330 बिस्तर, सर्जरी विभाग में 330 बिस्तर, ऑर्थोपेडिक्स विभाग में 180 बिस्तर, शिशु रोग सर्जरी विभाग में 60, शिशु रोग वार्ड में 100, न्यूरो सर्जरी में 60, नाक कान गला विभाग में कुल 30, दंत रोग विभाग में 20, त्वचा रोग विभाग में कुल 20, मातृ एवं शिशु वार्ड में 100, नेत्र वार्ड में 80 तथा इमरजेंसी मेडिसिन वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए 180 बिस्तरीय सुविधा उपलब्ध रहेगी। नए अस्पताल भवन में कुल 1450 बिस्तरीय वार्डों के निर्माण पर कुल 528 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इसके अलावा 550 बिस्तरीय नर्सिंग हॉस्टल के निर्माण पर 21.37 करोड़ रुपए, 250 सीटर मिनी ऑडिटोरियम के निर्माण पर 1.60 करोड रुपए व्यय किए जाएंगे।

इसके अलावा सार्वजनिक पार्किंग के निर्माण पर 31.50 करोड़ रुपए, विद्युतीकरण, बाउंड्रीवॉल एवं सोलर पैनल स्थापना पर 25.53 करोड रुपए तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लंबिंग एवं वाटर सप्लाई संबंधी कार्यों कार्य पर लगभग 10 करोड़ रुपए लागत आएगी। इसे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने किया। स्वागत विधायक गोलू शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, इंदौर के महापौर पुष्पमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक मालिनी गौड़, विधायक महेंद्र हार्डिया, विधायक मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी मौजूद थे।

### 19 दिसंबर को होगी आईपीएस की डीपीसी

## डीजीपी से लेकर डीआईजी तक अधिकारियों का होगा प्रमोशन

मप्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रही है लगातार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में आईपीएस अफसर की पदोन्नति प्रक्रिया के लिए विभाग की पदोन्नति समिति डीपीसी की बैठक 19 दिसंबर को होगी। इसमें डीजी, एडीजी, आईजी, डीआईजी रैंक के महत्वपूर्ण प्रमोशन प्रस्ताव पर चर्चा करके निर्णय लिया जाएगा। डीजे पद के लिए 1994 और 1995 बैच के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजी रैंक के अधिकारियों की डीपीसी होगी।

डीथी के पदों पर रिटायरमेंट के साथ ही इन अफसरों को क्रमवार प्रमोशन दिया जाएगा। वही एडीजी पद के लिए 2001 बैच के एक आईजी और 2008 बैच के दो डीआईजी अफसर के नाम पर विचार किया जाएगा। यह सभी 1 जनवरी को प्रमोट होंगे साथ ही 2010 से 2012 तक की आईपीएस की डीआईजी पद के लिए डीपीसी भी होगी। प्रमोशन प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए पुलिस मुख्यालय ने तैयारी कर ली है। डीपीसी के बाद प्रदेश में शीर्ष पुलिस स्तर पर बड़े बदलाव देखने के लिए मिल सकते हैं।

### एडीजी, आईजी, डीआईजी के लिए इन नाम पर विचार

आईजी से एडीजी के लिए साल 2001 के आईजी जबलपुर प्रमोद वर्मा, डीआईजी के लिए शेयास ए और ललित शाक्यवार पर चर्चा होगी। वहीं एसपी से डीआईजी के लिए साल 2010 बैच के राकेश सगर, आर एस बेलबंशी, किरण लता केरकेट्टा, मनोज राय 2011 बैच के रियाज इकबाल, राहुल लोढ़ा, शिमाला प्रसाद, असित यादव जबकि 2012 के विवेक सिंह, कुमार प्रतीक, शिवदयाल, मयंक अवस्थी, शैलेंद्र सिंह चौहान, आलोक कुमार सिंह रघुवंश सिंह विकास पाठक के नाम पर विचार किया जाएगा।

### डीजी के लिए इनकी डीपीसी

साल 1994 बैच के एडीजी आशुतोष राय, राजा बाबू, डीपी गुप्ता के नाम पर चर्चा होगी। इसी बैच की अनंत कुमार सिंह मनमीत नारंग प्रतिनियुक्ति पर है। वहीं 1995 बैच के ए साई मनोहर, चंचल शेखर, जयदीप प्रसाद, योगेश देशमुख और केवी वेंकटेश्वर राव के नाम पर चर्चा होगी। इस बैच की मीनाक्षी शर्मा प्रतिनियुक्ति पर है।

### एक्शन मोड में पीसीसीएफ हाफ

## 54 बाघों की मौत पर फटकार अफसरों को किया तलब


फाइल फोटो

वन प्रबंधन के समय जल प्रबंधन पर नहीं दिया जा रहा विशेष ध्यान नदियों का प्रबंधन सही ढंग से करें नहीं तो मौसमी हो जाएंगे-अंबाडे

सभी टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर, उपसंचालक, वन संरक्षक डीएफओ को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में वन विभाग के पीसीसीएफ हाफ इन दिनों एक्श मोड पर नजर आ रहे हैं। पिछले दिनों 54 बाघों की मौत के मामले में अफसरों को फटकार लगाई थी। अब नदियों के संरक्षण पर जवाब तलब किया है। बैठक के दौरान पीएसीसीएफ ने कहा कि वन प्रबंधन के समय जल प्रबंधन पर नहीं दिया जा रहा विशेष ध्यान नदियों का प्रबंधन सही ढंग से करें। वन क्षेत्र का प्रबंधन बिना जल स्त्रोतों के प्रबंधन के अधूरा है। वन एवं जल प्रबंधन एक साथ समांतर रूप से होना चाहिये, किन्तु वन प्रबंधन एवं पौधरोपण के समय जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विभाग के मुखिया का मानना है कि बेहतर जल प्रबंधन से मानव-वन्यजीव द्वंद्व की घटनाएं पर अंकुश लगेगा। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे ने सभी टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर, उपसंचालक, वन संरक्षक डीएफओ के साथ ही कार्य आयोजन, सामाजिक वानिकी, क्षेत्रीय प्रबंधक वन विकास निगम को पत्र लिखा है।

### नदियां मौसमी होने की कगार पर

अपने पत्र में अंबाडे ने फारेस्ट अफसरों को अवगत कराया है कि मप्र के लगभग समस्त नदियों का उद्गम स्थल वन क्षेत्र ही है और वन क्षेत्र में प्रबंधन के साथ-साथ हमें वन क्षेत्र में आने वाले समस्त जल स्त्रोतों (छोटे-बड़े नाले, तालाब, नहर, स्टॉप डेम, आदि) का प्रबंधन अनिवार्य रूप से करना चाहिये। अपने पत्र में जल प्रबंधन पर चिंता जताते हुए लिखा है कि अपने अगर जल स्त्रोतों का प्रबंधन उचित ढंग से नहीं करेंगे तो नदियों में जल का प्रवाह निरंतर नहीं रहेगा एवं जो नदियां बारामासी है वो मौसमी हो जायेंगी। वैसे भी कुछ नदियां मौसमी होने की कगार पर हैं।

### भोपाल विभाग की ओर से कवर्ड कैंपस कार्य के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल आरएसएस के की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

# नियमित संपर्क, सामाजिक समरसता और सेवा गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रभाव को किया जा सकता है बेहद मजबूत: सह सरकार्यवाह मुकुंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भोपाल विभाग की ओर से रविवार को कवर्ड कैंपस कार्य के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनआईटीटीटीआर में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य कवर्ड कैंपस में संघ कार्य को और अधिक सशक्त बनाना तथा कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता के साथ समाज परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंद मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने जनशक्ति एवं मातृशक्ति से आत्मीय संवाद किया। कार्यक्रम में मध्यभारत प्रांत के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी जी, भोपाल विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर सहित विभाग के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और कवर्ड कैंपस में सक्रिय स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

### राष्ट्रभाव को मजबूत किया जा रहा है

संवाद के दौरान उपस्थित जनशक्ति ने अपने-अपने कवर्ड कैंपस में चल रहे संघ कार्य, उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में अनुभव साझा किए। स्वयंसेवकों ने बताया कि किस प्रकार नियमित संपर्क, सामाजिक समरसता और सेवा गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रभाव को मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर मुकुंद ने कहा कि आदर्श कवर्ड कैंपस निर्माण के लिए आवश्यक है कि रहवासी स्वयं चिंतन करें, टोली बनाकर सामूहिक रूप से कार्य की योजना तैयार करें और उसे निरंतरता के साथ स्थापित करें।

### व्यक्ति के निर्माण से ही संभव है समाज का परिवर्तन:

सह सरकार्यवाह मुकुंद ने कहा कि संघ कार्य की दृष्टि से कवर्ड कैंपस अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहाँ कार्य करने वाले लोग स्वभाव से ही राष्ट्रीय विचारधारा से प्रेरित होते हैं और अपने आचरण तथा संपर्क के माध्यम से व्यक्ति और समाज में राष्ट्रभाव जागृत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यक्ति निर्माण से ही समाज परिवर्तन संभव है और यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल उद्देश्य है। उन्होंने ने कहा कि संघ ने अपने 100 वर्षों के कार्यकाल में इसी ध्येय मंत्र को केंद्र में रखकर कार्य किया है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज समाज में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज पर केवल सैन्य आक्रमण ही नहीं हुए, बल्कि समय-समय पर आर्थिक और वैचारिक आक्रमण भी होते रहे हैं। ऐसे में समाज को सजग, संगठित और आत्मनिर्भर बनाना आज की आवश्यकता है।

## डॉ. रश्मि की एमआरआई रिपोर्ट में 'ग्लोबल हाइपोक्सिया ब्रेन' की पुष्टि

# एम्स की डॉ. रश्मि वर्मा को प्रताड़ित करने वाले एचओडी डॉ. मोहम्मद यूनुस को हटाया

◆ एम्स प्रबंधन और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की बैठक में निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


डॉ. मोहम्मद यूनुस


डॉ. रश्मि वर्मा

एनेस्थीसिया का हाई डोज इंजेक्शन लगाकर खुदकुशी की कोशिश करने वाली एम्स भोपाल की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रश्मि वर्मा के मामले में रविवार को एम्स प्रबंधन और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की आपात बैठक हुई।

बैठक में डॉ. रश्मि को प्रताड़ित करने वाले ट्रॉमा एंड इमरजेंसी विभाग के एचओडी डॉ. मोहम्मद यूनुस को तत्काल प्रभाव से विभागाध्यक्ष पद से हटा दिया जाए। आदेश के मुताबिक जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक उन्हें एनेस्थीसिया विभाग से अटैच किया गया है।

बैठक में यह भी तय किया गया कि डॉ. रश्मि के आत्महत्या प्रयास के पूरे मामले की जांच के लिए एक हाई लेवल कमेटी गठित की जाएगी। यह कमेटी गोपनीय तरीके से जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट सीधे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को सौंपेगी।

### डॉ. रश्मि ने खुद इंजेक्ट किया था एनेस्थीसिया का हाई डोज

*डॉ. रश्मि ने एनेस्थीसिया की दवा का हाई डोज खुद को इंजेक्ट किया था। वह अस्पताल से केनुला (आईवी लाइन) लगवाकर घर गई थी, जिससे दवा सीधे नस में पहुंची और कुछ ही मिनटों में पूरे शरीर में फैल गई। जब तक उनके पति उन्हें एम्स लेकर पहुंचे, तब तक उनका दिल धड़कना बंद कर चुका था।*

#### डॉ. श्रुति ने भी की थी शिकायत

एम्स के ट्रॉमा एंड इमरजेंसी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्रुति ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर डॉ. मोहम्मद यूनुस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसकी रिपोर्ट अब तक लंबित है। नई कमेटी इस पुराने मामले को भी देखेगी।

### ग्लोबल हाइपोक्सिया ब्रेन की स्थिति

डॉ. रश्मि वर्मा की एमआरआई रिपोर्ट रविवार को सामने आई, जिसने उनके परिवार, सहकर्मियों और पूरे संस्थान को झकझोर कर रख दिया। डॉक्टरों के अनुसार वे 'ग्लोबल हाइपोक्सिया ब्रेन' की स्थिति में पहुंच चुकी हैं। इसका मतलब है कि उनके पूरे मस्तिष्क को लंबे समय तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल सकी। ऐसे मामलों में शुरूआती 72 घंटे बेहद अहम होते हैं। रविवार को जब 72 घंटे पूरे होने के बाद एमआरआई कराई गई, तब भी रिपोर्ट निराशाजनक रही। इससे डॉ. रश्मि के परिजन और उनके साथ काम करने वाले डॉक्टर अंदर से टूट गए। फिलहाल वे वेंटिलेटर सपोर्ट पर है।

#### एम्स के टॉक्सिक वर्क कल्चर पर उठे सवाल

*डॉ. रश्मि के आत्महत्या प्रयास के पीछे सिर्फ व्यक्तिगत कारण नहीं बल्कि ट्रॉमा एंड इमरजेंसी विभाग का कथित टॉक्सिक माहौल भी जिम्मेदार माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि एम्स के ट्रॉमा एंड इमरजेंसी विभाग में वर्क प्लेस स्ट्रेस, गुटबाजी या प्रशासनिक दबाव जैसी स्थितियां थी।*

## खबर संक्षेप

### अनकलेक्टेबल मतदाताओं का सत्यापन आज से

**भोपाल।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत सोमवार से मंगलवार तक 2 लाख 7 हजार 378 मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। यह वह मतदाता हैं जिनके पत्रक अनकलेक्टेबल श्रेणी में रखे गए हैं, जिनकी सघन जांच के लिए 554 मतदान केंद्रों में 500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी घर-घर जाएंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वायन आयोग के निर्देश 27 अक्टूबर के पालन में जारी एसआइआर के गणना-चरण के दौरान अनकलेक्टेबल श्रेणी में रखे गए गणना पत्रकों की सघन जांच की जानी है। इसके लिए 15 और 16 दिसंबर को विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत छह विधानसभा क्षेत्र के 554 मतदान केंद्रों का चयन किया गया है। इन केंद्रों पर बीएलओ द्वारा 2 लाख 7 हजार 378 एएसडीआर मतदाता चिह्नित किए गए हैं। अनकलेक्टबल पत्रकों को एएसडीआर श्रेणी में रखा गया है।

### जनवरी से हर माह 600 रुपए लगेगा अधिभार

**भोपाल।** जनवरी-2026 से शहर के बकायादारों पर बोझ बढ़ जाएगा। नगर निगम 20 हजार रुपए से ज्यादा बकाया राशि पर 3 प्रतिशत की दर से अधिभार वसूलेगा। यानि उक्त राशि पर हर माह 600 रुपए बढ़ जाएंगे। यही नहीं, मार्च तक अधिभार बढ़कर 5 प्रतिशत हो जाएगा। 13 दिसंबर में को लगी नेशनल लोक अदालत में निगम द्वारा उपभोक्ताओं को अधिभार में विशेष छूट दी थी। यह केवल एक ही दिन के लिए थी। अब जनवरी-26 से बढ़े हुए अधिभार की राशि के साथ उपभोक्ताओं को नोटिस मिलना शुरू हो जाएंगे। नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर व जल उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में दी जा रही छूट का बड़ी संख्या में शहर के करदाताओं ने लाभ उठाया। निगम के वार्ड कार्यालयों में आयोजित शिविरों के माध्यम से 17 हजार 700 से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराया और 18 करोड़ 80 लाख रूपए से अधिक की राशि जमा कराई।जोन-13 में सबसे अधिक राजस्व मिला

नेशनल लोक अदालत में जोन-13 को सबसे अधिक राजस्व मिला। यहां 1 करोड़ 83 लाख रुपए से ज्यादा राशि उपभोक्ताओं ने जमा कराई।

## 12 बजे प्रदर्शनकारी रोशनपुरा चौराहे पर हुए इकट्ठा

# सीएम हाउस का घेराव करने जा रहे ब्राह्मण समाज को पुलिस ने रोका, हुई धक्कामुक्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को भोपाल में ब्राह्मण समाज ने आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। रविवार सुबह करीब 12 बजे प्रदर्शनकारी रोशनपुरा चौराहे पर इकट्ठा हुए। जहां से सीएम हाउस की ओर बढ़े। दोपहर करीब एक बजे बाणगंगा चौराहे तक पहुंचे। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो धक्का मुक्की शुरू हो गई। बाणगंगा चौराहे पर 4 लेयर की बैरिकेडिंग की गई थी। इसके बावजूद आगे बढ़ने लगे। इस दौरान पुलिस ने तीन बार चेतावनी दी, फिर स्थिति संभालने वाटर कैनन चलानी पड़ी।

**बाणगंगा चौराहे पर 4 लेयर की बैरिकेडिंग की गई थी**

**वर्मा की तत्काल गिरफ्तारी और सेवा से बर्खास्तगी की मांग की**


बाणगंगा चौराहे पर ब्राह्मण समाज के प्रदर्शनकारियों को रोकती पुलिस।

### प्रस्ताव अधूराः बर्खास्तगी या प्रमोशन रद्द स्पष्ट होना चाहिए


प्रदर्शनकारियों को गाड़ी में लेकर जाती पुलिस।

*राज्य सरकार ने केंद्र को बर्खास्तगी का प्रस्ताव भेजा है, लेकिन ब्राह्मण समाज के लोगों का कहना है कि कार्रवाई की प्रकृति (बर्खास्तगी या प्रमोशन रद्द) स्पष्ट न होने के कारण प्रस्ताव अधूरा है। सरकार को प्रस्ताव में यह साफ करना चाहिए कि वह वर्मा को बर्खास्त करना चाहती है या केवल उनका प्रमोशन रद्द करना चाहती है। उल्लेखनीय है कि भोपाल सहित प्रदेश के अन्य जिलों में संतोष वर्मा के खिलाफ अनेक संगठनों विरोध जता चुके हैं। संगठनों की मांग है कि उन पर एफआईआर दर्ज हो साथ ही उनका निलंबन भी होना चाहिए।*


घायल बुजुर्ग को लेकर जाते आंदोलनकारी।

### अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया

*पुलिस द्वारा रोके जाने पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारी पुलिस की घेराबंदी तोड़ते हुए बाणगंगा चौराहे तक पहुंच गए। जब प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग के बावजूद आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे, तो स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। इस दौरान कई बुजुर्ग और महिलाएं घायल हो गईं, जिन्हें मौके पर ही मेडिकल टीम द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।*

*आखिरकार, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गाड़ियों में भरकर रातीबड़ ले जाकर तितर-बितर किया।*

## मनुआभान टेकरी वाटर फिल्टर प्लांट की क्षमता 10 एमएलडी बढ़ेगी

# बांदीखेड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों में वाटर सप्लाई नेटवर्क होगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के मनुआभान टेकरी पर पांच साल पहले बने 50 एमएलडी क्षमता के वाटर फिल्टर प्लांट की क्षमता जल्द ही बढ़कर 60 एमएलडी हो जाएगी। नगर निगम प्लांट की 10 एमएलडी क्षमता बढ़ाएगा। अमृत 2.0 प्रोजेक्ट के तहत होने वाले इस काम से बांदीखेड़ी में दो एमएलडी पानी की सप्लाई की जाएगी। इसके अलावा आसपास के क्षेत्रों में भी वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क मजबूत होगा।

प्लांट से 23 टंकियों द्वारा 4 लाख से ज्यादा आबादी को पानी सप्लाई होता है। इसमें लांबाखेड़ा, नयापुरा, विश्वकर्मा नगर, छोला व आसपास के क्षेत्र शामिल है। शहर से ग्राम बांदाखेड़ी की दूरी 35 किमी है। योजना के अनुसार मनुआभान टेकरी फिल्टर प्लांट से आने वाली पाइपलाइन से संजीव नगर पर इंटर कनेक्शन कर बांदाखेड़ी तक पाइप लाइन बिछाने का काम जल्द शुरू होगा।

#### निगम की परिषद बैठक में हो चुका है हंगामा

*मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 14 जुलाई 2024 को नगर निगम को पत्र लिखा था। जिसमें एमपीएसईडीसी ने बैरसिया के ग्राम बांदीखेड़ी प्रोजेक्ट के लिए एक एमएलडी पानी मांगा था। निगम ने इस पत्र के आधार पर 25 जुलाई को मंजूरी दे दी थी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय ने नगरीय प्रशासन के एसीएस को 11 जुलाई को पत्र लिखकर दो एमएलडी पानी की जरूरत बताई। इस पत्र के आधार पर विभाग ने 7 अगस्त को नगर निगम कमिश्नर के पास अभिमत के लिए परिषद का निर्णय उपलब्ध कराने के लिए कहा। पिछली परिषद की बैठक में हंगामे बीच इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली।*

#### इसलिए क्षमता बढ़ाने की पड़ी जरूरत

*बैरसिया के नए इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर और आसपास के क्षेत्रों में विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों को देखते हुए इस योजना को मंजूरी दी गई है। यहां बनने वाले कारखानों को भोपाल से रोजाना 2 एमएलडी की सप्लाई होगी। संजीव नगर से इंटर कनेक्शन देकर बांदीखेड़ी तक पाइप लाइन बिछाई जाएगी।*

## 14 से 19 दिसंबर तक विशेष उड़ानों का संचालन

# एयर इंडिया फ्लाइट शुरू, भोपाल से 138 यात्री हुए बेंगलुरु रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संत नगर

एयर इंडिया की रविवार से अस्थाई बेंगलुरु उड़ान शुरू हुई। राजा भोज विमानतल पर एयर इंडिया की उड़ान संख्या AI-3391 दोपहर 2:27 बजे राजाभोज विमानतल, पर पहुंची, जिसमें 38 यात्री सवार थे। इसके पश्चात वापसी की यह उड़ान संख्या AI-3392 ने 3:05 बजे भोपाल रवाना हुई, जिसमें 138 यात्रियों ने यात्रा की।

मालूम हो कि यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए एयर इंडिया से 14 से 19 दिसम्बर तक विशेष उड़ानों का संचालन किया जा रहा है। इन अतिरिक्त उड़ानों से भोपाल और प्रमुख शहरों के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा तथा यात्रियों को यात्रा के अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे।


रवाना होने के लिए तैयार उड़ान।

## बस स्टॉप पर यात्रियों को हरियाली के साथ मिलेगी सौंदर्यता

# पीएम ई-बस सेवा के रूट पर होंगे ग्रीन कॉन्सेप्ट के बस स्टॉप, फूल-पत्तियों के बीच लगेंगी लाइटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के शुभारंभ से पहले अब शहर में ग्रीन कांसेप्ट पर आधारित नए बस स्टॉप विकसित किए जा रहे हैं। शहर में मार्च-अप्रैल में शुरू होने वाली ई-बसों के लिए अब स्टॉप भी नए डिजाइन में बनेंगे। इन्हें ग्रीन कांसेप्ट पर तैयार किया जाएगा। हरे फूल-पत्तियों के साथ इनके आसपास सजावट के बीच ही लाइटिंग की जाएगी।

बीसीएलएल और नगर निगम ने इस तरह के दो बस स्टॉप प्रयोग के तौर पर तैयार भी किए हैं। नए बस स्टॉप के लिए जगह चिन्हित की जा रही हैं। जरूरत के अनुसार पुराने बस स्टॉप को छोटे आकार में बनाने की योजना भी है। नगर निगम परिषद के सदस्य मनोज राठौर ने बताया कि ई-बसों के संचालन के पूर्व डिपो, रूट व ग्रीन कान्सेप्ट पर बस स्टॉप बनकर तैयार हो जाएंगे।

**पुराने 100 बस स्टॉपों को भी संवारने का काम शुरू, प्रयोग के तौर पर जीपीओ और टीन शेड पर बनाया है बस स्टॉप**



शहर में इस तरह के ग्रीन कॉन्सेप्ट के बस स्टॉप बनाए जाएंगे।

#### ई-बस रूट पर चिन्हित की जा रही हैं नई जगह

अधिकारियों के अनुसार ई-बस सेवा के प्रस्तावित रूटों पर नए बस स्टॉप के लिए स्थान चिन्हित किए जा रहे हैं। यात्रियों की संख्या, ट्रैफिक दबाव और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बस स्टॉपों का निर्माण किया जाएगा। इससे ई-बस संचालन सुचारु होगा और यात्रियों को समयबद्ध सेवा मिल सकेगी।

**शहर की सुंदरता, पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा**

ग्रीन कांसेप्ट पर आधारित इन बस स्टॉपों से न केवल शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। हरियाली से सुसज्जित बस स्टॉप शहरी गर्मी को कम करने, वायु गुणवत्ता सुधारने और राजधानी की सुंदरता बढ़ाने में भी सहायक साबित होंगे। बीसीएलएल ने 2017 में 100 से ज्यादा बस स्टॉप बनवाए थे। बसों की लगातार घटती संख्या के कारण अधिकांश बस स्टॉप बदहाल हो गए।

#### आकार में छोटे और सुंदर दिखेंगे बस स्टॉप

*पुराने बस स्टॉप बड़े बनाए गए थे, लेकिन ग्रीन कान्सेप्ट के तहत बनने वाले बस स्टॉप छोटे आकार के होंगे, लेकिन बैठने के लिए एक बड़ी लोहे की कुर्सी लगाई जाएगी। दरअसल ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि अधिकांश जगह से कुर्सियां चोरी होने की घटनाएं हो चुकी हैं। इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि नए बस स्टॉप इस तरह तैयार किए जाएं कि असामाजिक तत्वों से बचे रहें।*

## नगर निगम और ग्रामीण इलाकों की सीमा के बीच से गुजरे बायपास रोड पर जगह-जगह फेंका जा रहा है कचरा

### कई जगह मरे मवेशी भी फेंके गए, सीएंडडी वेस्ट का भी लगा ढेर

# लहारपुर नगर वन की सरहद पर ही कचरा हो रहा डंप, लगाई जा रही आग, कई पेड़ झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सुंदर वन क्षेत्रों में शुमार लहारपुर नगर वन के बायपास से लगने वाली सरहद किनारे ही बीते कई माह से कचरा डंप करने का सिलसिला चल रहा है। नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्र की सरहद के बीचोंबीच से गुजर रहे पटेल नगर-मिसरोद बायपास के दोनों तरफ जगह-जगह कचरे के ढेर लग रहे हैं। यही नहीं, कचरे में आग लगाने से कई पेड़ तक झुलस गए हैं।

हरिभूमि की टीम रविवार को मौके पर पहुंची तो कई जगह मरे हुए मवेशी, जगह-जगह कचरे के ढेर और कई झुलसे हुए पेड़ भी मिले। पंद्रह दिन पहले इस मामले की शिकायत खुद नगर निगम के स्वच्छता एंबेसडर ने निगम प्रशासन को भी की है। नगर निगम के वार्ड नंबर-85 और जोन-19 में वन विभाग द्वारा लहारपुर इकॉलोजिकल पार्क करीब 15 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किया गया है। जबकि रोड के दूसरी तरफ ग्राम पंचायतें हैं। यहां से बायपास रोड गुजर रहा है।


आग से झुलसे पेड़ और कचरे के ढेर।

#### प्रत्यक्षदर्शियों का कहना... बायपास पर पेट्रोलिंग की जाए

*झागरिया निवासी दिनेश सिंह ने बताया कि रोड के दोनों ओर अक्सर छोटे-बड़े चार पहिया वाहन आते हैं और कचरा फेंककर चले जाते हैं। कई लोग तो कचरे में आग तक लगा जाते हैं। इससे हरियाली को तो नुकसान हो रही रहा है, साथ ही वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। बायपास रोड पर कई बार इतनी दुर्गंध फैलती है कि गुजरना तक मुश्किल होता है। निगम के स्वास्थ्य अमले को रोड पर पेट्रोलिंग करना चाहिए।*

#### कई ग्राम पंचायतों का कचरा फेंका जा रहा

*लहारपुर नगर वन के सामने रोड के दूसरी तरफ ग्राम अमझरा, बांसिया, चौरसागोनी आदि ग्रामीण इलाके हैं। इन ग्रामों व उनके आसपास बड़ी संख्या में कंस्ट्रक्शन के काम भी चल रहे हैं। यहां से निकलने वाला सीएंडडी वेस्ट और ग्राम पंचायतों का कचरा भी बायपास पर फेंका जा रहा है।*

#### पेट्रोलिंग करेंगे, सख्त कार्रवाई की जाएगीः यादव

*नगर निगम जोन-19 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रमाकांत यादव का कहना है कि लहारपुर नगर वन के पास बायपास रोड पर पेट्रोलिंग करेंगे। जो भी लोग यहां गंदगी फैलाने का काम कर रहे हैं उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## जेकेट का शेष....

### बिहार के मंत्री ....

बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नितिन नबीन सिर्फ पदों तक सीमित रहने वाले नेता नहीं हैं, बल्कि वे सीधे जनता के बीच जाकर काम करने में विश्वास रखते हैं। यही वजह है कि संगठन और आम लोगों दोनों के बीच उनकी स्वीकार्यता बनी है। उन्होंने कहा कि पार्टी को ऐसे ही नेताओं की जरूरत है, जो संगठन और जनता के बीच सेतु का काम करें। पीएम मोदी ने भरोसा जताया कि नितिन नबीन की ऊर्जा, मेहनत और प्रतिबद्धता आने वाले समय में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाएगी।. उन्होंने कहा कि युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाना पार्टी की प्राथमिकता है और नितिन नबीन इस सोच के अनुरूप हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी संकेत दिया कि संगठनात्मक जिम्मेदारी निभाने में उनका अनुभव पार्टी के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष नड्डा और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के विश्वास का प्रतीक है।

### उधर, यूपी भाजपा...

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी इनकी मजबूत पैठ है। पंकज को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के पीछे उनकी राजनीतिक कुशलता के साथ ही जातीय आधार भी माना जा रहा है। पंकज कुर्मी बिरादरी से आते हैं, जो ओबीसी में यादव के बाद दूसरी सबसे बड़ी बिरादरी है। पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के पीडीए दांव के कारण बड़ी संख्या में ओबीसी मतदाता खासकर पूर्वांचल में भाजपा से दूर चले गए थे। पंकज के चेहरे के सहारे उन्हें वापस लाने की भी कवायद है। प्रदेश भाजपा के 17वें अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वाले चौधरी कुर्मी बिरादरी से चौथे अध्यक्ष होंगे। इनसे पहले विनय कटियार, ओम प्रकाश सिंह और स्वतंत्रदेव सिंह भी इसी बिरादरी से अध्यक्ष रह चुके हैं।

### वोटर लिस्ट के ...

में सही तरीके से दर्ज हो। उन्होंने जमीनी स्तर पर सत्यापन प्रक्रिया को मजबूत करने और किसी भी तरह की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, तेलंगाना प्रभारी एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश सहप्रभारी चंदन यादव तथा उषा नायडू मौजूद रहीं।

### 50 किलोग्राम जिलेटिन...

ब्लॉस्ट से जनहानि और अन्य कोई नुकसान होने से रोकने के लिए जिलेटिन रॉड को प्रायः रेत के बोरों में भरकर रखा जाता है।

## पेज एक का शेष....

### रीवा में दृश्यता...

नवंबर से 15 दिसंबर के बीच बारिश हुई। इसके बाद से अब तक एक बार भी मावठा नहीं गिरा। दिसंबर में यहां सबसे अधिक बारिश वर्ष 1997 में 137.2 मिमी हुई थी। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ लगातार आ रहे हैं। लेकिन यह कमजोर रहे हैं। इनका असर केवल कड़ाके की सर्दी तक ही रहा है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 7 नवंबर के बाद पहाड़ों पर बर्फबारी भी नहीं हुई है। अब 22 दिसंबर के बाद पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड और कुछ जगह बारिश का दौर भी शुरू हो सकता है। भोपाल में मावठा दिसंबर के अंतिम सप्ताह में गिरने की उम्मीद है।

### 4 जिलों में ....

(शाजापुर) 6.1, इंदौर 6.4 और मंदसौर में रात का पारा 6.7 डिग्री दर्ज हुआ है। भोपाल में रात के समय तेज सर्दी अभी बनी रहेगी।

### सिडनी में हनुक्का ...

हैं। शाम करीब 6:45 से 7 बजे के बीच (स्थानीय समय) कैम्पबेल परेड के पास, बॉन्डी पवेलियन और नॉर्थ बॉन्डी पार्क के नजदीक दो बंदूकधारियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। काले कपड़े पहने दो हमलावर एक वाहन से उतरे और भीड़ पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। गवाहों ने 30 से 50 तक गोलियों की आवाजें सुनीं। उत्सव में करीब 1,000-2,000 लोग मौजूद थे, जिनमें परिवार, बच्चे और पर्यटक शामिल थे। लोग मोमबत्तियां जलाने, पेटिंग जू और बच्चों के लिए बबल्स जैसे धार्मिक और पारिवारिक आयोजनों में व्यस्त थे। गोलीबारी शुरू होते ही भगदड़ मच गई। लोग समुद्र तट से भागे, कुछ समुद्र में छिपे, जबकि कई घायल जमीन पर गिर पड़े। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखा कि एक हमलावर ऊंचे फुटब्रिज से फायरिंग कर रहा था, जबकि दूसरा ग्राउंड लेवल पर। हनुक्का यहूदियों के लिए रोशनी और चमत्कार का त्योहार है, जिसे ऑस्ट्रेलिया के सिडनी, मेलबर्न और गोल्ड कोस्ट जैसी जगहों पर यहूदी समुदाय बड़े उत्साह से मनाता है। ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों की एक मजबूत कम्युनिटी है जो पारंपरिक तरीकों से इस त्योहार को पार्कों और सिटी सेंटर्स में मनाती है।

### एक हमलावर का....

थे। मोटिव स्पष्ट नहीं, लेकिन यहूदी समुदाय को लक्षित करने के मजबूत संकेत हैं। जांच में आतंकवाद का एंगल प्रमुख है।

### यह हमला दिल ....

शॉकिंग और डिस्ट्रेसिंग कहा। इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने यहूदियों पर क्रूर हमला करार दिया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हनुक्का के प्रकाश के त्योहार पर हुए इस हमले की कड़ी निंदा की। ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय में दहशत है।

### गायनी ओटी में ....

सूचना मिली, दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल कर्मियों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। अस्पताल की मुख्य बिल्डिंग के एक हिस्से में आग फैलने के बाद, अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, लेकिन समय पर उठाए गए कदमों के कारण बड़ा नुकसान टल गया।

### पं. धीरेंद्र की ...

कमेंट्स से संत समाज और उनके समर्थक गुस्से में हैं। साध्वी देवा ठाकुर सहित कई लोगों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है, जबकि रैपर का दावा है कि यह गाना भ्रष्टाचार और झूठे संतों को उजागर करता है। हिसार के आदमपुर के हरियाणवी रैपर ढांडा न्योलीवाला (जो ऑस्ट्रेलिया में रहते हैं) की नई एल्बम 'वोमिट ऑन पेपर' विवादों में घिर गई है। इस एल्बम में धीरेंद्र शास्त्री को पर्चा दिखाते हुए फिल्माया गया है।

### सीएम हाउस घेरने ....

रोशनपुरा चौराहे पर बैरिकेडिंग लगाकर पूरा क्षेत्र छावनी में बदल दिया। लेकिन, प्रदर्शनकारी नहीं माने और घेराबंदी को तोड़कर बाणगंगा चौराहे तक पहुंच गए। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल कर उन्हें तितर-बितर किया। इस दौरान पुलिस ने अनिल मिश्रा समेत ब्राह्मण संगठनों के कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। दोपहर ढाई बजे तक प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच रस्साकशी चलती रही।

### 48 बच्चों से ...

नदी में गिरी बच्चों की चीख-पुकार मच गई। घायलों ने मदद के लिए चीखना शुरू कर दिया। बच्चों की आवाज सुन स्थानीय लोग बचाने को दोड़े। वहीं,घटना की जानकारी लगने पर नटेरन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। बच्चों को रेस्क्यू करने के बाद घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। साथ ही परिजनों को सूचित किया गया। एंबुलेंस की मदद से कुछ आंशिक और गंभीर घायलों को राजीव गांधी शासकीय जन चिकित्सालय गंजबासौदा में इलाज के लिए लाया गया है। वहीं, जिन 5 छात्रों की हालत गंभीर है। उनको विदिशा मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भेजा गया है। वहां इलाज जारी है।

### 2024 के तानसेन ...

तक आयोजित होने वाला यह संगीत समागम देश और विदेश के सुप्रतिष्ठित संगीतज्ञों की संगीत सभाओं से सजेगा। 15 दिसंबर को प्रातः 10 बजे पारंपरिक चादरपोशी, शहनाई वादन, हरिकथा और मिलाद गायन होगा। सायंकाल 6:30 बजे से मुख्य समारोह का उद्‌घाटन और राष्ट्रीय तानसेन एवं राष्ट्रीय राजा मानसिंह तोमर सम्मान अलंकरण समारोह के आयोजन पश्चात संगीत सभाएं आयोजित की जाएंगी। गौर हो कि मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के लिए उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन- नगर निगम, ग्वालियर एवं मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय तानसेन समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसके अंतरंग में परंपराएं, साधना, समर्पण, सम्मान और नवाचार की स्वर लहरियों की अनुगूंज होती है। वर्ष 2024 के राष्ट्रीय तानसेन सम्मान से पंडित राजा काले, मुंबई को गायन के लिए एवं वर्ष 2025 का पंडित तरुण भट्टाचार्य, कोलकाता को संतूर वादन के लिए अलंकृत किया जाएगा। राष्ट्रीय राजा मानसिंह तोमर सम्मान वर्ष 2024 का साधना परमार्थिक संस्थान समिति, मंडलेश्वर एवं वर्ष 2025 का रागायन संगीत समिति, ग्वालियर को प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय तानसेन सम्मान वर्ष 1980 से प्रदान किया जा रहा है, जो अब 55 विभूतियों को प्रदान किया जा चुका है। वहीं, राष्ट्रीय राजा मानसिंह तोमर सम्मान 2011 से प्रदान किया जा रहा है, जो अब तक 13 संस्थाओं को प्रदान किया जा चुका है। इस वर्ष तानसेन समारोह का मुख्य मंच ग्वालियर के सुप्रसिद्ध चतुर्भुज मंदिर या शून्य का मंदिर की थीम पर सजाया गया।

### पद्म पुरस्कार एवं ...

राष्ट्रीय तानसेन सम्मान से अलंकृत होने जा रहे पं. तरुण भट्टाचार्य एवं पं. राजा काले की संगीत सभाएं सजेंगी।

# एलएनसीटी में वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबले जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड, भोपाल में आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 के मुकाबले निर्णायक चरण में पहुंच गए हैं। पूल 'सी' के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ने कर्मवीर यूनिवर्सिटी, सतारा को 3-1 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में श्री कौशल दास विश्वविद्यालय ने महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर को 3-0 से हराकर टॉप-4 में अपनी जगह सुनिश्चित की। वहीं, पूल 'डी' के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पारुल यूनिवर्सिटी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, सीकर को 3-0 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पारुल यूनिवर्सिटी ने भारती विद्यापीठ विश्वविद्यालय, पुणे को 3-0 से हराकर टॉप-4 में स्थान पक्का किया। प्रतियोगिता में इससे पूर्व ही लोक जागृति यूनिवर्सिटी एवं मणिपाल यूनिवर्सिटी टॉप-4 में अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी हैं। अब टॉप-4 की चारों टीमों के मध्य लीग आधार पर मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के सुचारु एवं सफल संचालन के लिए आयोजन समिति द्वारा प्रणव मजूमदार को प्रतियोगिता निदेशक तथा पी.एस. ठाकुर को तकनीकी निदेशक नियुक्त किया गया है। वहीं, इसका लाइव प्रसारण एफजीएसएन के माध्यम से किया जा रहा है।

**कक्षार्यालय थाना प्रभारी थाना हबीबगंज जिला भोपाल**
**जाहिर सूचना (पम्पलेट)**
**अज्ञात मृत व्यक्ति की तलाश वास्ते**
**मर्ग क्र 47/25 धारा 194 बी.एन.एस.एस.**



नाम मृतक -अज्ञात पुरुष उम्र करीवन 30-35 साल, हुलिया- बदन सामान्य, रंग गेहुंआ कद- 5 फिट 7 इंच, गुदना /टैटू दाहिने हाथ की कलाई पर" ॐ " एवं हिंदी में दीपक लिखा हुआ है। मुंह में सामने का दात टूटा हुआ है। पहनावा काले रंग की फुल टी शर्ट एवं मटमैला आसमानी रंग का जीस का पेंट पहने हैं। बाल काले छोटे चेहरे पर हल्की मुँछे व दाढी है। घटना स्थल-10 नबर स्टाप वाईन शाप के ऊपरी तल पर पर थाना हबीबगंज भोपाल, मृत्यु दिनाँक समय-17/10/2025 के 10.25 बजे सुबह, नोट- किसी भी व्यक्ति / सज्जन को उक्त अज्ञात मृतक व्यक्ति के संबंध में कोई सूचना अथवा मृत व्यक्ति के परिजनों के संबंध में कोई जानकारी होते तो कृपया थाना हबीबगंज के निम्न नंबरों पर तत्काल सूचना देवे सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जावेगा।, संपर्क नंबर-, 9479990478 (एचसीएम थाना हबीबगंज भोपाल।, 9479990474 ( थाना प्रभारी थाना हबीबगंज भोपाल), 9753513071 (जाँचकर्ता थाना हबीबगंज भोपाल।

थाना प्रभारी
थाना हबीबगंज भोपाल

जी -22689/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग क्र. 1, शेड नं. 11-ए बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल**

web site: www.mppwd.gov.in e-mail:- eepwdelecbpl@mp.nic.in

निविदा सूचना क्र. 106/तक/2025-26 — निविदा सूचना — भोपाल दिनांक 12/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु टेण्डर कम ऑक्शन पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स.क्रं. | ऑक्शन नं. | कार्य का नाम | आफसेट वैल्यू | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2025_PWDRB_467966_1 | इस संभाग के अधीन (वि. / यां.) उपसंभाग क्र. 1 भोपाल के अंतर्गत (वि./यां. ) अनुभाग (1) पुलिस मुख्यालय (2) 74 बंगले (3) निर्माण भवन में पड़े अनुपयोगी विद्युत सामग्री /उपकरणों की ई-ऑक्शन | रू. 4,15,295.00 | रू. 8,306.00 | रू. 2000.00 |

निविदा के विस्तृत दस्तावेज एवं नियम व शर्ते वेबसाईट https://mptenders.gov.in से निःशुल्क डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकार को निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि केवल ई-भुगतान के माध्यम से ऑनलाईन ही जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं विड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 26.12.25 सांय 5:30 बजे तक निर्धारित है। आनलाईन निलामी की प्रारम्भ तिथि दिनांक 30.12.2025 सुबह 10:30 बजे से एवं अंतिम तिथि दिनांक 30.12.2025 सायं 5:30 बजे तक निर्धारित है। किसी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन का प्रचार प्रसार केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा।

निविदा में प्राप्त सभी बिड / प्रस्ताव को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

अनुपयोगी सामग्री उल्लेखित उपसंभाग के सम्बधित अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री के मों. नम्बर से सम्पर्क करें। उपसंभाग क्र. 1 हेतु अनु.अधि. मों. नं. 9755444489/74 बंगले 9827396404 / निर्माण भवन 8871600378/पी एच क्यू 7974712944 से सम्पर्क कर दिनांक 15/12/2025 से 26/12/2025 तक दोपहर 11.00 से 3.00 बजे के मध्य देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. वि/यां.संभाग क्र. 1, भोपाल

जी - 22744/25 स्वच्छता ही सेवा




R- 04/12/25 to 17/01/26







## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9977912473











हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644 , फोन नं. 0755-4049924


## शब्द पहेली - 6078



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि,पीठ -3
10. प्रणाम,नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग,हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन,आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी,कै-3
34. रनिवास,जनवासा-3
36. पंक्ति,लाइन-3
37. सुर,लय,आलाप-2
38. दंड,शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म,भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल,गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस,सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा,नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण,शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग,गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा,पुत्र-2
31. भरोसा,विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान,सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 6077 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6088

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल- 6087 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### सीएसआर 'धन संवाद' को आईजीएफ ने किया मजबूत

**मुंबई।** महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने इम्पैक्ट गुरु फाउंडेशन (आईजीएफ) के साथ साझेदारी में समुदायों में सार्थक बदलाव लाने के लिए अपनी प्रमुख सीएसआर पहल, 'धन संवाद', को मज़बूत किया है। कंपनी के सीएचआरओ मनीष सिन्हा ने कहा इस कार्यक्रम से अब तक 44,000 से अधिक व्यक्तियों को सीधा लाभ हुआ है, वित्त को प्रभावी बनाने के लिए उपकरण और कौशल से लैस किया है।



### सैमसंग ने लांच किया गैलेक्सी जेड ट्राइफोल्ड

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज गैलेक्सी जेड ट्राइफोल्ड के लांच की घोषणा कर मोबाइल एआई युग के लिए नए फॉर्म फैक्टर्स में सैमसंग के नेतृत्व का विस्तार किया है। फोल्डेबल कैटेगरी इनोवेशन के एक दशक पर आधारित, गैलेक्सी जेड ट्राइफोल्ड में सबसे एडवांस्ड फोल्डेबल तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, यह मल्टी-फोल्डिंग डिजाइन की अनूठी मांगों के मुताबिक हैं।




### महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ की प्री-बुकिंग आज से शुरू

**मुंबई ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने अपनी हाई-टेक, ट्रेंडसेटर, प्रीमियम एसयूवी – एक्सयूवी 7एक्सओ के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। ग्राहक 15 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से 21000 रुपए की बुकिंग राशि के साथ प्री-बुक कर सकते हैं, ताकि इस बहुप्रतीक्षित एसयूवी के लिए अर्ली बुकिंग सीक्वेंस सुनिश्चित हो सके।



### सकरा ने किया पार्किंसन रोग क्लिनिक का शुभारंभ

**बेंगलुरु।** सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने पार्किंसन रोग क्लिनिक के शुभारंभ की घोषणा की। यह केंद्र पार्किंसन रोग एवं अन्य मूवमेंट डिसऑर्डर्स से पीड़ित व्यक्तियों को सेवाएं प्रदान करने स्थापित किया गया है। उद्घाटन यूची नागानो, मैनेजिंग डायरेक्टर, केई इयामा, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर और लवकेश कुमार फासू, ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु द्वारा किया गया।



### अमेजन के ट्रांजैक्टिंग ग्राहकों में 8 गुना वृद्धि

**बेंगलुरु।** अमेजन ने घोषणा की है कि उसके अल्ट्रा-अफोर्डेबिलिटी स्टोर अमेजन बाजार ने लांच के एक साल के भीतर ट्रांजैक्टिंग ग्राहकों में आठ गुना वृद्धि हासिल कर ली है, जिसका प्रमुख कारण टियर 2 और टियर 3 शहरों में बढ़ती अपनाने की दर है। अमेजन बाजार फैशन, जूलरी, होम डेकोर और इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज़ जैसी कैटेगरी में 600 रुपए से कम कीमत वाले उत्पादों का बड़ा चयन प्रदान करता है। 2 करोड़ से अधिक उत्पाद पहले से ही लाइव है बाजार ग्राहकों की विविध जरूरतों और पसंद को पूरा करने के लिए नए प्रोडक्ट जोड़ रहा है।

### हंगामा ओटीटी ने पेश की विनी की किताब

**मुंबई।** हिंदी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हंगामा ओटीटी ने नई ओरिजिनल सीरीज विनी की किताब की घोषणा कर दी है, जो स्ट्रीम हो गई है। छह एपिसोड की यह दमदार ड्रामा सीरीज आलिषा पंवार के बिल्कुल नए अंदाज के साथ सामने आती है। उनके साथ अभिषेक कपूर, संजय गगनानी, मानसी जैन और अफरीन अल्वी जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। कसोल की यह कहानी विनी की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। एक छोटे शहर की शांत स्वभाव वाली लडक़ी, जो अपनी गहरी इच्छाएं अपनी निजी डायरी में लिखती रहती है।

## पतंजलि विवि को ज्ञान भारतम मिशन आयोजित, संस्कृति मंत्रालय ने क्लस्टर सेंटर को मान्यता प्रदान की

# पीएम मोदी की भारतीय संस्कृति, धरोहर एवं विरासत के संरक्षण की दूरदृष्टि का आधार है ज्ञान भारतम मिशनः रामदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

ज्ञान भारतम मिशन, संस्कृति मंत्रालय के द्वारा हरिद्वार में आयोजित एक समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय को क्लस्टर सेंटर के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस संदर्भ में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगगुरु स्वामी रामदेव, कुलगुरु डॉ. आचार्य बालकृष्ण तथा ज्ञान भारतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश, डॉ. श्रीधर बारीक (कॉर्डिनेटर, एनएमएम) तथा विश्वरंजन मालिक (कॉर्डिनेटर, डिजिटाइजेशन, एनएमएम) की उपस्थिति में एक एमओयू साइन किया गया। इस अवसर पर योगगुरु रामदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत सहित ज्ञान भारतम मिशन की पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की संस्कृति मूलक भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण का जीवंत उदाहरण है ज्ञान भारतम मिशन।

विश्वविद्यालय के प्रयासों को और दिव्यता प्रदान करेगा ज्ञान भारतम मिशन
आचार्य बालकृष्ण



क्लस्टर सेंटर के मान्यता की प्रति दिखाते हुए

### इस मिशन के तहत अभी तक 33 एमओयू साइन

डॉ. आचार्य बालकृष्ण ने बताया की अभी तक 33 एमोयू इस मिशन के तहत साइन हुए हैं जिसमे क्लस्टर सेंटर 20 हैं। इनमें से 8 विश्वविद्यालय हैं और योग शिक्षा आधारित प्रथम क्लस्टर सेंटर पतंजलि विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया अभी तक पतंजलि विश्वविद्यालय में 50000 से ज्यादा प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण, 42 लाख पृष्ठों के डिजिटलाइजेशन और 40 से अधिक पांडुलिपियों के शोधन एवं पुनर्प्रकाशन का कार्य किया जा चुका है। क्लस्टर सेंटर के रूप में अब पतंजलि इस कार्य को और दिव्यता प्रदान करते हुए 20 केन्द्रों को भी प्रशिक्षित और प्रोत्साहित कर इस मिशन से जोड़कर भारतीय संस्कृति के रक्षण का कार्य कर सकेगा।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत क्लस्टर सेंटर के रूप में पतंजलि विवि योग और आयुर्वेद पर आधारित पांडुलिपियों पर ना केवल शोध करेगा, अपितु शिक्षा क्रांति से जोड़करसमाज तक पहुंचाएगा। इस मौके पर डीन डॉ. साध्वी देवप्रिया सहित पतंजलि अनुसंधान संस्थान के डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, डॉ. सतपाल, डॉ. करुणा, डॉ. स्वाति, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. रश्मि मित्तल सहित सभी छात्र एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## एसेट में शामिल होकर 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

# एलन में नए सत्र के एडमिशन के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट 21 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोटा

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में सत्र 2026-27 में होने वाली इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नए सत्र में कोटा सहित देशभर के सभी केन्द्रों पर एडमिशन के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट 21 दिसंबर को होगा। प्रवेश व प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित किया जाने वाला एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) देशभर में निर्धारित केन्द्रों पर आयोजित होगा। परीक्षा में शामिल होकर स्टूडेंट्स एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉरलशिप प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन एलन कॅरियर की बेवसाइड में किया जा सकता है। अगला नेशनल एसेट 4 जनवरी को होगा। एलन की ओर से इस एसेट में शामिल होकर एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स को दोहरा लाभ दिया जा रहा है, जो स्टूडेंट्स 21 दिसम्बर को एसेट में शामिल होकर एडमिशन लेते हैं, उन्हें स्कॉलरशिप के साथ रियायती फीस पर प्रवेश का मौका मिलेगा। जेईई और नीट के बैच आगामी महीनों में शुरू होने जा रहे हैं। ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है।


एलन में प्रवेश प्रक्रिया

### एलन अच्छी शिक्षा के साथ दे रहा बेहतर परिणाम

उल्लेखनीय है कि इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश के ख्यातनाम संस्थान एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर परिणाम दे रहा है। जेईई-एडवांस्ड व जेईई-मेन हो या मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी दोनों परीक्षाओं में एलन के परिणाम क्वालिटी और क्वांटिटि दोनों में देश में सर्वाधिक रहे हैं। इसी तरह आईआईटी में प्रवेश करने वाला हर चौथा विद्यार्थी एलन से रहा।

## वर्तमान में 45400 से अधिक ग्राहकों के बीच में है टच प्वॉइंट

# 5000 नए बैंकिंग टच प्वॉइंट के साथ मप्र के दूरदराज गांवों में मिलेगी अब डोरस्टेप बैंकिंग

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के दूरस्थ गांवों में अब बैंकिंग सुविधाएँ लोगों के घर तक पहुंचेंगी। देश की सबसे बड़ी बैंकिंग सुविधा प्रदाता कंपनी बीएलएस ई-सर्विसेज जो की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी तथा बहुत सारे सार्वजानिक तथा प्राइवेट बैंको की बिजनेस कॉरेस्पोंडेंस है ने घोषणा की है कि वह अगले दो वर्षों में राज्य में 5000 नए बिजनेस करेस्पॉन्डेंट सेंटर स्थापित करेगी। ये बीसी सेंटर वैसे ही कार्य करते है जैसे की किसी बैंक की लघु ब्रांच में होता है। ये बीसी सेंटर भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सतना, रतलाम, रीवा, आदि में खोले जाएंगे। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इन बैंकिंग टच प्वॉइंट सेंटरों के खुलने से प्रदेश की बैंकिंग व्यवस्था का नेटवर्क बहुत मजबूत हो जाएगा। इस पहल का सबसे बड़ा लाभ उन ग्रामीण परिवारों को होगा जो आज भी बैंक तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करते हैं, कई घंटे इंतजार करते हैं और अक्सर पूरा दिन इसी काम में निकल जाता है।



### प्रदेश के युवाओं को भी लाभ मिलेगा, जिम्मेदारी स्थानीय युवक-युवती को दी जाएगी

इस पहल से मध्य प्रदेश के युवाओं को भी लाभ मिलेगा, क्योंकि हर बी सी सेंटर को संचालित करने की जिम्मेदारी स्थानीय युवक या युवती को दी जाएगी। बीएलएस उन्हें प्रशिक्षण और आवश्यक डिजिटल उपकरण भी उपलब्ध कराएगी, जिससे ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर मिलेंगे और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहाकि 2027 तक हर ब्लॉक में आधुनिक बी सी सेंटर होंगे। बैंकिंग सेवाएं अब गांवों तक पहुंचेंगी।

## बिजनेस न्यूज


### सेंट जॉर्ज इंटरनेशनल स्कूल में 'कैरोल सिंगिंग' प्रतियोगिता का आयोजन

**भोपाल।** सेंट जॉर्ज इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस के अवसर पर कैरोल सिंगिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भोपाल एवं रायसेन के 10 विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक समिति के फादर जीजी सैम थॉमस, इंद्राणी राय एवं पीयूष बस्तराय ने कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों ने मधुर क्रिसमस गीतों की प्रस्तुति दी। प्रतिभागियों ने न केवल गायन कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि आकर्षक वेशभूषा और भावपूर्ण प्रस्तुति से भी दर्शकों का दिल जीत लिया। निर्णायक मंडल ने सुर, ताल, भाव और मंच प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में सीनियर कैटेगरी में कार्मेल कांवेंट स्कूल, भोपाल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों, आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम में सेंट जॉर्ज स्कूल के डायरेक्टर अरूण थॉमस, प्राचार्य एश्लिन थॉमस एवं बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।



### आईईएस यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पुणे में आयोजित की एलुमनी पार्टी

**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी द्वारा इंजीनीयरींग, पॉ लि टै क्नि क, फार्मेसी, एवं मैनेजमेंट के 2011 से 2025 बैच के छात्रों के लिए पुणे की मल्टीनेशनल कंपनी टीसीएस, परसिस्टेंट, विप्रो, इंफोसिस, जेनसर, एटोस, जीएस लेब्स, जेड ग्लोबल, कैपजेमिनी डेल टेक्नोलॉजीज, पियाजियो, आदि में कार्यरथ छात्रो के लिए एलुमनी पार्टी का आयोजन पुणे में गया किया गया। आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजीत पुणे चैप्टर की एलुमनी पार्टी में कई छात्रों ने हिस्सा लिया। एलुमनी पार्टी के शुभारंभ इंजी. बी एस यादव, चांसलर एवं शीर्ष कंपनियों के अन्य एचआर ने भी पुणे चैप्टर के आईईएसए छात्रों के साथ बातचीत की और उनकी उपलब्धियों और पेशेवर प्रगति के बारे में अपडेट प्राप्त किया। इंजी. बी एस यादव ने सभी चयनित छात्रो को बधाई दी साथ ही कहा के विद्यार्थी जीवन हर व्यक्ति जीवन का यादगार समय होता हैं।



### बिरला कॉरपोरेशन ने विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट किट का वितरण किया

**भोपाल।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड यूनिट सतना सीमेंट वर्क्स ने सामाजिक उत्तरदायित्वों के परिपालन में संस्थान द्वारा सक्षम कार्यक्रम के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई प्रयास कर रही हैं। इसी के परिपालन में संस्थान द्वारा असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन बैच के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं इंडक्शन किट का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष रंजीत प्रसाद द्वारा कार्यक्रम को सभी के साथ संक्षेप में साझा किया गया। इसके बाद एचआर हेड आरके गिरि द्वारा कार्यक्रम की उपलब्धियों के बारे में बताया। यूनिट हेड कौशल मिश्रा ने सभी के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के माध्यम से आजीविका पर कार्य करनें की आवश्यकता पर दिया।




### कॅरियर कॉलेज में द्वितीय बैच का दीक्षांत समारोह संपन्न

**भोपाल।** बायरैक ई-युवा सेंटर, कॅरियर कॉलेज द्वारा ई-युवा फेलोज के द्वितीय बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति चंदुरकर, चीफ कोऑर्डिनेटर के नेतृत्व में तथा कहकशा अहमद, प्रोजेक्ट असिस्टेंट के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. चरनजीत कौर द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद विशिष्ट अतिथियों एवं विशेषज्ञों डॉ. निपुण सिलवट, डॉ. उदीप चावला, डॉ. कुंदन कुमार तथा डॉ. भावना पड्या ने फेलोज की अंतिम प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। कॅरियर कॉलेज टीम, मेंटर डॉ. निधि त्रिपाठी, फेलोज़ मोनीषा, आयशा, अमित, भूमिका, और प्रियांशी ने टिंटेरा नेचुरल्स प्रस्तुत किया। विशेषज्ञों ने सभी टीमों के नवाचारों की सराहना की। सभी समूहों ने पेटेंट फाइल किए हैं, शोध-पत्र प्रकाशित किए हैं तथा एमएसएमई में पंजीकरण भी प्राप्त किया है। इस मौके पर मनीष राजोरिया, चेयरमैन, कॅरियर ग्रुप तथा प्रो. प्रदीप जैन, डायरेक्टर, कॅरियर ग्रुप को उनके निरंतर सहयोग क लिए दिया गया।



### मिलेनियम कॉलेज ऑफ़ लॉ के छात्रों ने देखी लोक अदालत की कार्यवाही

**भोपाल।** मिलेनियम कॉलेज ऑफ लॉ के छात्रों को नेशनल लोक अदालत के करिकुलम के हिस्से बने और उन्होंने इस कानूनी कार्यवाही को देखा। लोक अदालत, एलएलबी और बीएएलएलबी प्रोग्राम का एक जरूरी हिस्सा है, जो कानूनी सिस्टम को काम करते हुए देखने और कीमती प्रैक्टिकल ज्ञान हासिल करने का मौका देता है। छात्रों के एक ग्रुप ने लॉ फैकल्टी अर्पण नागरिया और सोनम जैन के साथ डिस्ट्रिक्ट और सेशन कोर्ट भोपाल का दौरा किया। छात्रों को ज्यूडिशियल अधिकारियों, जजों और वकीलों से बातचीत करने का मौका मिला, जिन्होंने लोक अदालत में निपटाए जाने वाले मामलों के प्रकारों के बारे में बताया। ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव ने बताया कि ये दौरे सीखने के लिए कीमती अनुभव हैं जो छात्रों को समाधान प्रक्रिया में एक्टिव रूप से शामिल होने और यह समझने की अनुमति देते हैं कि सिस्टम जनता को, खासकर समाज के कमजोर वर्ग को, कैसे सुलभ और कुशल न्याय प्रदान करता है। मिलेनियम कॉलेज ऑफ लॉ का उद्देश्य समाज को सशक्त एवं दक्ष लॉ स्टूडेंट्स देना है।



### महिलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया सतना सीमेंट वर्क्स ने

**भोपाल।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड यूनिट सतना सीमेंट वर्क्स सतना अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सदैव कटिबद्ध है। इसी के परिपालन में संस्थान द्वारा समय-समय पर अनेकों सामाजिक एवं विकास कार्यो का निष्पादन किया जाता रहा है। इसी परिपेक्ष्य में संस्थान द्वारा ग्राम पंचायत नैना सगमनिया में एक विशेष ब्यूटीशियन एवं हेयर स्टाइल प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नैना के सरपंच मंजित बेन, बिरला कॉर्पोरेशन के सीएसआर हेड रंजीत प्रसाद एवं विजय चौबे,अनामिका सिंह तथा प्रियांसी संस्था के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



## 'पचामा कैटल फीड सयंत्र' पहुंचा 'सहकार से समृद्धि' कारवां

# संदेश साझा करते हुए सीईओ जोशी ने कहा- ऐसे अभियानों से किसानों में सहकारिता के प्रति विश्वास, सहभागिता और अधिक सुदृढ़ हो जाएगी


प्रीतेश जोशी


जन-जागरूकता कारवां यात्रा को रवाना करते हुए

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा संचालित सहकार से समृद्धि जन-जागरूकता कारवां अपनी यात्रा के क्रम में आणंद से मध्यप्रदेश राज्य के विभिन्न जिलों से होते हुए भोपाल सहकारी दुग्ध संघ अंतर्गत 'पचामा कैटल फीड सयंत्र' पहुंचा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनडीडीबी की टीम ने यह संदेश साझा किया कि देश के विकास और गाँवों की प्रगति से जुड़ी है, और सहकारिता किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने एनडीडीबी की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से किसानों में सहकारिता के प्रति विश्वास और सहभागिता और अधिक सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर संघ के बोर्ड सदस्य, एनडीडीबी के वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय अमला एवं बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक किसान उपस्थित रहे।

### एनडीडीबी चेयरमैन ने दिखाई थी हरी झंडी

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा जारी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (आईवाईसी) 2025 कैलेंडर के अंतर्गत, एनडीडीबी अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने आणंद गुजरात स्थित अपने कर्मचारियों की उपस्थिति में 'सहकारी समृद्धि यात्रा' उत्सव कारवां को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस अवसर पर दुग्ध उत्पादक किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सहकारी व्यवस्था के माध्यम से उन्हें उचित एवं स्थिर दुग्ध मूल्य, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा को 'बेस्ट बैंक इन इंडियाश' अवॉर्ड से सम्मानित

**मुंबई।** बैंक ऑफ बड़ौदा को फाइनेंशियल टाइम्स के प्रकाशन 'द बैंकर' पत्रिका द्वारा प्रतिष्ठित बैंक ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स 2025 के तहत 'बेस्ट बैंक इन इंडिया' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार बैंक ऑफ बड़ौदा की उत्कृष्टता, नवाचार और बैंकिंग उद्योग में बैंक के उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। यह बैंक के बेहतर वित्तीय प्रदर्शन, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को बढ़ावा, बेहतर ग्राहक अनुभव और भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करता है। डॉ. देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस उपलब्धि पर कहाकि बेस्ट बैंक ऑफ इंडिया के रूप में यह सम्मान बैंक ऑफ़ बड़ौदा की स्थायित्वपूर्ण व्यवसाय वृद्धि और ट्रांसफॉर्मेशन यात्रा को मान्यता प्रदान करता है।

### टाटा सिएरा ने बनाया नया फ्यूल एफिशिएंसी रिकॉर्ड

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की नई टाटा सिएरा ने देश में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। सिएरा ने 12 घंटे में सर्वाधिक माइलेज प्राप्त करने का रिकॉर्ड बनाते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना स्थान बनाया है। इंदौर के नैटरैक्स ट्रैक पर हुए इस प्रमाणित टेस्ट में सिएरा ने 29.9 किमी प्रति लीटर का उत्कृष्ट माइलेज दिया, जो अब तक के राष्ट्रीय मानक से भी अधिक है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, मोहन सावरकर ने कहा,सिएरा की शुरुआत में ही राष्ट्रीय एफिशिएंसी रिकॉर्ड बनाना हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है।

## भोपाल में होंडा की सडक़ सुरक्षा जागरूकता की पहल



जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

होंडा मोटरसाइकिल ने सडक़ सुरक्षा व्यवहार को बढ़ावा देने के अपने देशव्यापी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए भोपाल, मध्य प्रदेश में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी और जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में एक प्रभावशाली सडक़ सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस पहल में 2400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहां उन्होंने सुरक्षित वाहन संचालन के मूल सिद्धांत सीखे और सडक़ पर साझा जिम्मेदारी को बढ़ावा देने वाले एक सीखने योग्य वातावरण का अनुभव किया। यह सत्र होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रशिक्षित रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर द्वारा संचालित किया गया।

### 'एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स-2025' का चौथे संस्करण को पूरा हुआ

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ग्रुप ने 'एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स – 2025' के चौथे संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें छह सेक्टर के 10 विजेताओं और उभरती महिला फाउंडर्स के लिए दो स्पेशल रिकग्निशन अवॉर्ड्स की घोषणा की गई। एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स-2025 को एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी कैपिटल और एचडीएफसी एएमसी ने मिलकर आयोजित किया था।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक / पु.उपा. / मुख्या/भो/रनि/सीआर/851 / 25 — भोपाल, दिनांक-10/12/25

**पुनः ई-निविदा सूचना**

नगरीय पुलिस भोपाल की पुलिस कालोनियों में आवासीय परिसरो की साफ-सफाई हेतु वार्षिक अनुबंध किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु अधिकृत फर्मों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण

| क्र. | काय विवरण | आवास संख्य | निविदा शुल्क | ई.एम.डी. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पुलिस कालोनियों में आवासीय परिसरों की साफ सफाई कार्य | 1578 | 5000/- | 72,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mpetenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
2. निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।
4. शेड्यूल :-

:: निविदा की समय-सारणी ::

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 11/12/25 के 12.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 11/12/25. के 12.00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 25/12/25 के 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 26/12/25 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 17/12/25 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

जी- 22716/25 — स्वच्छा ही सेवा है। — पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल

## चिंतन

# आतंक का नया चेहरा बन रहा बड़ी चुनौती

आजकल देखने में आ रहा है कि आतंकवादी भीड़ भरे स्थानों पर हमला कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। दहशतगर्दों की ऐसी वारदातों से सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के तमाम देश प्रभावित हैं। इस बार हमला ऑस्ट्रेलिया में हुआ है, जहां आतंकियों ने सिडनी शहर में यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। इस बड़े आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। आतंकियों ने बॉन्डी बीच पर आयोजित हनुक्का धार्मिक उत्सव के दौरान अचानक भारी गोलीबारी कर 12 लोगों की हत्या कर दी। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल भी बताए जा रहे हैं। यह हमला उस समय हुआ, जब समुद्र तट पर 'हनुक्का बाय द सी' नामक कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था। हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई और लोग बचाव के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। हालांकि सुरक्षाबलों ने एक हमलावर को भी मौके पर मार गिराया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि इस हमले को दो युवाओं ने ही अंजाम दिया है। इससे पहले दिल्ली में लाल किले के पास हुआ हमला भी भीड़ भरे इलाके में ही हुआ था और हमलावर युवा ही थे। हमले की साजिश में अल-फलाह यूनिवर्सिटी के सफेद कॉलर यानी डॉक्टर और इंजीनियर भी शामिल थे। आतंक का यह नया चेहरा अब पूरी दुनिया के लिए चुनौती बनता जा रहा है। इससे निपटने के लिए सभी देशों को मिलकर कड़े कदम उठाने होंगे। भारत हमेशा से ही आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। देश में सीमापार आतंक बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन अब आतंक का यह बदलता स्वरूप कब, कहां और किसको निशाना बना देगा, इसका कुछ पता नहीं चलता। कई बार तो ऐसी जगहों पर खुफिया एजेंसियां भी नाकाम साबित हो जाती हैं। वहीं, खुफिया सूत्रों के मुताबिक, अब आतंकी हमलों में सुसाइड बॉम्बर, लॉजिस्टिक सपोर्ट, फंडिंग और नेटवर्किंग जैसी भूमिकाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ ऑनलाइन एप भी आतंकियों के मददगार साबित हो रहे हैं। दिल्ली धमाके ने आतंक के इस नए पैटर्न को उजागर किया है। जांच में सामने आया है कि डॉक्टरों सहित कुछ उच्च-शिक्षित पेशेवर भी 10 नवंबर को हुए इस हमले की साजिश में शामिल थे, जिसमें कई लोग मारे गए और कई घायल हुए। यही कारण है कि सुरक्षाबलों के लिए इस व्हाइट-कॉलर टेरर इकोसिस्टम को ध्वस्त करना अब सबसे बड़ी प्राथमिकता बन चुका है। आतंक के खिलाफ कार्रवाई केवल सरकारों और सुरक्षाबलों की ही नहीं है, बल्कि आम लोगों की भी जिम्मेदारी है। आमजन को हमेशा जागरूक रहना होगा और आसपास कोई भी संदिग्ध गतिविधि मिलने पर उसकी जानकारी अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन को देनी होगी। वहीं, कई बार देखने में आता है कि आतंकी आपके आसपास ही पनाह लिए मिलता है। ऐसे में किसी को अपने मकान या घर में किराए पर रखते हैं तो उसकी पूरी जानकारी लें और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखने पर उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते किसी बड़ी वारदात से बचा जा सके। ऐसे कुछ कदम उठाकर ही हम आतंकवाद के इस बदलते स्वरूप से निपट सकेंगे। इस बड़ी चुनौती से निपटने के लिए नए तरीकों को अपनाना होगा। हमें आतंकवाद के मूल कारणों को समझना होगा और उन्हें दूर करने के लिए काम करना होगा, तभी इस नासूर बन चुके आतंकवाद से मुक्ति मिल सकेगी।



## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ग्राहकों को मिले ब्याज दर कटौती का लाभ

> आरबीआई के द्वारा हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। उम्मीद करें कि इस अहम फैसले से हर तरह के कर्ज सस्ते होंगे। इससे उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बैंकों के मुख्य कार्याधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना जरूरी है। इस परिप्रेक्ष्य में जहां स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र जैसे कुछ बैंकों ने ग्राहकों को ब्याज दर में कमी करके लाभांवित करना शुरू कर दिया है, वहीं अन्य बैंकों के करोड़ों उपभोक्ता ब्याज दर में कमी किए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि आरबीआई के द्वारा हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक दिसंबर महीने में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने और नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाने जा रहा है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। निसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर घटाए जाने का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025 -26 में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है। इन दिनों भारत के विकास पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है



कि यद्यपि टैक्स व महंगाई घटने से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और भारत की क्रेडिट रेटिंग सुधर रही है, लेकिन तेज विकास के मद्देनजर कर्ज सस्ता किए जाने की जरूरत लगातार बनी हुई है। 24 नवंबर को एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह इकोनमी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा, 'जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है।' उल्लेखनीय है कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है, लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए आसान ब्याज दरों पर कर्ज जुटाकर निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत बताई गई है। निश्चित रूप से अब ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश है। इस समय जब भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार और सर्विस सेक्टर को नई शक्ति देगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। सस्ते कर्ज के आधार पर स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ सकेंगे। बैंक व वित्तीय संस्थाओं की स्थिरता भी बनी रहेगी। ईएमआई के घटने से ऋण लेने वाले सभी लोगों को लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। घरों और वाहनों की मांग बढ़ेगी। मकानों की बिक्री में तेज गिरावट के कारण रियल स्टेट उद्योग की बढ़ी हुई मुश्किलें ब्याज दरों में कटौती से कम होते हुए दिखाई देंगी। उम्मीद करें आरबीआई के गर्वनर संजय मल्होत्रा के द्वारा 9 दिसंबर को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उच्च बैंक अधिकारियों से ब्याज दर घटाने का जो आग्रह किया गया है, उसका परिपालन किया जाएगा और घटी हुई ब्याज दर से सभी वर्ग के बैंक ग्राहक लाभांवित होंगे। उम्मीद करें कि हाल ही में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में महंगाई में कमी व बाजार की जरूरत के लिए मौद्रिक नीति को उदार बनाने और ब्याज दर में कटौती किए जाने के अहम फैसले से हर तरह के कर्ज सस्ते होंगे। इससे उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## निगम चुनाव

उमेश चतुर्वेदी



# बेहतर प्रदर्शन से विस चुनावों में खुलेगी राह

केंद्रीय सत्ता पर ग्यारह वर्षों से लगातार काबिज भारतीय जनता पार्टी के लिए दक्षिण भारत के चार राज्य प्रश्न प्रदेश रहे हैं। कर्नाटक में उसकी सत्ता आती-जाती रही है। आंध्र प्रदेश में अकेले दम उसके सांसद और विधायक जीतते भी रहे हैं। तमिलनाडु में डीएमके और अन्नाद्रमुक के साथ दो बार चार सांसद लोकसभा पहुंचाने में भी कामयाब रहे, लेकिन उसके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण केरल रहा है। लगता है कि अब दक्षिण के इस दुर्ग में भी अहम सेंध लगाने में राष्ट्रवादी पार्टी कामयाब हो चुकी है। वामपंथ के गढ़ राज्य की राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर कब्जे के साथ भाजपा ने न सिर्फ इतिहास रच दिया है, बल्कि खुद की उम्मीदें भी बढ़ा दी हैं। केरल की 54 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है, करीब 19 प्रतिशत ईसाई हैं, जबकि बाकि आबादी मुसलमान है। जनसांख्यिकी आंकड़ों के लिहाज से केरल भारतीय जनता पार्टी के लिए मुफीद भूमि रहा है। यहां भारतीय जनता पार्टी अब तक बड़ी करामात नहीं दिखा पाई है। बेशक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यहां काफी सक्रिय है। फिर भी यहां की राजनीति दो ध्रुवीय रही है। एक तरह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीएम की अगुआई वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की अगुआई वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा। भाजपा यहां तीसरा कोण बनाने की कोशिश अरसे से करती रही है, लेकिन उसे पहली बार सफलता साल 2016 के विधानसभा चुनावों में मिली। तब पार्टी के वरिष्ठ नेता ओ राजगोपाल तिरुअनंतपुरम् सीट से चुने गए। तब पार्टी को करीब दस फीसद वोट मिला, लेकिन अगले यानी 2021 के चुनावों में पार्टी को मायूसी हाथ लगी। हालांकि वोट बढ़कर करीब बारह फीसद हो गए। 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की उम्मीद जगी, जब लोकप्रिय मलयाली अभिनेता सुरेश गोपी त्रिशूर सीट से पार्टी के टिकट पर विजयी हुए। गोपी इन दिनों केंद्र सरकार में राज्य मंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। बेशक पार्टी को केरल में लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक सीट मिली, लेकिन पार्टी की वोट हिस्सेदारी बढ़कर 16 हो गई। लोकतांत्रिक राजनीति में सोलह प्रतिशत वोट मामूली बात नहीं होती। कह सकते हैं कि इसके बाद ही पार्टी की उम्मीदों को परवान चढ़ना शुरू हुआ। राज्य में बीजेपी की कमान राजीव चंद्रशेखर के हाथ है। केरल में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के लिए उनकी अगुआई में पार्टी ने जमकर पसीना बहाया। इसका नतीजा राजधानी तिरुअनंतपुरम् नगर निगम पर पार्टी का तकरीबन कब्जे के रूप में सामने आया है। तिरुअनंतपुरम् नगर निगम में 101 वार्ड हैं, जिनमें से 50 पर पार्टी के पार्षद जीते हैं। पैंतालिस सालों से इस निगम पर जिस वाम मोर्चे का कब्जा रहा, उसे महज 29 सीटें मिलीं हैं, जबकि कांग्रेस की अगुआई वाले मोर्चे को 19 सीटें मिली हैं। बाकी दो सीटों पर निर्दलीयों ने बाजी मारी है। केरल की राजनीति की जिसे समझ है, उन्हें पता है कि यहां वाम मोर्चा और कांग्रेस साथ नहीं आ सकते। ऐसे में निर्दलीयों के समर्थन से बीजेपी का मेयर चुना जाना तकरीबन तय है। पार्टी ने कोझिकोड और कन्नूर जैसे वामपंथी गढ़ों में भी सेंध लगाने में कामयाब हुई है। यहां पार्टी ने क्रमशः 13 और 4 सीटें जीतीं हैं। पिछली बार पलक्कड़ नगर पालिका पर उसका कब्जा हुआ था और उस पर उसने अपना नियंत्रण बरकरार रखा है। साथ ही उसने त्रिपुनिथुरा नगर पालिका को भी वाम मोर्चे से छीन लिया है। हालांकि पिछली बार जीती पंडालम नगर पालिका को वाम मोर्चा ने उससे छीन लिया है। बीजेपी को इस बार कुल पंद्रह फीसद से ज्यादा मत मिले हैं, जबकि उसके साथी दलों का मत प्रतिशत मिला दिया जाए तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बीस फीसद वोट हासिल हुआ है। राज्य में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों ने पार्टी को भारी जीत भले ही न दिलाई हो, लेकिन उत्साहजनक जरूर हैं। ये नतीजे पार्टी के लिए आने वाले दिनों की सफलताओं की बुनियाद हो सकते हैं। हालांकि कांग्रेस समर्थकों की ओर से तिरुअनंतपुरम् की जीत के लिए बीजेपी की बजाय कांग्रेस के नाराज चल रहे सांसद शशि थरूर को श्रेय दिया जा रहा है। अगले विधानसभा चुनावों में केरल में भाजपा भले ही बड़ी जीत ना हासिल कर सके, लेकिन वह महत्वपूर्ण उपस्थिति जरूर दर्ज कराएगी। इसका संकेत केरल के लोगों ने स्थानीय निकाय चुनावों में दे दिया है। बीजेपी इस बीच अगर नामदार चेहरे को अपने पाले में खींचने में कामयाब रहती है तो हो सकता है कि नतीजे और भी ज्यादा चौंकाऊ हों। निकाय चुनावों में चौंकाऊ कामयाबी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा दिया है। विधानसभा चुनावों में नतीजे कैसे होंगे, यह तब देखने की बात होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की संभावनाएं

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां



प्रद्युम्न सिंह तोमर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र आज अभूतपूर्व परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। राज्य सरकार ने ऊर्जा के क्षेत्र में ऐसे निर्णय लिए हैं, जो न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, बल्कि आने वाले दशकों की बढ़ती मांगों के अनुरूप मजबूत आधारशिला तैयार करते हैं। उनका लक्ष्य स्पष्ट है- हर घर, हर खेत और हर उद्योग को गुणवत्तापूर्ण, निर्बाध और किफायती बिजली उपलब्ध कराना।

इसी भावना को केंद्रीय तत्व मानते हुए ऊर्जा विभाग ने बीते वर्षों में योजनाओं, संरचनात्मक सुधारों, तकनीकी उन्नयन, निवेश संवर्धन और उपभोक्ता हित को केंद्र में रखते हुए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। राज्य में दीर्घकालिक और सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 4000 मेगावॉट ताप विद्युत क्षमता हेतु निविदा प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। यह संयंत्र डीबीएफओओ मॉडल के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे हैं, जिनके लिए कोयला आपूर्ति 'शक्ति' नीति के तहत सुनिश्चित की गई है। इस कदम से प्रदेश में लगभग 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की संभावनाएं बनी हैं, जिससे 5 से 7 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होगा और अनेक सहायक उद्योग भी गति पकड़ेंगे।

51711 नवीन नियमित पद स्वीकृत प्रदेश में विद्युत कंपनियों की संगठनात्मक संरचना का पुनर्गठन कर 51,711 नवीन नियमित पदों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे कंपनियों की कार्यक्षमता, क्षेत्रीय उपस्थिति तथा उपभोक्ता सेवाओं का प्रभावी विस्तार संभव हो सकेगा। स्वीकृत पदों में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के लिये 17402, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के लिए 16165, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के लिये 15690, पावर ट्रांसमिशन कम्पनी के लिये 1431 और पॉवर जनरेटिंग कम्पनी के लिये 1017 पद हैं। इनमें भर्ती प्रक्रिया जारी है। वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक पारेषण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु 5163 करोड़ रुपये के कार्य तथा सारनी व चचाई में 23,000 करोड़ रुपये लागत की 2×660 मेगावॉट की नई ताप विद्युत इकाइयों की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की गई है। गांधीसागर तथा राणा प्रताप सागर जल विद्युत गृह के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण की संयुक्त परियोजना को भी अनुमोदन किया गया है, जिससे जल विद्युत उत्पादन की क्षमता आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत होगी।

(लेखक मध्यप्रदेश शासन में ऊर्जा मंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

हाल में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया। पहली बार यह दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं। - *अरूण दुबे, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर गर्व



मैं उन सभी मेहनती भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने जनता के बीच काम किया और तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शानदार परिणाम सुनिश्चित किया। हमारे कार्यकर्ता हमारी शक्ति हैं और हमें उन पर गर्व है!
- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बस्तर बदल रहा



बस्तर बदल रहा है! जो बस्तर आए दिन वामपंथी उग्रवाद की हिंसा, हत्या और की घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहता था, वहाँ के युवा आज हथियार त्यागकर मुख्यधारा में लौट रहे हैं और अपनी प्रतिभा का हर क्षेत्र में लोहा मनवा रहे हैं। बस्तर ओलंपिक-2025 इस बदलाव का साक्षी है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### प्रदूषण के विरुद्ध लड़ाई



दिल्ली सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रदूषण के विरुद्ध इस लड़ाई में संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी, लेकिन काम में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। एमसीडी को 70 एमआरएस मशीनें दी गई हैं।
- **रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### आरएसएस की विचारधारा




आरएसएस की विचारधारा हमारे देश को नहीं बचा सकती, उल्टा ये इस देश को ख़त्म कर देंगे। बीजेपी-आरएसएस के लोग संविधान को ख़त्म करने की कोशिश में लगे हुए हैं। बीजेपी-आरएसएस के लोग फिर से गरीबों को गुलाम बनाना चाहते हैं।
- **मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# हांगकांग में हुई लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी भंग

हांगकांग की सबसे बड़ी लोकतंत्र समर्थक पार्टी ने 30 से अधिक वर्षों की सक्रियता के बाद रविवार को भंग होने के लिए मतदान किया, जो चीनी अर्ध-स्वायत्त शहर के कभी विविध राजनीतिक परिदृश्य के एक युग के अंत का प्रतीक है। 'डेमोक्रेटिक पार्टी' के अध्यक्ष लो किन-हई ने कहा कि पार्टी को भंग करने के पक्ष में करीब 97 प्रतिशत सदस्यों ने मतदान किया और यही पार्टी सदस्यों के लिए आगे बढ़ने का सबसे बेहतर रास्ता है। उन्होंने कहा, "समय बदल गया है और अब हमें गहरे अफसोस के साथ इस अध्याय को समाप्त करना पड़ रहा है। लो ने पहले कहा था कि पार्टी को भंग करने की दिशा में बढ़ने का फैसला मौजूदा राजनीतिक स्थिति और सामाजिक परिवेश को देखते हुए लिया गया है। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि कुछ सदस्यों को चेतावनी दी गई थी कि अगर पार्टी को खत्म नहीं किया गया तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। पार्टी का यह अंत उन घटती स्वतंत्रताओं को दर्शाता है, जिनका वादा 1997 में पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश के चीन के शासन में लौटने के समय किया गया था। चीन ने एक साल पहले हुए सरकार-विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बाद जून 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था।



## ऑफ बीट

# औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में हवा की धीमी गति और खराब मौसम के चलते रविवार को हवा इस साल की सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई और आसमान में स्मॉग की मोटी चादर के चलते दृश्यता भी कम रही। सांस लेने में हो रही दुश्वारी के बीच लोग मास्क पहने नजर आए। लोगों को आंख में जलन की दिक्कत भी हुई। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, रविवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 462 दर्ज किया गया है।

## कई जगह एक्यूआई 500 के पास पहुंचा, ग्रेप-4 लागू, कक्षाएं अब हाइब्रिड मोड में चलेंगी

# दिल्ली-एनसीआर में लगा सांसों का 'आपातकाल'

## रविवार सुबह की शुरुआत धुंध ,कोहरे और स्मॉग से भरी रही

### वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने पाबंदियां लागू की

दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शनिवार शाम ग्रेप 4 लागू कर दिया। शनिवार सुबह ग्रेप तीन पाबंदियों की घोषणा की गई थी। इसी के साथ अब दिल्ली में ग्रेप एक दो, तीन और चार की पाबंदियां लागू होंगी।दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बहुत तेजी से खराब हो रही है, जिस पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की समिति ने तत्काल प्रभाव से सबसे सख्त पाबंदियां लागू करने का फैसला किया।



औसत एक्यूआई 462 दर्ज किया गया

दिल्ली में वायु प्रदूषण, धुंध और कोहरे का एक नजारा

### एजेंसियों को निर्देश - नियंत्रण के उपाय करें

धीमी हवा, स्थिर वातावरण और खराब मौसम की वजह से प्रदूषक हवा में फैल नहीं पाए, जिससे प्रदूषण बढ़ता गया। इसके साथ ही एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अन्य संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रदूषण को और बढ़ने से रोकने के लिए अतिरिक्त निवारक कदम उठाएं। अधिकारियों का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। सीएक्यूएम ने सिटीजन चार्टर का पालन करने की अपील की है। इसके साथ ही लोगों को सचेत भी किया है।

### स्कूलों में पढ़ाई के दोनों विकल्प खुले

दिल्ली सरकार ने स्कूलों को लेकर अहम फैसला लिया है। 9वीं कक्षा तक और 11वीं के छात्रों की पढ़ाई अब हाइब्रिड मोड में कराई जाएगी। यानी जहां संभव होगा, वहां बच्चे स्कूल आकर पढ़ सकेंगे।

### 50 फीसदी स्टाफ के साथ खुलेंगे सरकारी और निजी दफ्तर

सभी सरकारी और निजी दफ्तर 50 फीसदी कर्मचारियों के साथ ही चलेंगे। बाकी को अनिवार्य रूप से वर्क फ्रॉम होम करना होगा।

### ये रहा दिल्ली का हाल

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 439, आनंद विहार में एक्यूआई 491, अशोक विहार में 493, आया नगर में 447, बवाना में 495, बुराड़ी में 473, चांदनी चौक इलाके में 462 एक्यूआई दर्ज किया गया है। डीटीयू में 493, द्वारका सेक्टर 8 में 454, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 411, आईटीओ में 482, जहांगीरपुरी में 495, लोधी रोड में 401 दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### धामी ने किया अटलजी की प्रतिमा का अनावरण

**मदनपल्ली।** उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी रविवार को आंध्र प्रदेश के मदनपल्ली में अटल-मोदी सुशासन यात्रा के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया। धामी ने कहा कि आंध्र भाजपा की ओर से राज्य के हर जिले में वाजपेयी की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है।



### बस और बोलेरो की टक्कर, 4 की मौत

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 4लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 3लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। बोलेरो सवार एक ही परिवार के लोग अस्थियां विसर्जित करने प्रयागराज जा रहे थे। घना कोहरा था।



### रोडवेज-स्कूल की बस में टक्कर,1 की मौत

**चरखी दादरी।** हरियाणा के चरखी दादरी में रोडवेज की बस एक प्राइवेट स्कूल की बस के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में 11वीं क्लास की छात्रा की मौत हो गई जबकि 18 बच्चे घायल हो गए। हादसा दादरी बिरोहड़ रोड पर हुआ। हादसे में स्कूल बस के परखच्चे उड़ गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### बाल-बाल बचे हरियाणा के मंत्री अनिल विज

**अंबाला।** हरियाणा के परिवहन और बिजली मंत्री अनिल विज रविवार को बाल-बाल बच गए। एक वाहन ने उनके सुरक्षा काफिले के बीच घुसकर सीधे उसकी कार को जोरदार टक्कर मारी। यह हादसा पड़ाव क्षेत्र में हुआ है। मंत्री अनिल विज के आगे और पीछे सुरक्षा वाहनों का काफिला चल रहा था।




## कांग्रेस की रामलीला मैदान में वोट चोरी के मुद्दे पर महारैली

# सत्य और असत्य की इस लड़ाई में चुनाव आयोग भाजपा के पक्ष में कर रहा काम

राहुल ने सरकार और स्वतंत्र संस्था पर लगाया बड़ा आरोप

### नेता प्रतिक्ष ने कहा- हम सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे



राहुल गांधी

भाजपा और संघ पर किया बड़ा हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की रामलीला मैदान में वोट चोरी महारैली के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये सत्य और असत्य की लड़ाई और चुनाव आयोग इस लड़ाई में भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है। राहुल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब तक सत्ता है केवल तभी तक अमित शाह बहादुर हैं। संसद में उनके हाथ कांप रहे थे। मैंने वोट चोरी को लेकर सवाल किए थे। उसकी सफाई कुछ दिनों बाद शाह ने संसद में दी। उन्होंने कहा कि सफाई देते हुए उनके हाथ कांप रहे थे। भाजपा के पास सत्ता है, वे वोट चोरी करते हैं, चुनाव के समय वे 10 हजार रुपए देते हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने इनके लिए कानून बदला, नया कानून लेकर आए और कहा कि चुनाव आयुक्त कुछ भी करे उनपर एक्शन नहीं लिया जा सकता, उन पर कार्रवाई नहीं हो सकती। हम सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे हैं और आप असत्य के साथ खड़े हो।

*मैंने वोट चोरी के सवाल किए तो गृहमंत्री शाह नहीं दे पाए कोई जवाब*

### मोदी, शाह और संघ की सरकार को हटाएंगे



महागठबंधन ने रामलीला मैदान में निकाली रैली

राहुल ने कहा कि जब मैं यहां आ रहा था तो मुझे बताया गया कि अंडमान निकोबार में मोहन भागवत ने एक बयान दिया है। गांधीजी कहते थे कि सत्य सबसे जरूरी चीज है, हमारे धर्म में सत्य को सबसे जरूरी माना जाता है लेकिन भागवत का बयान सुनिए- विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है उसे माना जाता है। यह मोहन भागवत की सोच है, यह संघ की विचारधारा है। हमारी, हिंदूस्तान, हिंदू धर्म और दुनिया के हर धर्म की विचारधारा यह कहती है कि सत्य सबसे जरूरी है लेकिन मोहन भागवत कहते हैं सत्य का कोई मतलब नहीं है, सत्ता जरूरी है। हम इन्हें हटाएंगे।

### बेटे के ऑपरेशन के लिए बेंगलुरु नहीं गया: खरगे



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वोट चोरी के खिलाफ कहा कि राहुल गांधी देश के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही देश को बचा सकती है। इसके लिए मैं बेटे के ऑपरेशन के लिए बेंगलुरु नहीं गया।

### जनता के मुद्दों पर बात नहीं करती सरकार: प्रियंका



कांग्रेस सांसद और पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार ने कहा कि हम पहले 'वंदे मातरम पर चर्चा करेंगे, फिर इस पर। कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद कर दिया गया। केंद्र सरकार जनता के मुद्दों पर बात नहीं करती।

### निष्पक्ष चुनाव असली मुद्दा: झा



कांग्रेस की विशाल रैली पर राजद के सांसद मनोज कुमार झा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम निष्पक्ष चुनाव जैसे असली मुद्दों से ध्यान भटका रहे हैं, जिसमें चुनाव आयोग की सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। बिहार चुनाव के दौरान हुए वित्तीय लेन-देन यह दिखाते हैं कि किसी भी तरह से वोट चुराने की कोशिश की गई।

### भाजपा सरकार वोट चोरी की सरकार: अजय



ओडिशा कांग्रेस के प्रभारी अजय कुमार लल्लू ने कहा कि जिस तरह देश में लोकतंत्र को बंधक रखा गया है। भाजपा सरकार वोट चोरी की सरकार है।

### राहुल दिल्ली की वोट चोरी के विषय में बात करेंगे?



आप दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा जिस दिल्ली के अंदर कांग्रेस वोट चोरी की शुरुआत कर रही है। पहले दिल्ली की बात नहीं की।

## कांग्रेस पार्टी अपने कर्मों की वजह से हार रही, दिल्ली में जीरो: हुसैन

### कांग्रेस की रैली पर भाजपा ने किया पलटवार



भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने एसआईआर के खिलाफ कांग्रेस द्वारा आज दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली पर कहा कि कांग्रेस पार्टी की रैली पूरी तरह विफल होगी। कांग्रेस पार्टी अपने कर्मों की वजह से हार रही है और वे ये बात जानते हैं। वे ईवीएम, एसआईआर और चुनाव आयोग पर अपना दोष मढ़ना चाहते हैं। कांग्रेस से उन्हीं के नेता सवाल पूछ रहे हैं, उनके नेतृत्व पर सवाल उठ रहा है। सवाल न उठे इसलिए वे लोग रैली कर रहे हैं। रैली में भीड़ बुलाकर भी कुछ होने वाला नहीं है।

### कब्र खुदेगी, माओवादी सोच और 'घुसपैठिया बचाओ रैली' थी: भंडारी



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता और महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों ने नारा लगाया कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। आज यह स्पष्ट हो गया है कांग्रेस की सोच माओवादी वाली सोच है। कांग्रेस इतनी हताश है। पीएम मोदी देशविरोधियों और भारत के बीच में एक चट्टान के रूप में खड़े हुए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता यह भी अंदाजा लगा रहे हैं कि जैसे दूसरे देशों में लोग सड़कों पर उतरे और लोकतंत्र को अस्थिर करने की कोशिश की, वैसा ही कुछ भारत में भी हो सकता है। कांग्रेस की रामलीला मैदान में 'घुसपैठिया बचाओ रैली' में सिर्फ एक बात कॉमन है। कांग्रेस देश की जनता के खिलाफ है। कांग्रेस पार्टी का असली मकसद देश में अस्थिरता पैदा करना है।

### मोदी को 150 गालियां दीं, अब ईसी को दे रहे



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि एजेंडा साफ है। यह एसआईआर के खिलाफ नहीं है, बल्कि संविधान पर वार है। कांग्रेस के नेता नारे लगा रहे हैं कि कब्र खुदेगी मोदी की, आज नहीं तो कल खुदेगी। पूनावाला ने आगे लिखा कि हाल ही में रागिनी नायक ने एआईवीडियो शेयर किया था, जिसमें चायवाले के रूप में दिखाया गया। तो एसआईआर के नाम पर वे पीएम मोदी को खत्म करना चाहते हैं? हाल ही में राहुल गांधी ने भी चुनाव आयोग को धमकी दी थी। अभी तक कांग्रेस ने पीएम मोदी को 150 से ज्यादा बार गालियां दी हैं।

## मुख्य आयोजक की पेशी

# 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया, जांच चल रही

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी के जीओएटी इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और मुख्य आयोजक शतद्रु दत्ता को कोलकाता की बिधाननगर कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी दत्ता को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। टूर के आयोजन से जुड़े मामलों में जांच चल रही है।



### फडणवीस, सचिन से मिले

लियोनेल मेस्सी अपने भारत दौरे के दूसरे चरण के तहत मुंबई पहुंचे। वानखेड़े स्टेडियम में वे बॉलीवुड की तमाम हस्तियों और अन्य मेहमानों से मुलाकात की और उनके साथ यादगार तस्वीरें ली। साथ ही वो फुटबॉल दिग्गज सुनील छेत्री और क्रिकेट के पूर्व महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से मिले। इसके बाद मेस्सी और इंटर मियामी के उनके साथी खिलाड़ी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल एक चैरिटी फैशन शो में रैंप वॉक किया।

## ऊर्जा अनुकूल और विश्वसनीय स्रोत



### राष्ट्रपति ने प्रतियोगिता के पुरस्कार प्रदान किए

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण सबसे पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा का सबसे विश्वसनीय स्रोत है। यह आज की अहम आवश्यकता है।

## हेडगेवार पर महायुति में रार'

# 'स्मृति मंदिर'नहीं पहुंचे पवार विकास को ही बताया आधार

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र की राजनीति में गरमागरमी आम है। खासकर तब जब राज्य में किसी भी प्रकार का चुनाव या फिर को राजनीतिक कार्यक्रम हो। तब यही सियासी गर्माहट अपने वास्तविक तपिश को छोड़कर सातवें आसमान पर पहुंच जाती है। एक बार फिर बयानबाजी तब तेज हो गई जब महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार रविवार को नागपुर में आरएसएस संस्थापक केबी हेडगेवार के स्मारक नहीं पहुंचे। चर्चा इस बात की भी तेज हो गई कि



क्या हेडगेवार को लेकर महायुति गठबंधन के दलों में रार चल रहा है? एनसीपी ने अजित पवार के नागपुर नहीं जाने का कारण बताया। पार्टी ने कहा कि वह महायुति गठबंधन में राज्य के विकास के लिए शामिल हुई है, न कि किसी विचारधारा को अपनाने के लिए।आनंद परांजपे ने यह बात कही।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सिंधिया का लेख किया साझा

# पूर्वोत्तर एक नया और आत्मविश्वासी भारत का चेहरा बना, उत्सव को साकार कर रहा

## नगालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को नगालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव की जीवंत भावना की सराहना की और इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा इसकी जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का एक शक्तिशाली प्रतीक बताया। पूर्वोत्तर को एक नए, आत्मविश्वासी भारत का चेहरा बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने लेख में उल्लेख किया कि नगालैंड केवल एक उत्सव नहीं मनाता बल्कि वह स्वयं उत्सव को साकार करता है, जो वास्तव में इसे 'त्योहारों की भूमि' का प्रमाण है।

### यहां की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की प्रशंसा की



पीएम मोदी ने केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री सिंधिया द्वारा एक अंग्रेजी दैनिक में लिखे गए लेख को साझा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नगालैंड की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की सराहना करते हुए कहा कि यह राज्य केवल एक महोत्सव की मेज़बानी नहीं करता, बल्कि यह स्वयं में एक उत्सव का प्रतीक है।

### पूर्वोत्तर चमकेगा तो राष्ट्र उन्नति

मोदी ने एक्स पर कहा कि इस मन को छू लेने वाले लेख में केंद्रीय मंत्री सिंधिया नगालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव को मानवीय भावना के विविध रंग ,प्राचीन तथा आधुनिकता के अद्भुत समन्वय के रूप में चित्रित करते हैं।

## श्रीलेखा की तिरुवनंतपुरम में लेफ्ट का गढ़ ढहाने में अहम भूमिका

# केरल की पहली महिला आईपीएस अब बनेंगी शहर की मेयर

## एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को चौंका दिया

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

भाजपा ने शनिवार को केरल के तिरुवनंतपुरम निगम चुनाव में शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत ने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को चौंका दिया। राज्य की सियासत में यह बड़ा उलटफेर था। अब सवाल यह है कि क्या केरल की पहली महिला आईपीएस अधिकारी आर. श्रीलेखा राजधानी में भाजपा की पहली मेयर बनेंगी। तिरुवनंतपुरम में जन्मी श्रीलेखा 1987 में केरल की पहली महिला आईपीएस अधिकारी बनीं।

तीन दशक तक कई जिलों में नेतृत्व किया



आर. श्रीलेखा

### 4 दशकों से वामपंथ का एक गढ़ रहा

तिरुवनंतपुरम 4 दशकों से वामपंथ का एक गढ़ रहा था, जिसे इस बार बार भाजपा ने भेद दिया है। इस हफ्ते केरल में दो चरणों में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ, जिसके बाद शनिवार को नतीजे सामने आए। इन नतीजों में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने तिरुवनंतपुरम निगम चुनाव में जोरदार जीत हासिल की और माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से निगम की सत्ता छीन ली।

### भाजपा ने मजबूत प्रदर्शन किया

कुल 101 वार्डों में से भाजपा ने अकेले 50 वार्डों में जीत हासिल की। जबकि एलडीएफ ने 29, यूडीएफ ने 19 और दो वार्ड निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीते। तिरुवनंतपुरम निगम के सस्थामंगलम वार्ड से जीत हासिल करने वाली श्रीलेखा को भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए का मेयर पद का चेहरा बन गई हैं। भाजपा के लिए यह अहम जीत है।

### मेयर बनाने का फैसला पार्टी करेगी

श्रीलेखा ने कहा कि मैंने सुना है कि सास्थमंगलम वार्ड में पहले किसी उम्मीदवार ने इतने बड़े अंतर से जीत हासिल नहीं की। हम जनादेश के लिए आभारी हैं। मेयर बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर पार्टी फैसला करेगी। सेवानिवृत्ति के बाद भी श्रीलेखा खबरों में रही, खासकर उनके उन बयानों के कराण। साथ ही उन्होंने कई अहम बातें कही हैं।

## बंदूक छीनने वाले की सोशल मीडिया पर हो रही तारीफ

# आतंकी गोलीबारी कर लाशों पर लाशें बिछा रहे थे तभी एक शख्स हमलावर पर टूटा और छीन ली बंदूक

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित प्रसिद्ध बोंडी बीच पर 14 दिसंबर 2025 को एक भयावह गोलीबारी की घटना हुई। यह हमला उस समय हुआ जब यहूदी समुदाय हनुक्का त्योहार की पहली रात का जश्न मना रहा था। हनुक्का इस वर्ष 14 दिसंबर की शाम से शुरू हुआ और 22 दिसंबर तक चलेगा।

घटना हनुक्का बाय द सी नामक एक सामुदायिक कार्यक्रम के दौरान हुई, जिसमें सैकड़ों परिवार शामिल थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काले कपड़ों में दो हमलावरों ने पुल से या आसपास से अंधाधुंध फायरिंग की। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई लोग जान बचाकर भागने लगे। न्यू साउथ वेल्स पुलिस के अनुसार, इस हमले में कई लोगों की मौत हुई, जिसमें एक हमलावर भी शामिल है। वीडियो में देखा जा सकता है कि हमलावर अंधाधुंध फायरिंग कर रहा है। तभी एक व्यक्ति ने अपनी जान की परवाह न करते हुए पीछे से आकर उसे दबोच लिया।

उस साहसी व्यक्ति ने हमलावर को निहत्था कर बंदूक अपने कब्जे में ले ली। इस बहादुरी के लिए अब सोशल मीडिया पर उसकी जमकर सराहना हो रही है। 15 सेकंड के वीडियो में निहत्था व्यक्ति खड़ी कारों के पीछे छिपा हुआ दिखाई देता है। वह पीछे से बंदूकधारियों की ओर दौड़ता है, उनकी गर्दन पकड़ता है और उनकी राइफल छीन लेता है।

### दुनियाभर में वायरल हुआ 15 सेकंड का वीडियो



वायरल वीडियो में युवक आतंकी को दबोचते हुए दिखा

### आतंकी हमले का पाकिस्तान कनेक्शन

बोंडी बीच पर गोलियां बरसाने वाले हमलावरों की पहचान का दावा किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के मुताबिक एक हमलावर का नाम नवीद अकरम है। वह पाकिस्तान का मूल निवासी है। अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि फिलहाल वह सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में रह रहा था। नाम न छापने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि नवीद अकरम का घर बोन्निरिग के उपनगर में है। यहां पर पुलिस अधिकारियों ने छापामारी की कार्रवाई को अंजाम दिया। सिडनी के न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त एम. लेनयॉन ने बताया कि इस हमले में दो पुलिस अधिकारियों समेत 29 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। राज्य प्रमुख क्रिस मिन्स ने कहा, इस हमले का निशाना सिडनी का यहूदी समुदाय था।



हादसे के वक्त का दृश्य

### माइकल वॉन की भी अटकी सांसें

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल वॉन रविवार को सिडनी के मशहूर बोंडी बीच पर पर्यटन के लिए पहुंचे थे। यहां उनकी सांसें तब अटक गईं, जब यहां आयोजित हो रहे यहूदियों के एक कार्यक्रम में कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चला दीं और इसमें कई लोगों की मरने की खबर हैं। जब यह घटना हुई तो वॉन जिस रेस्टोरेंट में मौजूद थे वहीं लॉक हो गए। वॉन ने इस घटना की जानकारी अपने एक्स हैंडल पर साझा की है। उन्होंने कहा कि वह दहशत भरे इस माहौल में रेस्टोरेंट में बंद थे और अब घर पर सुरक्षित हैं। वॉन ने इस घटना से सुरक्षित निकल जाने के बाद राहत की सांस ली और उन्होंने घर पहुंचकर सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर अपने इस भयानक अनुभव को साझा किया है। उन्होंने लिखा, बोंडी के एक रेस्टोरेंट में लॉक हो जाना बहुत डरावना था। अब सुरक्षित हूं.. लेकिन आपातकालीन सेवा और उस व्यक्ति को जो आतंकवादियों से लड़ा उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद.. जो भी इस घटना से प्रभावित हुए हैं उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।



पूर्व क्रिकेटर ने एक्स पर बयां किया दर्द

---

### कंबोडिया कर रहा सीजफायर का उल्लंघन

# ड्रोन छोड़े, गोले दागे हमले से परेशान थाईलैंड ने तटीय इलाकों में लगाया कर्फ्यू

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

कंबोडिया के साथ लड़ाई एक विवादित सीमा क्षेत्र के तटीय इलाकों तक फैलने के बाद थाईलैंड ने आज रविवार को अपने दक्षिण-पूर्वी त्रात प्रांत में कर्फ्यू लगा दिया। यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के दो दिन बाद हुई, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों पक्ष लड़ाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार सुबह वर्तमान स्थिति पर अपडेट दिया।



बैंकॉक पोस्ट ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रियर एडमिरल सुरसंत कोंगसिरी के हवाले से कहा कि थाईलैंड ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत ही जवाबी कार्रवाई की। उनके अनुसार, शनिवार रात 10 बजे से रविवार सुबह 1 बजे तक कंबोडिया ने पूर्वी थाईलैंड के त्राट प्रांत में ड्रोन भेजे और सुबह 4.15 बजे उत्तर-पूर्वी प्रांत सी सा केट में रॉकेट और गोले दागे। सुबह 5.15 बजे कंबोडिया ने थाईलैंड के उत्तर-पूर्व और पूर्व की पूरी सीमा पर फिर से हमले शुरू कर दिए। आरएडीम सुरसंत ने आरोप लगाया कि कंबोडिया युद्धविराम को तवज्जो नहीं दे रहा है।

उन्होंने कहा, कंबोडिया ने जैसा दावा किया था, वैसा सीजफायर नहीं किया है, उन्होंने उस रिपोर्ट का जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें कहा गया था कि कंबोडिया ने मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के एक प्रस्ताव पर सहमति जताई थी, जो एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस के चेयरमैन हैं। इस प्रस्ताव के तहत थाईलैंड और कंबोडिया को शनिवार रात 10 बजे तक सीजफायर करना था। उन्होंने आगे कहा कि रॉयल थाई नेवी त्रात के चार जिलों-ख्लोंग याई, बो राय, खाओ समिंग और मुआंग में शाम 7 बजे से सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू लगाएगी। इससे पहले पूरब में सा काओ के चार जिलों में कर्फ्यू लगाया गया था।

#### थाई सेना ने एक पुल को नष्ट कर दिया

शनिवार शाम भी रक्षा मंत्रालय ने अपडेट दिया था। बताया था कि थाई सेना ने एक पुल को नष्ट कर दिया है जिसका इस्तेमाल कंबोडिया इस क्षेत्र में भारी हथियार और अन्य उपकरण पहुंचाने के लिए करता था और कंबोडिया के तटीय कोह कोंग प्रांत में पहले से तैनात तोपखाने को निशाना बनाते हुए एक ऑपरेशन शुरू किया। दक्षिण-पूर्वी एशियाई पड़ोसी देशों ने इस साल कई बार हथियारों का इस्तेमाल किया है, जब मई में एक झड़प में एक कंबोडियन सैनिक मारा गया था, जिससे एक ऐसा संघर्ष फिर से शुरू हो गया है जिसने सीमा के दोनों ओर लाखों लोगों को विस्थापित कर दिया है।

## आज से शुरू होगी पीएम मोदी की विदेश यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी सोमवार से तीन देशों के दौरे पर जा रहे हैं। पीएम मोदी का यह दौरा चार दिन का होगा, जिस दौरान वो जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा करेंगे। पीएम मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापार, रक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देना है। पीएम मोदी की विदेश यात्रा की शुरुआत 15 दिसंबर से होगी। 15-16 दिसंबर को पीएम मोदी जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।



---

### दावोस में डब्ल्यूईएफ की सालाना बैठक 19 से 23 जनवरी तक होगी

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहित 4 राज्यों के सीएम और 100 से अधिक सीईओ करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले महीने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारत के चार राज्यों के मुख्यमंत्री और सौ से अधिक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे। 19 से 23 जनवरी तक इस पांच दिवसीय वार्षिक बैठक में कई केंद्रीय मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है।

बैठकर में करीब 130 देशों के वैश्विक नेता भाग लेंगे, जिनमें लगभग 60 देशों के राष्ट्रध्यक्ष भी शामिल होंगे। इस वार्षिक बैठक में जिन चार राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे, उनमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शामिल हैं। इन चार राज्यों के अलावा, उत्तर प्रदेश समेत कुछ और राज्यों की भी डब्ल्यूईएफ की बैठक में खास मौजूदगी होने की संभावना है। इस बैठक का विषय 'संवाद की भावना' रखा गया है। केंद्रीय मंत्रियों के नाम जल्द ही घोषित किए जा सकते हैं।

वैश्विक नेताओं में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय एस बंगा, आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जिवा, यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टिन लैगार्ड, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस, यूनेस्को के महानिदेशक खालेद एल-एनानी, डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक नगोजी ओकोंजो-इवेआला और लंदन के मेयर सादिक खान शामिल होंगे।

**बैठक में 3,000 वैश्विक नेता शामिल होंगे, संवाद की भावना पर होगा मंथन**

**नवाचार, विकास और वैश्विक सहयोग जैसे मुद्दों पर रहेगा फोकस**



मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव




बैठक की तैयारियां अंतिम चरण में

#### ये उद्योगपति भी करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

*दावोस में शामिल होने वाले प्रमुख उद्योगपतियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन, बजाज समूह के संजीव बजाज और जुबिलेंट भरतिया समूह के हरी एस भरतिया शामिल हैं।*

*इस बैठक में भारत के कॉर्पोरेट जगत से जिन लोगों के शामिल होने की संभावना है, उनमें एक्सिस बैंक के अमिताभ चौधरी, गोदरेज इंडस्ट्रीज के नादिर गोदरेज, जेएसडब्ल्यू समूह के सज्जन जिंदल, जेरोधा के निखिल कामत, भारती समूह के सुनील भारती मित्तल, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी, इंफोसिस के सीईओ सलिल पारेख, विप्रो के रिशद प्रेमजी, एसर के सीईओ प्रशांत रुइया, पेटीएम के विजय शेखर शर्मा और रिन्यू के सीईओ सुमंत सिन्हा शामिल हैं। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के कई उपक्रमों के प्रमुख भी वहां मौजूद रहेंगे, जिनमें गैस ग्रिड इंडिया के संदीप कुमार गुप्ता, एसबीआई के चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी, एनटीपीसी के गुरदीप सिंह और आरईसी के जितेन्द्र श्रीवास्तव शामिल हैं।*

**रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी, टाटा समूह के एन चंद्रशेखरन होंगे शामिल**

#### पाकिस्तान भी रहेगा शामिल

*पाकिस्तान से प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी भी बैठक में मौजूद रहेंगे।*

*इस बैठक में जी7, जी20, ब्रिक्स देशों के नेताओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख भी शामिल होने की संभावना है।*

---

### खबर संक्षेप

#### मंदिर गिरा भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका से एक बड़ी खबर सामने आई है।



साउथ अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत में निर्माणाधीन चार मंजिला हिंदू मंदिर धराशायी हो गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 52 साल के भारतीय मूल का व्यक्ति भी शामिल है। दरअसल, ईथेक्विनी के उत्तर में रेडक्लिफ में एक खड़ी पहाड़ी पर बने न्यू अहोबिलम टेम्पल ऑफ प्रोटेक्शन का शुक्रवार को विस्तार किया जा रहा था, इसी दौरान इमारत का हिस्सा ढह गया। कितने मजदूर दबे हैं इसकी सही संख्या पता नहीं चल सकी है।

#### हमले में दो अमरीकी सैनिक सहित 3 की मौत

**वॉशिंगटन।** सीरिया में इस्लामिक स्टेट-आईएस के हमले में दो अमरीकी सैनिक और एक अमरीकी दुभाषिए की मौत हो गई है। तीन सैनिक घायल भी हुए हैं। जानकारी के अनुसार, हमलावर को मार गिराया गया है। अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे अमरीका पर आईएसआईएस का हमला बताया। घायल सैनिकों की हालत ठीक है और हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा। यह पहला मौक़ा है जब बशर अल-असद सरकार गिरने के बाद सीरिया में किसी अमरीकी की मौत हुई है।



---

#### जीपीएस हस्तक्षेप की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय

## वैश्विक एयरलाइंस समूह ने पायलटों को दी बेहद सतर्क रहने की सलाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक एयरलाइंस संगठन इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने कहा कि उड़ानों के दौरान जीपीएस प्रणाली को बाधित करने घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जो चिंता का विषय हैं और पायलटों को पहले से ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

आईएटीए दुनिया की करीब 360 एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करता है, जो वैश्विक हवाई यातायात का 80 हिस्सा से ज्यादा हिस्सा संभालती हैं। एअर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट भी इस संगठन का हिस्सा हैं।



फाइल फोटो

हाल के समय में दिल्ली, मुंबई,कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बंगलूरू और चेन्नई हवाई अड्डे पर भी जीपीएस स्पूफिंग (गलत सिग्नल भेजकर भ्रमित करना) और इंटरफेरेंस (बाधा डालना) की घटनाएं सामने आई हैं।

#### जीपीएस प्रणाली में बाधा के चलते बढ़ी घटनाएं

इस हफ्ते जिनेवा में हुई बातचीत के दौरान आईएटीए के अधिकारियों ने कहा कि जीपीएस प्रणाली में बाधा डालने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि गलत सिग्नल भेजकर भ्रमित करने और बाधा पहुंचाने की घटनाओं के कारण पालयटों को ऑपरेशन के दौरान ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह समस्या अब पूरी दुनिया में मौजूद है।

#### भारत टैक्स पारदर्शिता में मजबूत अगुवा

## विदेशी टैक्स चोरी पर 29 हजार करोड़ का हुआ बड़ा खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने विदेशी टैक्स चोरी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस बात का दावा वैश्विक आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के एक शीर्ष अधिकारी ने की। उन्होंने कहा कि भारत विदेशी टैक्स चोरी (ऑफशोर टैक्स एवेज़न) के खिलाफ पारदर्शिता लागू करने में दुनिया के मजबूत देशों में शामिल है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत की पारदर्शी टैक्स नीतियों और आयकर विभाग के हालिया अभियान से 29 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की अघोषित विदेशी संपत्तियों का खुलासा हुआ है। यह भारत की मजबूत वैश्विक भूमिका और सख्त टैक्स व्यवस्था को दर्शाता है। एक सक्षात्कार में ओईसीडी की टैक्स पारदर्शिता और सूचना आदान-प्रदान से जुड़े ग्लोबल फोरम की सचिवालय प्रमुख जायदा मैनाटा ने यह बात कही।



सांकेतिक तस्वीर

#### फ्रांसीसी रिपोर्ट से मिले बड़े संकेत

## अब राफेल एफ-5 खरीदने की तैयारी कर रहा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के साथ राफेल लड़ाकू विमानों को लेकर चल रही बातचीत के बीच फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय से कुछ जानकारियां लीक हुई हैं। लीक हुई एक जानकारियों से पता चलता है कि भारत, 90 राफेल एफ4 मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट खरीदने का इरादा रखता है। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना के लिए 24 नेक्स्ट-जेनरेशन राफेल एफ-5 वेरिएंट को भी अतिरिक्त ऑप्शन के तौर पर रखा गया है, यानि भारत एफ-5 राफेल खरीदने के लिए भी बात कर रहा है।



फाइल फोटो

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायुसेना ने मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (एमआरएफए) को शामिल करने में तेजी लाने के लिए पिछले दिनों भारतीय रक्षा मंत्रालय को 114 राफेल खरीदने का प्रस्ताव भी दिया था।

---

#### लूथरा ब्रदर्स ने भागने के लिए थाईलैंड चुना

## साथी भी हो गया था फरार,गोवा अग्निकांड की जांच में जुड़ी कड़ियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में हुई अग्निकांड मामले में जांच जारी है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, इस मामले में नई कड़ियां जुड़ती जा रही हैं।



शुरुआती जांच में पता चला है कि इस नाइट क्लब में सुरक्षा मानदंडों का बड़े पैमाने पर उल्लंघन हुआ। वहीं, गोवा के अरपोरा में स्थित नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' चलाने वाले गौरव लूथरा, सौरभ लूथरा और अजय गुप्ता पर घातक आगजनी के सिलसिले में गैर इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज होने के बाद वे मुश्किल में फंस गए हैं। लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड के फुकेट से हिरासत में लिया गया है। वहीं, उनको वापस लाने का प्रयास जारी है। इधर, अजय गुप्ता को दिल्ली के एक अस्पताल से हिरासत में लिया गया है। अभी तक की जांच में पाया गया है कि जिस दौरान गोवा के नाइट क्लब में आग लगी, लूथरा ब्रदर्स दिल्ली में किसी शादी समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे।

### अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी मामला

#### करीब 1 हजार करोड़ की साइबर धोखाधड़ी की

## सीबीआई ने 4 विदेशियों सहित 17 आरोपियों और 58 कंपनियों पर चार्जशीट दायर कर दी

*27 स्थानों पर तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और अहम दस्तावेज जब्त किए गए*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल चार चीनी नागरिकों और 58 कंपनियों सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अधिकारियों ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन आरोपियों ने सौ से अधिक फर्जी कंपनियां बनाईं और एक हजार करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी की। ये सभी साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे, जो शेल कंपनियों के जरिए धोखाधड़ी करते थे। यह नेटवर्क पोंजी योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) मॉडल के साथ-साथ फर्जी ऐप और नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहा था। सीबीआई के अनुसार, यह मामला गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4सी) से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर दर्ज किया गया था। शुरुआती तौर पर यह अलग-अलग ऑनलाइन ठगी की शिकायतें लग रही थीं, लेकिन गहन जांच में लोन ऐप, फर्जी निवेश योजनाओं, पोंजी और एमएलएम स्कीम, पार्ट-टाइम नौकरी के झूठे ऑफर और धोखाधड़ी वाले ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के पीछे एक संगठित सिंडिकेट का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि साइबर अपराधियों ने गूगल विज्ञापनों, बल्क एसएमएस, एसआईए बॉक्स, क्लाउड सर्वर, फिनटेक प्लेटफॉर्म और सैकड़ों फर्जी बैंक खातों के जरिए एक जटिल डिजिटल ढांचा तैयार किया था।



~~उस साहसी व्यक्ति ने हमलावर को~~

#### जांच में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का संदिग्ध लेन-देन

सीबीआई ने इस नेटवर्क की रीढ़ 111 शेल कंपनियों को बताया, जिन्हें फर्जी निदेशकों, गलत दस्तावेजों और झूठे पते के आधार पर बनाया गया था। इन कंपनियों के जरिए विभिन्न पेमेंट गेटवे पर मर्चेंट अकाउंट खोले गए। जांच में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक के संदिग्ध लेन-देन का पता चला, जिसमें एक खाते में ही 152 करोड़ रुपए से अधिक की रकम जमा हुई थी। कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, झारखंड और हरियाणा में 27 स्थानों पर तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और अहम दस्तावेज जब्त किए गए। फोरेंसिक जांच से यह भी सामने आया कि विदेशी नागरिक विदेश से पूरे नेटवर्क को नियंत्रित कर रहे थे।

इस परिवर्तनशील संसार में जन्म और मृत्यु शाश्वत सत्य हैं। देह नश्वर है, किंतु कर्म अमर होते हैं। जो व्यक्ति अपने जीवन को केवल अपने तक सीमित न रखकर समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित कर देता है, वही वास्तव में युग-पुरुष कहलाता है। ऐसे ही कर्मयोगी, वैदिक जीवन-दृष्टा और आर्य समाज के सच्चे अनुयायी थे चौधरी मित्रसेन आर्य जी, जिनकी जयंती केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि आत्ममंथन और आत्मानुकरण का पर्व है। घर पर रहकर वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, सत्यार्थ प्रकाश और आर्ष साहित्य का गंभीर अध्ययन करते हुए उन्होंने स्वयं को ज्ञान-संपन्न बनाया। उनका व्यक्तित्व बताता है कि शिक्षा डिग्री की मोहताज नहीं होती, वह संस्कार और साधना से जन्म लेती है।

# अमर विचार, अमिट प्रेरणा : चौधरी मित्रसेन आर्य

*'स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्।'*
*अर्थात वही जन्म सार्थक है, जिससे परिवार, समाज और राष्ट्र उन्नति की ओर बढ़े।*

इतिहास केवल राजाओं और युद्धों से नहीं बनता, वह उन व्यक्तित्वों से बनता है जो मौन रहकर समाज की दिशा बदल देते हैं। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो केवल अपने समय के नहीं होते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रकाश स्तंभ बन जाते हैं। ऐसे ही महान कर्मयोगी थे चौधरी मित्रसेन आर्य जी। उनका जीवन ज्ञान, कर्म और भक्ति के समन्वय का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने हमेशा आम जनमानस की भलाई के काम किया। उनकी जयंती केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है कि किस प्रकार सीमित संसाधनों से उठकर कोई व्यक्ति राष्ट्र, समाज और संस्कृति के लिए स्थायी योगदान दे सकता है।

चौधरी मित्रसेन आर्य जी का संपूर्ण जीवन कर्मयोग, परोपकार और वैदिक जीवन-दर्शन का सजीव उदाहरण रहा है। उनकी जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि व्यक्ति यदि संकल्प, श्रम और संस्कार के साथ आगे बढ़े, तो वह न केवल अपना भाग्य, बल्कि समाज की दिशा भी बदल सकता है। चौधरी मित्रसेन जी का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हरियाणा में हिसार जिले के गांव खांडा खेड़ी में एक वैदिक संस्कारों से युक्त, राष्ट्रभक्त परिवार में हुआ। उनके पिता चौधरी शीशराम जी उच्च आदर्शों के धनी, सत्यनिष्ठ और आर्य समाज के विचारों से प्रेरित व्यक्ति थे। चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जीवन प्रारंभ से ही संघर्ष, अनुशासन और संस्कारों की प्रयोगशाला रहा। बाल्यावस्था में ही पिता की दृष्टि चली जाने से परिवार का भार उनके कंधों पर आ गया। औपचारिक शिक्षा बाधित हुई, लेकिन ज्ञान की साधना कभी रुकी नहीं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि शिक्षा केवल विद्यालय की चार दीवारों तक सीमित नहीं। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, सत्यार्थ प्रकाश और आर्ष साहित्य का गहन अध्ययन उन्होंने स्वाध्याय से ही किया। महर्षि दयानंद सरस्वती और वैदिक संस्कृति का उनके जीवन पर गहरा प्रभाव था। इसी वैचारिक पूंजी ने आगे चलकर उनके जीवन की दिशा तय की।

### कर्म को ही पूजा मानने वाला व्यक्तित्व


चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जीवन-दर्शन स्पष्ट था। वे कर्म में विश्वास रखते थे और उनके आचरण में सत्यनिष्ठा थी। वे आलस्य को सबसे बड़ा पाप मानते थे। अथर्ववेद का यह भाव 'कृतं में दक्षिणे हस्ते जयो में सव्य आहितः' उनके जीवन का सूत्रवाक्य बन गया था। सीमित संसाधनों से आरंभ कर उन्होंने पुरुषार्थ के बल पर उद्योग और कृषि दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय ऊंचाइयां प्राप्त कीं, परंतु सफलता के बावजूद उनके भीतर अहंकार का एक अंश तक नहीं आया। वे हमेशा कहते थे यश और वैभव एक साधन हैं, साध्य नहीं।

### 'कृषि विशारद सम्मान' से अलंकृत

आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक सोच और अथक परिश्रम के बल पर उन्होंने ऐसे कृषि फार्म और उद्यान विकसित किए, जिन्होंने देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने 23 दिसंबर 2003 को उन्हें 'कृषि विशारद सम्मान' से अलंकृत किया, जबकि हरियाणा सरकार ने भी चौधरी देवीलाल कृषि पुरस्कार (2002-03) से चौधरी मित्रसेन आर्य जी को सम्मानित किया।

### दान और परोपकार को सिद्धांत बनाया

चौधरी मित्रसेन जी ने अपने रोहतक स्थित निवास में भव्य यज्ञशाला का निर्माण कराया। वहां प्रतिदिन परिवार सहित संध्या, हवन, स्वाध्याय, सत्संग और ध्यान होता था। यह परंपरा आज भी उनके परिवार द्वारा निभाई जा रही है, जो उनके संस्कारों की जीवंत विरासत है। उनका एक और महत्वपूर्ण सिद्धांत था दान और परोपकार। वे वेदों के इस सूत्र को गहराई से मानते थे कि जो अकेला भोगता है, वह पाप का भागी होता है। इसी भावना से वे अपने पुरुषार्थ से अर्जित धन का बड़ा भाग समाज कल्याण में अर्पित करते थे। उनका दान दिखावे के लिए नहीं, बल्कि सात्विक भावना से प्रेरित था। उनके दान से देश के कई प्रांतों में गुरुकुल, आश्रम, गोशालाएं, अनाथालय और शिक्षण संस्थान स्थापित हुए।



चौधरी मित्रसेन आर्य जी

**जन्म :** 15 दिसंबर 1931, खांडाखेड़ी (हिसार)
**प्रेरणा स्रोत :** वेद, महर्षि दयानंद सरस्वती
**पहचान :** उद्योगपति, समाजसेवी, वेदानुगामी
**विशेष योगदान:** शिक्षा, आदिवासी-वनवासी सेवा, वैदिक साहित्य प्रकाशन
**निर्वाण :** 27 जनवरी 2011

### हरियाणा, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में गुरुकुल

चौधरी मित्रसेन आर्य जी के सहयोग से ओडिशा में अनेक गुरुकुलों की स्थापना हुई, जहां हजारों आदिवासी और निर्धन बच्चे वेदों की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह कार्य केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कृति और आत्मगौरव के पुनर्निर्माण का भी अभियान था। झज्जर, रोहतक, जींद, मुरादाबाद, गौतम नगर, मंझावली, पोंधा आदि क्षेत्र उनकी समाजसेवी दृष्टि के प्रमाण हैं। पतंजलि जैसे संस्थानों को भी उनका स्नेह और सहयोग प्राप्त हुआ। आर्य समाज, सन्यासी, विद्वान, लेखक और सामाजिक संस्थाएं उनके सहयोग से सशक्त हुईं। उनका जीवन इस संस्कृत उक्ति को सार्थक करता है, 'परोपकाराय संतः विभूतयः' अर्थात सज्जनों की संपत्ति परोपकार के लिए होती है।

### हर व्यक्ति को मित्र मानते थे

उद्योग के क्षेत्र में उनका प्रवेश भी दूरदर्शी था। 1957 में रोहतक में स्थापित लेथ एवं इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना और 1961 में उड़ीसा के बडबिल में रोहतक इंजीनियरिंग वर्क्स की स्थापना की। यह उस समय की बात है जब क्षेत्रीय सीमाएं मानसिक अवरोध बन जाती थीं। उनके लिए देश एक था और कर्मभूमि समूचा भारत। चौधरी मित्रसेन आर्य जी की सबसे बड़ी पहचान उनकी मानवीय दृष्टि थी। वे मालिक और कर्मचारी के बीच की दीवारों को नहीं मानते थे। उनके लिए हर व्यक्ति मित्र था, चाहे वह उच्च अधिकारी हो या साधारण कर्मी। गीता का यह सिद्धांत 'जो व्यवहार अपने लिए नहीं चाहते, वह दूसरों से भी न करें' उनके व्यवहार में प्रत्यक्ष दिखता था। उनके संपर्क में आने वाला हर व्यक्ति उनके स्नेह, सरलता और आत्मीयता का साक्षी है।

### शिक्षा : सामाजिक परिवर्तन की कुंजी

चौधरी मित्रसेन जी भली-भांति जानते थे कि समाज का उत्थान बिना शिक्षा के असंभव। इसी सोच के साथ उन्होंने आदिवासी, वनवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया। गुरुकुलों और शिक्षण संस्थानों की स्थापना केवल भवन निर्माण नहीं थी, बल्कि संस्कार निर्माण का अभियान था। विशेष रूप से नारी शिक्षा उनके चिंतन का केंद्र थी। उनका विश्वास था कि शिक्षित नारी दो पीढ़ियों को संस्कार देती है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और हरियाणा में संचालित अनेक संस्थान आज भी उनकी दृष्टि के साक्ष्य हैं।

### सेवा वही जो दिखावे से दूर रहे

प्राकृतिक आपदाएं हों या सामाजिक संकट के समय वे कभी पीछे नहीं हटे। लातूर, कच्छ और भुज के भूकंप पीड़ितों के पुनर्वास में उनका योगदान मौन, लेकिन निर्णायक था। दो गांवों को गोद लेकर सैकड़ों परिवारों को पुनः बसाना उनके सेवा-भाव का उदाहरण है। वे सहायता को प्रचार नहीं बनाते थे। जरूरतमंद की पहचान कर, बिना शोर सहायता पहुंचाना उनकी कार्यशैली थी।

### वैदिक साहित्य और विचार-प्रसार

चौधरी मित्रसेन आर्य केवल संस्थापक नहीं, बल्कि विचारों के संरक्षक थे। उन्होंने अपने निजी संसाधनों से वैदिक, आर्य समाजी और ज्ञानवर्धक साहित्य का प्रकाशन कराया। सत्यार्थ प्रकाश सहित अनेक ग्रंथों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का उनका प्रयास था। उनकी आकांक्षा थी कि महर्षि दयानंद सरस्वती के विचार केवल मंचों तक सीमित न रहें, बल्कि जन-जीवन का अंग बनें। यही कारण था कि वे प्रचार से अधिक प्रकाशन और शिक्षा पर बल देते थे।

भले ही 27 जनवरी 2011 को उनका शरीर पंचतत्वों में विलीन हो गया, किंतु उनके विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। वर्तमान समय में, जब मूल्यबोध का संकट दिखाई देता है, जो चौधरी मित्रसेन जी का जीवन हमें यह स्मरण कराता है कि वैदिक मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने प्राचीन काल में थे। उनके विचार आज भी जीवित हैं, संस्थानों में, पुस्तकों में और उन लोगों के आचरण में जिन्होंने उन्हें देखा, सुना और समझा। आज भी चौधरी मित्रसेन आर्य जी जैसे व्यक्तित्व प्रकाश-स्तंभ बनकर सामने आते हैं। उन्होंने दिखाया कि उद्योग, अध्यात्म, संपन्नता, सादगी, परंपरा और आधुनिकता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य कर्म, ज्ञान और करुणा की त्रिवेणी थे। उनकी जयंती पर यही सच्ची श्रद्धांजलि है कि हम उनके बताए पथ पर एक कदम भी चल सकें।



## मन में हमेशा सेवाभाव

### हिसार में जन्मे

चौ. मित्रसेन आर्य जी का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडा खेड़ी गांव में स्वतंत्रता सेनानी एवं आर्य समाजी परिवार में हुआ।

### 1948 में विवाह

चौधरी मित्रसेन जी का विवाह सन 1948 में जींद जिले के जुलानी गांव के किसान अमृत सिंह की सुपुत्री परमेश्वरी देवी के साथ हुआ। उनसे नौ संतानें हुईं। इनके पुत्रों के नाम कैप्टन रुद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सत्यपाल और देव सुमन हैं, जबकि पुत्रियों के नाम दया, विमला और मधु हैं।

### हिंदी आंदोलन में जेल

चौ. मित्रसेन जी हिंदी सत्याग्रह आंदोलन के दौरान 9 अगस्त से 19 दिसंबर 1957 तक हिसार जेल में बंद रहे। उन्होंने ऐसे समय सत्याग्रह में भाग लिया।

### शहीदों के परिजनों का सम्मान

स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति चौ. मित्रसेन के मन में अगाध श्रद्धा थी। वे शहीद स्थलों को तीर्थ स्थलों के समान मानते थे। कारगिल युद्ध के समय मोर्चे पर देश की आन बान और शान के लिए लड़ते हुए हरियाणा के 250 रणबांकुरे शहीद हो गए। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने शहीदों के परिवारजनों को एक-एक लाख रुपये की मदद दी।

### परममित्र मानव निर्माण संस्थान

चौ. मित्रसेन जी ने परममित्र मानव निर्माण संस्थान के माध्यम से अपना जीवन पूरी तरह समाज को समर्पित कर दिया था। वे इसके जरिये जहां दुर्लभ और लुप्त हो रहे लोक साहित्य का प्रकाशन कर रहे थे, वहीं वंचित, जरूरतमंद और समाजसेवा में लगे विभिन्न संस्थानों को वित्तीय तथा अन्य सहयोग प्रदान कर रहे थे।

### प्रेरणा दे रहा भारत मित्र स्तम्भ

स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की स्मृति में उनके पैतृक गांव खांडा खेडी में बनाया गया भारत मित्र स्तम्भ आज सभी को प्रेरणा दे रहा है। इस मित्र स्तम्भ में भारतीय संस्कृति, इतिहास, धर्म और वीरता का एक अद्भुत प्रतीक है, जो उनके जीवन और वैदिक मूल्यों के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इसमें भारत के 21 परमवीर चक्र विजेताओं की प्रतिमाएँ हैं। प्राचीन परंपराओं, संतों की वाणी और सामाजिक एकता का चित्रण है। इसमें लगी घड़ियां हर घंटे 'ॐ' की ध्वनि निकालती हैं, जो आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करती हैं। यह केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि भारतीयता का सजीव प्रतीक है, जो युवाओं को राष्ट्रभक्ति और भारतीय मूल्यों से जोड़ने का कार्य करता है।

## राजधानी समाचार

रामचंद्र का सेवक हूं मैं भगवा रंग में रहता हूं, जयश्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा मेला परिसर

# प्रदेश का सबसे बड़ा भोजपाल महोत्सव मेला, 18 दिन और रहेगा रोमांच

- **मास्टर सलीम की प्रस्तुतियों पर लोग झूम उठे**
- **मंत्री सारंग ने की मेला समिति के प्रयासों की सराहना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी का भेल दशहरा मैदान रविवार को भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। मेला के सांस्कृति मंच पर मास्टर सलीम की प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

मास्टर सलीम के रामचंद्र का सेवक हूं, मैं भगवे के रंग में रहता हूं की प्रस्तुति ने पूरे मेला परिसर को धर्ममय बना दिया और दर्शकों के जयश्री राम के जयकारों से मेला परिसर गुंजायमान हो उठा।



राजा भोज की प्रतिकृति के पास मंत्री सारंग के साथ मेला समिति के पदाधिकारी।


भोजपाल महोत्सव मेले में उमड़ी लोगों की भीड़।

### सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास ने किया दीप जलाकर शुभारंभ

देश विदेश में धमाल मचाने के बाद मास्टर सलीम भोपाल में चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में रविवार को प्रस्तुति देने पहुंचे। उन्होंने मैं रामचंद्र का सेवक हूं से अपने भजन और गीतों की शुरुआत की। इसके बाद तुम्हे दिल लगी भूल जानी पड़ेगी सहित एक से बढ़कर एक सुमधुर गीतों को गाया। शाम 7.30 बजे मुख्य अतिथि सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, विशिष्ठ अतिथि भेल ईडी प्रदीप कुमार उपाध्याय, जीएम एचआर टीयू सिंह, मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संजोयक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नगर सहित मेला टीम ने गणेश वंदना और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि भोजपाल महोत्सव मेला मंच पर देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। रविवार को प्लेबैक सिंगह मास्टर सलीम अपनी गीत गजलों से लोगों का मनोरंजन किया। इससे पहले भी बॉलीवुड के कई गायकों के साथ ही लोक गायकों और लोकनृत्यों की टोलियां अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं।

वर्ष 1964 से भोपाल में संचालित हो रहा है विद्यालय

# मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल को मध्यप्रदेश के बेस्ट अवॉर्ड श्रेणी का मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटी नगर को मुंबई में स्टार एजुकेशन अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार मध्यप्रदेश के बेस्ट स्कूल की श्रेणी में प्राप्त हुआ है। स्कूल की प्राचार्य रेखा शर्मा ने यह पुरस्कार मुंबई में प्राप्त किया।

अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन रविवार को टाइम्स ऑफ इंडिया और ईएसएफई के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। देश के स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सुधार विषय पर 150 से अधिक वैश्विक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

**स्कूल की प्राचार्य रेखा शर्मा ने पुरस्कार मुंबई में प्राप्त किया**




### डॉ. दीपक बोहरा ने शिक्षा पर विचार व्यक्त किए

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य कार्यकारी और सचिव कॉउंसिल फॉर द इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन डॉ. जोसेफ एमैनुएल, अध्यक्ष पोद्दार एजुकेशन नेटवर्कस्वाति पोपट वत्स, पूर्व भारतीय राजदूत और प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार डॉ. दीपक बोहरा ने शिक्षा के क्षेत्र में लगातार हो रहे सुधार पर विचार व्यक्त किए। मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटी नगर को इस शैक्षणिक सत्र में अक्टूबर माह में एजुकेशन वर्ल्ड इण्डिया स्कूल रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हो चुका है। भोपाल के टीटी नगर में मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन वर्ष 1964 से माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा किया जा रहा है।

कंपनी के खाते में जमा कराया गया राजस्व

# लोक अदालत में बिजली संबंधी 14 हजार से अधिक प्रकरणों में दी 9 करोड़ 2 लाख रुपए से अधिक की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल एवं ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में विद्युत संबंधी 14 हजार 328 प्रकरणों का निराकरण करते हुए, विद्युत उपभोक्ताओं को 09 करोड़ 2 लाख, 5 हजार रूपए की छूट प्रदान करते हुए, कुल 17 करोड़ 47 लाख 65 हज़ार रुपए का राजस्व कंपनी के खाते में जमा कराया गया है।


क्षितिज सिंघल

लोक अदालत में नियमानुसार भोपाल क्षेत्र के अंतर्गत लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन के कुल 8 हजार 149 मामलों में 14 करोड़ 80 लाख 15 हजार की मांग के एवज में 5 करोड़ 23 लाख, 56 हजार रूपये की छूट प्रदान करते हुए 9 करोड़ 56 लाख 59 हजार की राशि कंपनी के खाते में जमा कराई गई है।

### लोक अदालत के लिए प्रभावी

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया है कि लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की गई। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट मिली, जबकि लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट की तैयारी की गई थी।

### 26 करोड़ 49 लाख से अधिक राशि के प्रकरणों का समाधान

ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन के 6 हजार 179 मामलों में 11 करोड़ 69 लाख 55 हजार की मांग के एवज में 3 करोड़ 78 लाख 50 हजार रुपए की छूट प्रदान करते हुए 7 करोड़ 91 लाख 6 हजार रुपए की राशि जमा कराई गई है। पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में बिजली कंपनी के 26 करोड़ 49 लाख रुपए से अधिक राशि के प्रकरणों का समाधान हुआ है।

# मंत्री व महापौर ने किया नेत्र ज्योति यज्ञ का शुभारंभ



शुभारंभ करती मंत्री कृष्णा व महापौर राय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर व महापौर मालती राय ने रविवार को कोहेफिजा स्थित मां आशापुरा दरबार में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर नेत्र ज्योति यज्ञ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के राजेश हिंगोरानी, मनोज राठौर, जोन अध्यक्ष विनीता सोनी सहित बड़ी संख्या में आम लोग व दरबार के सेवादार मौजूद थे

# सफला एकादशी आज, भगवान विष्णु और बांके बिहारी मंदिरों में दीप जलाकर होगी आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में सोमवार को सफला एकादशी श्रद्धाभाव से मनाई जाएगी। शहर के बिड़ला मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण की विशेष पूजा-अर्चना होगी। कोलार, भेल, संत हिरदाराम नगर सहित कई मंदिरों में इस पावन दिवस के मौके पर विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। लोग भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करेंगे।



मां चामुंडा दरबार के पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को सफला एकादशी कहा जाता है। मान्यता है कि इस एकादशी का व्रत करने से सर्वत्र सफलता प्राप्त होती है। विधिपूर्वक जो व्यक्ति इस एकादशी का व्रत रखकर भगवान नारायण की पूजा करता है, उसे जीवन में कभी असफलता का सामना नहीं करना पड़ता है। पांच हजार वर्ष तप करने से जो फल प्राप्त होता है, वह इस एक एकादशी को करने से मिल जाता है। ऐसा शास्त्रों का कहा जाता है। सफला एकादशी का व्रत करने से मनुष्य के अनजाने में किए गए पापों का क्षय हो जाता है और वह जीवन में प्रगति करता जाता है। यह संयोग है कि सफला एकादशी एक ही साल में दो बार आ गई है। इससे पहले नौ जनवरी भी सफला एकादशी मनाई गई थी।

### व्रत-पूजन विधान: सफला एकादशी कथा का करें श्रवण या वाचन

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि सुबह स्नानादि से निवृत होकर भगवान विष्णु की आराधना करते हुए उन्हें पचांमृत (दही, दूध, घी, शक्कर, शहद) से स्नान करवाएं। इसके पश्चात गंगा जल से स्नान करवा कर भगवान विष्णु को कुमकुम-अक्षत लगाएं। पुष्प अर्पित करें। सफला एकादशी कथा का श्रवण या वाचन करें और दीपक और कपूर से भगवान विष्णु की आरती उतारें। पंचाक्षर मंत्र ॐ नमो भगवते वासुदेवाय का तुलसी की माला से जाप करें। शाम के समय भगवान विष्णु की आराधना में भजन-कीर्तन करें।

# बरखेड़ा एटीएम ब्रेक मामला: पुलिस की तीन टीम कर रही बदमाशों की तलाश
# अनुमान... किसी अनाड़ी गिरोह ने किया है एटीएम चोरी करने का प्रयास

*पुलिस दो दर्जन से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले चुकी*

*आरोपी रॉड और हथौड़ी जैसे उपकरण लेकर एटीएम में पहुंचे थे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बरखेड़ा पठानी में शनिवार तड़के एटीएम ब्रेक करने वाले आरोपियों का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस की तीन अलग-अलग टीम आरोपियों की तलाश कर रही है। क्राइम सीन देखने के बाद पुलिस को अनुमान है कि यह पूरा काम किसी प्रोफेसनल गिरोह द्वारा नहीं किया गया है, बल्कि एटीएम ब्रेक किसी अनाड़ी गिरोह के द्वारा किया गया है। दरअसल, आरोपी रॉड और हथौड़ी जैसे उपकरण लेकर पहुंचे थे। उनके पास गैस कटर नहीं था। पुलिस एटीएम और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

अब तक पुलिस दो दर्जन से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले चुकी है, लेकिन सही आरोपी तक नहीं पहुंच सकी।

### पुलिस को सफेद रंग की कार की तलाश


फाइल फोटो

पुलिस जिस सफेद कार से आरोपी आए थे, उस कार की भी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि अंधेरा होने के कारण कार का नंबर साफ नजर नहीं आ रहा है। मुखबिर तंत्र को कार और आरोपियों के फुटेज भेजे गए हैं। आरोपी नकाबपोश थे और उनका हुडी से सिर ढका हुआ था। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार शनिवार की रात इलाके में गश्त कर रही पुलिस को सूचना मिली थी कि बरखेड़ा पठानी में एसबीआई के एटीएम में तोड़फोड़ हुई है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पता चला कि अज्ञात बदमाशों ने एटीएम को पूरी तरह से तोड़ दिया है। एटीएम का आधा हिस्सा टूटा हुआ था, लेकिन कैश बॉक्स सुरक्षित था।

### कैश बॉक्स तक नहीं पहुंच सके आरोपी, सीसीटीवी में हुए कैद

पुलिस ने एटीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात कर दी। सुबह होने पर बैंक प्रबंधन से संपर्क किया। बैंक प्रबंधन ने एटीएम का रखरखाव करने वाली जीडी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को जानकारी दी। कंपनी के टेक्निशियन मौके पर पहुंचे। बाद में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कंपनी से एटीएम के सीसीटीवी फुटेज मांगे। फुटेज में तीन बदमाश एटीएम के अंदर घुसते हुए नजर आए। एटीएम में तीनों बदमाशों ने हथौड़े और रॉड से तोड़फोड़ की है। बदमाशों ने एटीएम का ऊपर का हिस्सा पूरी तरह से तोड़ दिया था। ऊपर का हिस्सा तोड़ने के बाद वह कैश बॉक्स तक नहीं पहुंच सके। फुटेज में एटीएम के बाहर सफेद रंग की कार भी नजर आई थी।

**प्रेम-प्रसंग के चलते हुई थी युवक की हत्या**

## युवक की प्रेमिका के भाई सहित चार आरोपी पुलिस ने धरदबोचे


पुलिस की गिरफ्त में हत्याकांड के आरोपी।

*◆ हत्याकांड का खुलासा प्रेम प्रसंग से नाराज था भाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

सतलापुर में शनिवार तड़के हुई संजय उर्फ टिल्लू तोमर की हत्या के मामले रविवार को सतलापुर पुलिस ने खुलासा कर दिया। थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि मृतक संजय उर्फ टिल्लू तोमर का मुख्य आरोपी रामेश्वर पुत्र वल्वंत लोधी की छोटी बहन से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इससे नाराज रामेश्वर लंबे समय से संजय से रंजिश रखता था और उसकी हत्या की योजना बना रहा था।

घटना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात की है। रामेश्वर ने अपने साथियों जय उर्फ मयूर, पवन शर्मा, गोलू उर्फ काला, चुन्नू उर्फ सोनू, सुनील ठाकुर उर्फ कल्लू और एक नाबालिग के साथ मिलकर संजय पर हमला किया। आरोपियों ने धारदार हथियारों और लाठियों से संजय पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमला करने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए।

### सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान से मिली सफलता

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई की। मुख्य आरोपी रामेश्वर लोधी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष तीन आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित की गई हैं। एसडीओपी शीला सुराणा ने कहा कि पुलिस की तत्परता से मामले का सफल खुलासा हुआ है और दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी।

## खबर संक्षेप



### पटवा से औबेदुल्लागंज के विकास पर चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज के वरिष्ठ नेता एवं नगर परिषद अध्यक्ष के दावेदार पार्षद दीपू परमार ने विधायक सुरेंद्र पटवा से भेंट की एवं औबेदुल्लागंज के विकास के लिए चर्चा की।

### पटवा ने नंदवंशी को जन्मदिन की बधाई दी



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ पूर्व जिला कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल नंदवंशी के जन्मदिन पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने भगवान भोजेश्वर महादेव से उनके दीर्घायु जीवन की कामना कर बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, सुरजीत सिंह गिल, अशोक यादव, प्रकाश पटेल, पंकज कोठारी, भूपेंद्र नागर, रमेश गौर, अवध नारायण दुबे, प्रेम नारायण सोनी, नरेंद्र नागर, रामकिशोर नंदवंशी, मनीष गोसिंदे, दीपू परमार, पत्रकार ऋषभ जैन, ओमप्रकाश मीणा, दशरथ गुर्जर, तेज सिंह नागर, मनोज चौरसिया, जीतू नंदवंशी, लोकेश परमार, संजय प्रजापति, पवनजोत सिंह, भूपेंद्र ने बधाई दी।

### युवक से आईफोन झपट कर भागे बाइक सवार

**भोपाल।** अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित शीतल पेराडाइज के सामने बाइक सवार बदमाश एक युवक से आईफोन छीनकर भाग निकले। घटना शुक्रवार शाम करीब 7 बजे की है। शनिवार रात पुलिस ने युवक की शिकायत पर झपटमारी का मामला दर्ज कर झपटमारों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दीपेश यादव पिता सरदार मल यादव (29) फ्लैट नंबर 302, शीतल पेराडाइज कॉलोनी में रहता है और प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम वह नरेला संकरी गया था। वहां से इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के बाद पैदल घर लौट रहा था। इस दौरान आईफोन पर कॉल आया और बात करते हुए करीब सात बजे घर के सामने मुख्य रोड पर पहुंचा था, तभी पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उसके हाथ से आईफोन झपट लिया। युवक से झपटा गया आईफोन 13 की कीत 40 हजार रुपए है।

### मां की बीमारी से दुखी बेटे ने लगाई फांसी

**मंडला।** अयोध्या नगर के एफ-सेक्टर में शनिवार शाम किराने की दुकान का संचालन करने वाले युवक एलआईजी 446, एफ-सेक्टर अयोध्या नगर निवासी अजय पंजवानी (32) ने तीसरी मंजिल के टॉवर पर तार का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवक मां की बीमारी से दुखी रहता था। अनुमान है कि मां की बीमारी से दुखी होकर ही उसने फांसी लगाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

*गुनगा के दुपाड़िया गांव के पास घात लगाकर बैठा था जीजा*

# विवाद के कारण मायके में थी पत्नी चाकू से गोदकर की साले की हत्या

**दिन में मोबाइल पर हुआ था विवाद, दो महीने से मायके में है आरोपी की पत्नी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम दुपाड़िया के पास मेन रोड पर शनिवार देर रात जीजा ने चाकू से हमला कर साले को मौत के घाट उतार दिया। घटना का कारण आरोपी का पत्नी से होने वाला विवाद बताया जा रहा है। विवाद के कारण पत्नी दो महीने से मायके में है। इसी बात को लेकर शनिवार दोपहर जीजा-साले की मोबाइल पर कहासुनी हुई थी। आरोपी जीजा देर रात साले से मिलने पहुंचा और घात लगाकर चाकू से हमला कर दिया। सीने व हाथ-पैर में गंभीर चोट आने से साले की मौत हो गई। वारदात के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर ने ग्राम आदमपुर निवासी अब्दुल खान पिता असलम खान (20) पेशे से ट्रक ड्राइवर था। अब्दुल की बहन की शादी कुछ समय पूर्व ग्राम डोबरा थाना रातीबड़ में रहने वाले भूरा खान से हुई थी। भूरा सेंट्रिंग लगाने का काम करता है। भूरा का अपनी पत्नी से पारिवारिक विवाद चल रहा है। विवाद के चलते ही उसकी पत्नी दो माह से मायके में रह रही है। भूरा ने कई बार पत्नी को अपने घर आने के लिए कहा, लेकिन वह आने के लिए तैयार नहीं थी। इसी बात को लेकर अब्दुल और भूरा के बीच शनिवार दोपहर मोबाइल पर बात हुई। बातचीत के दौरान ही विवाद होने लगा। दोनों ने एक-दूसरे को देख लेने की धमकी दी। एसआई केएल सुनहरे ने बताया कि अब्दुल खान ट्रक मालिक रफीक खान की गाड़ी चलाता था। दो दिन से गाड़ी ग्राम दुपाड़िया के पास फार्म हाउस के सामने रोड पर खराब खड़ी है। शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे अब्दुल और रफीक भोपाल से मैकेनिक बुलाकर गाड़ी में काम करा रहे थे।

### » सूने स्थान पर लघुशंका के दौरान किया हमला


अब्दुल खान, मृतक

अब्दुल लघुशंका के लिए पीछे की ओर सूने स्थान पर गया था। तभी वहां घात लगाकर बैठे उसके बहनोई भूरा खान ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में अब्दुल संभल नहीं सका। उसके सीने और हाथ-पैरों में गंभीर चोट आई थीं। अब्दुल की चीख सुनकर रफीक और दूसरा ड्राइवर उस ओर दौड़े। उन्होंने भूरा खान को वहां से भागते हुए देखा था। गंभीर हालत में अब्दुल को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।

### 12वीं की छात्रा ने दुपट्टे का फंदा बनाकर लगाई फांसी

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-1, गांधी चौक पर शनिवार शाम 12वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों ने भी ऐसी कोई बात नहीं बताई, जिससे आत्महत्या के कारण सामने आ सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गांधी चौक बैरसिया निवासी विमल कुशवाहा सब्जी की दुकान चलाते हैं। परिवार में पत्नी और दो बच्चे बेटा और बेटी थी। बेटी रानी कुशवाहा (17) 12वीं कक्षा की छात्रा थी। शनिवार शाम छह बजे और सात बजे के बीच रानी ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना के समय भाई रिषभ घर में मौजूद था। रिषभ ने ही रानी को फंदे पर लटका देख पिता को सूचना दी। पिता घर पहुंचे और रानी को फंदे से उतारकर बैरसिया के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है।

### बैरसिया में खेत जा रहे 82 साल के किसान को पिकअप वाहन ने मारी टक्कर, मौत

बैरसिया थाना क्षेत्र में बाह नदी के पास 82 साल के किसान को पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के समय वह घर से खेत जाने के लिए निकले थे। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। हालांकि कुछ लोगों ने पिकअप वाहन का नंबर देख लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। हादसा या जबरन टक्कर मारी गई। यह असमंजस की स्थिति बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वाहन चालक के गिरफ्तार होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

पुलिस के अनुसार प्रेमनारायण कुशवाह (82) बैरसिया कस्बे में रहते थे। उनका बाह नदी के पास खेत है। शनिवार दोपहर वह घर से खेत जाने के लिए निकले थे। बाह नदी मुख्य सड़क पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे पिकअप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरे थे। उन्हें गंभीर चोट आई थी। राहगीर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पंद्रह साल की किशोरी से दुष्कर्म माता-पिता से की गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी में पंद्रह साल की किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी उसे लगातार स्कूल आते जाते परेशान कर रहा था। किशोरी ने घटना की जानकारी परिजन को दी।

परिजन ने आरोपी को समझाने का प्रयास किया। इस पर वह भड़क गया और माता पिता से गालीगलौज कर दी। माता-पिता बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार को कोर्ट में पेश कर दिया है। वहां से आरोपी को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 15 साल की नाबालिग नवीं कक्षा में पढ़ती है। उसका रिश्तेदार मोहल्ले में रहता है। रिश्तेदारी के कारण वह नाबालिग के घर अक्सर आता-जाता है। छठ पूजा के दिन भी आरोपी नाबालिग के घर आया था। इस दौरान उसने परिजन की गैरमौजूदगी में किशोरी को धमकाते हुए दुष्कर्म किया। डरी सहमी किशोरी ने परिजन को दुष्कर्म की घटना के बारे में नहीं बताया। इससे आरोपी का मनोबल बढ़ गया और वह किशोरी को स्कूल कोचिंग आते जाते परेशान करने लगा। आरोपी से परेशान होकर दो दिन पहले किशोरी ने माता पिता को घटना की जानकारी दी। माता पिता ने आरोपी को समझाने का प्रयास किया। इस पर वह भड़क गया और गालीगलौज कर दी।

*नगर परिषद की लापरवाही से जनता परेशान*

## डेढ़ साल से सड़कों की मरम्मत नहीं होने से आम जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

*◆ सड़क की मोटाई केवल दो इंच ही निकली*

औबेदुल्लागंज नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर खुद भाजपा नेताओं और सामाजिक संगठनों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं।

अर्जुन नगर के वार्ड 10, 11, 12 और 13 में नगर परिषद द्वारा पानी की पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़कें खुदवा दी गईं, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उनकी मरम्मत नहीं की गई, जिससे आम जनता परेशान है। वार्ड नंबर 13 की पोस्ट ऑफिस वाली गली में कीचड़ फैला हुआ है। फिसलन होने से बच्चे गिर रहे हैं। महिलाएं विरोध जताने लगी हैं। लोगों का कहना है कि बिना कमीशन के अब कोई समस्या सुनी ही नहीं जाती। स्थानीय लोगों और नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सड़क मरम्मत कराई जाए अन्यथा जनता आंदोलन के लिए मजबूर होगी।


औबेदुल्लागंज के वार्ड में खोदी हुई सड़क।

### सड़क की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

भाजपा नेता एवं हिंदू संगठन से जुड़े वचन लोधी, पूर्व पार्षद पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, आरती यादव, माखन सेन, स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा एवं प्रफुल्ल द्विवेदी ने कहा कि पिछले डेढ़ साल से सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं। जब जेसीबी से सड़क खुदाई की गई तो सड़क की मोटाई मात्र डेढ़ से दो इंच ही निकली, जो नगर परिषद की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थिति यह है कि खुदी हुई सड़कों को देखने न तो सीएमओ पहुंचे और न ही कोई जिम्मेदार जनप्रतिनिधि। नेताओं ने बताया कि वार्ड 11 की पार्षद स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष हैं, लेकिन उन्हें अर्जुन नगर भ्रमण का समय नहीं है।

**संगठनों का मिल रहा समर्थन**

## औबेदुल्लागंज नगर परिषद अध्यक्ष के चुनाव के लिए अशोक का नाम चर्चा में

**औबेदुल्लागंज।** नगर में आगामी नगर परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जायसवाल इन दिनों चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। नगर के राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा है कि यदि नगर परिषद अध्यक्ष की सीट पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होती है तो अशोक जायसवाल अथवा उनकी धर्मपत्नी उषा जायसवाल का नाम मजबूत दावेदार के रूप में सामने आ सकता है। अशोक जायसवाल भोजपुरी समाज के वरिष्ठ नेता माने जाते हैं और नगर में उनकी एक साफ-सुथरी एवं जनप्रिय छवि है। हिंदू उत्सव समिति के कई पदाधिकारियों एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि कांग्रेस पार्टी को उन्हें अपना प्रत्याशी बनाना चाहिए। स्वयं अशोक जायसवाल ने भी इस दिशा में चर्चाएं प्रारंभ कर दी हैं। कलार-कलचुरी समाज के अध्यक्ष श्याम मालवीय, पेंशनर समिति के अध्यक्ष नवल किशोर मालवीय एवं वरिष्ठ समाजसेवी विमल राय ने जायसवाल को समर्थन की बात कही है।



## क्रेडिट कार्ड के नाम पर एसबीआई एजेंट ने लगाया 1 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी पुलिस ने एसबीआई एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। क्रेडिट कार्ड बनाने के बहाने फार्म भरवाते समय आरोपी ने फरियादी के स्थान पर खुद अपना मोबाइल नंबर डाल दिया और क्रेडिट कार्ड रिसीव कर इस्तेमाल करने लगा। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब लोन लेने फरियादी बैंक पहुंचा था।

उन्हें बताया गया कि क्रेडिट कार्ड की इंस्टालमेंट के एक लाख रुपए बकाया हैं। पुलिस के अनुसार आंनद नगर निवासी त्रिवेदी प्रसाद लोधी (45) प्राइवेट काम करते हैं। जुलाई 2023 में एसबीआई इन्द्रपुरी ब्रांच के एजेंट अभय त्रिवेदी ने उनसे क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए संपर्क किया। त्रिवेदी प्रसाद लोधी क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए तैयार हो गए और उन्होंने अभय के कहने पर कुल सात फार्म कार्ड बनवाने के लिए भर दिए।

### खुद रिसीव कर क्रेडिट कार्ड का करता रहा इस्तेमाल

आरोपी अभय त्रिवेदी ने क्रेडिट कार्ड डिलीवरी के लिए मोबाइल नंबर के कॉलम में फरियादी की बजाए अपना मोबाइल नंबर लिख दिया। लिहाजा क्रेडिट कार्ड बनने की सूचना आरोपी के मोबाइल पर मिली और उसने क्रेडिट कार्ड लिया। एसआई नितिश मुजाल्दे ने बताया कि आरोपी अभय त्रिवेदी क्रेडिट कार्ड हासिल करने के बाद से उसका इस्तेमाल कर रहा था। उसके किश्त की करीब एक लाख रुपए की रकम बकाया है। धोखाधड़ी का खुलासा उस समय हुआ जब पिछले दिनों फरियादी त्रिवेदी प्रसाद लोन लेने इन्द्रपुरी स्थित एसबीआई बैंक पहुंचे। वहां उन्हें बताया गया कि आपका सिबिल स्कोर बहुत कम है। आपके नाम पर क्रेडिट कार्ड की किश्त के एक लाख रुपए बकाया हैं। पुलिस ने आरोपी अभय के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अंतरराष्ट्रीय बाघ शिकार गिरोह की गहन जांच के लिए आवश्यकता**

# मप्र में पहली बार तस्कर का होगा नार्को टेस्ट एसटीएसएफ ने आरोपी से मांगी लिखित में सहमति

**सतपुड़ा में बाघ और पैंगोलिन शिकार रैकेट में वर्षों से आरोपी यांगचेन को पकड़ा था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य बाघ नियंत्रण बल (एसटीएसएफ) अंतरपोल द्वारा वांछित वन्यजीव तस्कर यांगचेन लाचुंगपा का नार्को टेस्ट कराने की तैयारी कर रहा है, बशर्ते वह लिखित सहमति दे दे। यह टेस्ट उस अंतरराष्ट्रीय बाघ शिकार गिरोह की गहन जांच के लिए किया जा रहा है, जिस पर उसे गिरोह को संचालित करने में मदद करने का आरोप है। हालांकि यह मध्य प्रदेश में पहली बार हो रहा है कि किसी तस्कर का नार्को टेस्ट किए जाने का फैसला किया जा रहा है।

पिछले दिनों नर्मदापुरम की एक विशेष अदालत ने पांच दिनों की पूछताछ के बाद उसे एक सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और जांच को फोरेंसिक को ट्रांसफर कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि यांगचेन ने अपने पूर्व पति जय तमांग पर दोष मढ़ते हुए खुद को मुख्य गिरोह से अलग करने की कोशिश की है। उसका दावा है कि जय तमांग ने उसका इस्तेमाल किया और उसे छोड़ दिया, और गिरोह में उसकी भूमिका अहम रही थी। सतपुरा बाघ और पैंगोलिन शिकार रैकेट में वर्षों से आरोपी यांगचेन को 3 दिसंबर को सिक्किम के मंगन जिले के लाचुंग से गिरफ्तार किया गया था।

### » वित्तीय संबंधों को लेकर जारी पूछताछ

वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) और एसटीएसएफ की संयुक्त टीम उसे हवाई मार्ग से भोपाल लाई और 5 दिसंबर को नर्मदापुरम अदालत में पेश किया, जहां जांचकर्ताओं ने पांच दिनों की रिमांड हासिल की। पूछताछ के दौरान अधिकारियों ने उसके वित्तीय संबंधों, बैंक लेनदेन और संचार के बारे में जानकारी जुटाई। सूत्रों ने बताया कि वह गिरोह के आपूर्ति मार्गों और सरगना जे. तमांग के ठिकाने के बारे में टालमटोल करती रही, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी है।

*युवक ने कबाड़ रखकर अवैध कब्जा कर रखा*

## हिंदू संगठनों की मदद से महिलाओं ने खेड़ापति मंदिर से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक क्षेत्र के मोजमपुरा क्षेत्र में स्थित खेड़ापति मंदिर परिसर से रविवार सुबह स्थानीय महिलाओं ने हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अतिक्रमण हटा दिया। यह कार्रवाई तब की गई, जब स्थानीय लोगों की बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया।

### प्रशासन की अनदेखी

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि शानू खान (कबाड़ी) नामक व्यक्ति ने मंदिर परिसर में अपना कबाड़ा पटककर अवैध कब्जा कर रखा था, जिससे मंदिर आने-जाने में परेशानी हो रही थी और परिसर की पवित्रता प्रभावित हो रही थी। लोगों ने कई बार स्थानीय प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार, रविवार सुबह स्थानीय महिलाओं ने आगे आकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं के सहयोग से खुद ही अतिक्रमण को हटा दिया।



### शिकायत नहीं आई

मोजमपुरा में शानू कबाड़ी ने मंदिर परिसर में कबाड़ पटक रखा था, जिसे स्थानीय रहवासियों ने हटा दिया है। पुलिस थाने में इस मामले में कोई शिकायत नहीं है। अगर कोई मामला आएगा तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**शीला सुराणा**
एसडीओपी, औबेदुल्लागंज



आईएनएच रायपुर की न्यूज एडिटर सोनम को अलंकृत करते अतिथि।

# पत्रकारिता समाज में चेतना का करती है संचार: विधानसभा अध्यक्ष तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश प्रेस क्लब का 33वां स्थापना वर्ष समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। क्लब के अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल एवं पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर ध्यानश्री स्वामी शैलेशानंद गिरि महाराज थे। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पत्रकारिता और साहित्य दोनों ही समाज की चेतना को दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में लगभग हर क्षेत्र में किसी न किसी रूप में 'अवमूल्यन' दिखाई देता है, ऐसे समय में मप्र प्रेस क्लब जैसी संस्थाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

**मप्र प्रेस क्लब का 33वां स्थापना वर्ष समारोह संपन्न**

## अच्छी शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य और त्वरित न्याय से ही 'विकास' संभव : न्यायमूर्ति अग्रवाल




कार्यक्रम में उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष तोमर समेत अतिथि।

### गरीबों के लिए सरल और सुलभ न्याय अनिवार्य : न्यायमूर्ति अग्रवाल

श्रीराम जन्मभूमि विवाद पर निर्णय देने वाले न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल ने कहा कि यदि हम देश और समाज के विकास की बात करते हैं, तो सामान्य नागरिक को अच्छी शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं और त्वरित न्याय सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा, देश की सवा सौ करोड़ से अधिक जनता के लिए एक ही सुप्रीम कोर्ट से समय पर न्याय मिलना व्यावहारिक नहीं है।

### सामाजिक दायित्व निभा रहा है मप्र प्रेस क्लब: जोशी

कार्यक्रम के प्रारंभ में मप्र प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी ने क्लब की गतिविधियों और उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। क्लब की ओर से डॉ. शिशिर उपाध्याय, राजेन्द्र शर्मा, रोमा मल्होत्रा, महेन्द्र बैस, राजेश सिंह भदौरिया, विनोद नागर तथा महेन्द्र शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

### 9-9 लोगों को 'मप्र रत्न' और 'मप्र श्री' सम्मान

समारोह में देश-विदेश में मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली विभूतियों को 'मप्र रत्न' और 'मप्र श्री' सम्मान से अलंकृत किया गया। दोनों ही श्रेणियों में 9-9 विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।

### आईएनएच रायपुर की न्यूज एडिटर सोनल मध्यप्रदेश रत्न अलंकरण अवॉर्ड से सुशोभित

समारोह में आईएनएच न्यूज चैनल रायपुर की न्यूज एडिटर सोनल भारद्वाज को मध्यप्रदेश रत्न अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान राजनीतिक रिपोर्टिंग, सटीक एवं प्रभावशाली एंकरिंग तथा सामाजिक मुद्दों पर गहन, निष्पक्ष और तथ्यपरक पत्रकारिता और दीर्घकालीन प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया। सोनल भारद्वाज ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की मीडिया में संवेदनशीलता, साहस और संतुलन की एक सशक्त मिसाल प्रस्तुत की है।

---

आईएचएम भोपाल ने जीरो-वेस्ट मॉडल के साथ भारत का सबसे लंबा बनाया सैंडविच

# 269.9 फीट लंबे व आठ इंच चौड़े सैंडविच को बनाने में लगा 7 मिनट 26 सेकंड का टाइम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम), भोपाल ने अपने परिसर में 269.9 फीट लंबा और 8 इंच चौड़ा भारत का सबसे लंबा सैंडविच बनाया। इस उपलब्धि के साथ आईएचएम भोपाल ने पहले भी दर्ज 223 फीट लंबे सैंडविच के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए भारतीय पाक इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसमें 270 ब्रेड पीस का इस्तेमाल किया गया। यह रिकॉर्ड प्रयास 100 प्रतिशत ज़ीरो-वेस्ट पाक मॉडल पर आधारित था जिसे योजना निर्माण से लेकर अंतिम वितरण तक पूरी तरह अपनाया गया। सटीक सामग्री पूर्वानुमान, बैच-वाइज ब्रेड उत्पादन, लाइव असेंबली और निरंतर निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि कच्चे या तैयार खाद्य पदार्थ का कोई भी अपशिष्ट न हो। सैंडविच में डाली गई ग्रीन्स सैंडविच में पांच तरह के सॉस, दो तरह के खीरे जो कम पाए जाते हैं एक खटटा और एक नार्मल, विशेष तरह के टमाटर,खास तरह के पत्ते, रॉकेट, लेटर, आईसबर्ग, रोमेन जैसे खास सलाद का इस्तेमाल किया गया था। खास तरह की लाल,पीली और हरी शिमला मिर्च का इस्तेमाल किया गया। इसको बनाने में लगभग 20 तरह से ज्यादा आयटम का इस्तेमाल किया गया।




सेंडविच पर विभिन्न खाद्य सामग्री से सज्जा करते शेफ बने आईएचएम के छात्र।



सबसे लंबे सेंडविच की सराहना करते अतिथि।



सेंडविच इतना लंबा था कि सड़क पर रखना पड़ा।

### यह रहे अतिथि व ज्यूरी पैनल

शिव शेखर शुक्ला, अपर मुख्य सचिव एवं प्रबंध निदेशक (संस्कृति एवं पर्यटन विभाग), डॉ. इलयराजा टी.एमडी एमपीएसटीडीसी, परमवीर सिंह, जनरल मैनेजर, ताज लेकफ्रंट, एग्जीक्यूटिव शेफ अनूप गुप्ता, ताज लेकफ्रंट भोपाल, प्रो. (डॉ.) कैलासा राव एम., निदेशक, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर पीके बेडुये, प्राचार्य, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय 2, , बीएस जसवाल, उप महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल अकादमी, एएस राठौर, उप महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल अकादमी, सुवर्णा सजवान, कमांडेंट, सशस्त्र सीमा बल अकादमी, डॉ. सुशांत परेकर, द्वितीय कमांड अधिकारी, सशस्त्र सीमा बल अकादमी।

### दो माह पहले की थी प्लानिंग

प्राचार्य डॉ. रोहित सरीन ने बताया कि इस आयोजन के लिए दो माह पहले प्लानिंग की गई थी। यह पहल केवल रिकॉर्ड बनाने तक सीमित नहीं थी, बल्कि छात्रों को सटीकता, स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) और सबको एक साथ जोड़ना, उद्योग प्रथाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। यह काम बेहद मुश्किल था, लेकिन सभी के प्रयासों से यह काम सफल हो सका। विशेष रूप से तैयार की गई थी ब्रेड विशेष रूप से तैयार की गई ब्रेड के निर्माण के लिए छात्रों, शेफ्स और फैकल्टी सदस्यों की टीम ने बहुत



मेहनत की है। रेसिपी और सख्त एसओपी का पालन करते हुए 269.9 फीट लंबाई तक समान आकार, बनावट संरचनात्मक मजबूती वाली ब्रेड तैयार की गई। पूरे सैंडविच की लाइव असेंबली कीआयोजन के दिन फूड प्रोडक्शन और फूड एंड बेवरेज सर्विस विभाग के विशेषज्ञ फैकल्टी के मार्गदर्शन में 70-80 छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने केवल 7 मिनट 26 सेकंड में पूरे सैंडविच की लाइव असेंबली की, जो उत्कृष्ट टीमवर्क, गति और संचालन अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

---

# गौहर महल में साबरी ब्रदर्स की कव्वालियों से सजी महफिल

## परी बाजार का 6वां सीजन भव्य संगीत संध्या के साथ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गौहर महल में कव्वालियों की प्रस्तुति देते साबरी ब्रदर्स।

गौहर महल में रविवार की शाम सुर, साज़ और रूहानियत से सजी रही। वूमेन एजुकेशन एंड एम्पॉवरमेंट सोसायटी (वीस) द्वारा 'सशक्त थीम पर आयोजित 'बेगम्स ऑफ भोपाल' के अंतर्गत 'परी बाजार' के छठवें सीजन का हुआ। जयपुर के प्रसिद्ध साबरी ब्रदर्स की सूफ़ियाना कव्वालियों ने समापन संध्या को यादगार बना दिया।साबरी ब्रदर्स की कव्वालियों ने बांधा समांगुलाबी ठंड के बीच उस्ताद अमीन साबरी और तनवीर साबरी ने अपनी दमदार आवाज़ से गौहर महल के हर कोने को इश्क़, इबादत और इंसानियत के रंगों से भर दिया। प्रस्तुति की शुरुआत कौमी एकता को समर्पित कव्वाली तू देर हो रहम का मालिक हैसे हुई। इसके बाद छाप तिलक सब छीनी, देर न हो जाए, जैसी कव्वालियों पर श्रोता झूम उठे। जैसे-जैसे महफ़िल आगे बढ़ी, जिंदा रहने के लिए तेरी कसम, अल्लाह अल्लाह तारीफ़ तेरी और नहीं होना था नहीं होना था, ने दिल को छू लिया। समापन "दमा दम मस्त कलंदरऔर ग़ज़ल वही फिर हमें याद आने लगेके साथ हुआ।



### शाम-ए-ग़ज़ल से हुई सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत

इससे पहले सांस्कृतिक संध्या का आग़ाज़ उस्ताद सलीम अल्लाहवाले की 'शाम-ए-ग़ज़ल' से हुआ। बहुत बेचैन है दिल तुम जहां भी हो चले आओ से शुरू हुई प्रस्तुति में हज़ारों ख़्वाहिशें ऐसी, रंजिश ही सही और कोई फ़रियाद जैसी ग़ज़लों ने माहौल को संजीदा और भावुक बना दिया। तबले पर मोहम्मद नईम, गिटार पर मोहम्मद सौलत और शाहिद मासूम तथा सिंथेसाइज़र पर संगत कलाकारों ने प्रस्तुति को संपूर्णता दी।

### 'बेगम्स ऑफ भोपाल' को एक्सीलेंसी अवॉर्ड

समापन अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल सर्वोदय के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लॉयन नौमान ए खान ने पिछले छह वर्षों से 'परी बाजार' के सफल आयोजन के लिए 'बेगम्स ऑफ भोपाल' की टीम को एक्सीलेंसी इन वूमेन एंटरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

## एलबीटी के रागबंध सभागार में मंचन



मंच पर अभिनय करते कलाकार।

# रंग संस्कृति नाट्य समारोह का समापन मंटो की 'पढ़िए कलिमा' ने किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लिटिल बैलेट ट्रूप, भोपाल के रागबंध सभागार में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आयोजित रंग संस्कृति नाट्य समारोह का समापन सआदत हसन मंटो की बहुचर्चित कहानी 'पढ़िए कलिमा' के सशक्त मंचन के साथ हुआ। अंतिम दिन हम थियेटर ग्रुप ने इस नाटक का निर्देशन सादात भारती ने किया, जिसने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी।



## मंटो की कहानी 'पढ़िए कलिमा' मनुष्य के भीतर चल रहे द्वंद्व, को परोसती है

मंटो की कहानी 'पढ़िए कलिमा' जीवन के अंतिम क्षणों में मनुष्य के भीतर चल रहे द्वंद्व, पीड़ा और सामाजिक परिवेश को बेहद संवेदन शीलता के साथ प्रस्तुत करती है। नाटक की मंच-सज्जा अत्यंत साधारण और प्रतीकात्मक रखी गई थी, जिसने कथा की गंभीरता को और अधिक उभार दिया। नाटक में बालेंद्र सिंह 'बालू' ने अपने सशक्त और जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भाव-भंगिमाएं और संवाद अदायगी ने चरित्र को पूरी तरह जीवंत बना दिया। सादात भारती का निर्देशन संतुलित, संवेदनशील और विचारो से भरा रहा, जिसने मंटो की रचना को नई ऊंचाई प्रदान की। कुल मिलाकर 'पढ़िए कलिमा' एक ऐसी प्रस्तुति रही, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया और नाट्य समारोह को यादगार समापन प्रदान किया।

---

# बैगपाइपर बैंड की प्रस्तुतियों में देश भक्ति और अनुशासन आया नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के शौर्य स्मारक में बैगपाइपर बैंड प्रदर्शन का आयोजन रविवार को किया गया। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत एवं सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मध्यभारत प्रांत के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन से परिपूर्ण बैगपाइपर बैंड की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल नारायण परवानी (सेवानिवृत्त, भारतीय सेना) ने कहा कि यह गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, देशभक्ति, नेतृत्व एवं आत्मविश्वास का विकास करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनलाल गुप्ता, अध्यक्ष, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, भोपाल ने की। उन्होंने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रबोध को भी समान महत्व देती है। विशिष्ट अतिथि निखिलेश महेश्वरी, संगठन मंत्री, विद्या भारती मध्यभारत प्रांत तथा सतीश अग्रवाल, प्रांत घोष प्रमुख ने बैगपाइपर बैंड को भारतीय परंपरा एवं सैन्य अनुशासन का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में शौर्य स्मारक से सरस्वती विद्यालय शिवाजी नगर तक संचलन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलाकर घोष के साथ संचलन किया।



बैगपाइपर बैंड की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।



---

संभावना गतिविधि में लोकांचलों के पारंपरिक नृत्यों की सजीव प्रस्तुति

# जनजातीय संग्रहालय में अहिराई और बधाई नृत्य ने मोहा दर्शकों का मन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न लोकांचलों के पारंपरिक नृत्यों की भव्य प्रस्तुति देखने को मिली। रविवार को इस श्रृंखला में पवनपुत्र यादव एवं साथी, सीधी द्वारा अहिराई नृत्य और हर्षा चौरसिया एवं साथी, सागर द्वारा बधाई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।गोण्ड जनजातीय नृत्य करमा-सैला का प्रशिक्षणकार्यक्रम के अंतर्गत सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय के जनजाति शोध केन्द्र की छात्राओं को गोण्ड जनजातीय नृत्य करमा-सैला का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।



जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति देते कलाकृति।

---

101वें तानसेन समारोह की पूर्व संध्या पर ग्वालियर में सजी गमक संगीत सभा

# आत्मा को झंकृत कर गया सूफी-पंजाबी गीतों का गुलदस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कृति विभाग के निर्देशन में उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा आयोजित विश्वविख्यात तानसेन समारोह के 101वें संस्करण की पूर्व संध्या पर रविवार को इंटक मैदान, ग्वालियर में गमक संगीत सभा का आयोजन किया गया। जसपिंदर नरूला के सूफी गायन ने बांधा समांगमक संगीत सभा में सुविख्यात गायिका जसपिंदर नरूला (मुंबई) ने सूफी और पंजाबी गीतों की ऐसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी कि पूरा वातावरण रूहानियत से सराबोर हो गया। उनकी सशक्त और मधुर आवाज़ ने संगीतप्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश गुप्ता, संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, प्रधान जिला न्यायाधीश ललित किशोर, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय तथा उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।




कार्यक्रम में प्रस्तुति देती सिंगर जसपिंदर नरुला।

जसपिंदर नरूला का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। उन्होंने ईश्वर वंदना के साथ अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की।

### लोकप्रिय गीतों से सजी सुरों की महफिल

जसपिंदर नरूला ने"यादें हैं बाराती, चांदनी है ये बारात", "सानू इक पल चैन न आवे", "तेरे बिन नहीं लगदा दिल मेरा ढोलना"जैसे लोकप्रिय गीतों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।'गीतों का गुलदस्ता' बना आकर्षण का केंद्रसभा के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए गीतों के गुलदस्ते में उन्होंने"जुगनी जी ","सोचता हूं कि वो कितने मासूम थे", "तुम्हें दिल्लगी भूल जानी पड़ेगी","किन्ना सोहना तैनू रब ने बनाया","आफरीन आफरीन"के साथ ही "मेरे रश्के कमर" और "मेरे अंखियां के सामने नहीं रहना" प्रस्तुत किए। इन गीतों ने संगीतप्रेमियों की आत्मा को झंकृत कर दिया और पूरा पंडाल सुरों के साथ गूंज उठा।

**ग्वालियर से जुड़ाव का किया उल्लेख:** इस अवसर पर जसपिंदर नरूला ने कहा कि ग्वालियर की धरती अत्यंत पवित्र है और संगीत के ग्वालियर घराने का स्थान सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि उनका ग्वालियर से बचपन से गहरा जुड़ाव रहा है और यहां के श्रोता अत्यंत समझदार हैं।

### सूफी और पंजाबी लोक का अनूठा संगम

सूफी रचनाओं के साथ पंजाबी फोक गीतों की प्रस्तुति में पंजाब की मिट्टी की सोंधी खुशबू और सूफी दर्शन की गहराई स्पष्ट रूप से महसूस हुई। "ये जो हल्का हल्का सुरूर है" गीत ने पूरे वातावरण को भावनाओं से भर दिया। तबले पर गुरविंदर सिंह भोला, ढोलक पर सोनू कश्यप, ड्रम्स पर नीरज, ऑक्टोपैड पर संजय कुमार, की-बोर्ड पर सतीश कुमार एवं फारुख, बेस गिटार पर अंकित ने संगत दी। कोरस में भानू, अंकित एवं कृतिका ने सधे हुए स्वर में प्रस्तुति को प्रभावी बनाया।



# कभी खुशी कभी गम के 24 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**मुंबई।** काजोल अपने अभिनय के अलावा फैंस के बीच अपनी हाजिर जवाबी के लिए भी मशहूर हैं। रविवार को काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट साझा की। इसमें अपनी फिल्म 'कभी खुशी कभी गम'के 24 साल पूरे का जिक्र किया। फिल्म से जुड़ी अपनी एक फोटो शेयर की। साथ ही एक फनी कमेंट भी लिखा। इसमें वह यंग लड़कियों को एक खास सलाह भी दे रही हैं। काजोल लिखती हैं, 'सभी अंजलियों से कहना चाहती हूं, खुद पर प्राउड फील करो। खुलकर जीयो। राहुल (कभी खुशी कभी गम का लीड कैरेक्टर, जिसे शाहरुख ने निभाया था)' लेट हो सकता है, क्योंकि वह कहीं ट्रैफिक में फंसा होगा।'

लाइफ Style



# श्रेया

## 10 साल की डेटिंग के बाद किया था प्रपोज

4 साल की उम्र में संगीत की साधना कर रही प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल आज सुरों की मल्लिका बन चुकी हैं। सिंगल बॉलीवुड में हिट सॉन्ग देने के साथ-साथ सिंगिंग रियलिटी शो में बतौर जज के तौर पर दिखती हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अब उन्होंने 'इंडियन आइडल' शो में अपनी लव स्टोरी के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनके बचपन के दोस्त शिलादित्य मुखोपाध्याय ने उन्हें प्रपोज किया. 'इंडियन आइडल' के मंच पर रोमांस की बातों ने शो के माहौल को बदल दिया। शो में होस्ट आदित्य ने श्रेया से पूछा कि कैसे उन्हें शिलादित्य ने प्रपोज किया था। इसपर सिंगर ने कहा कि हम पहले से एक दूसरे को जानते थे और एक दिन उन्होंने तय किया कि आज मैं पूछता ही लेता हूं, लेकिन वो बहुत साधारण सवाल था, क्योंकि मेरा जवाब पहले ही 'हां' ही होने वाला था। फिर एक दिन हम लोग अपने दोस्त की शादी में गए और उन्होंने अचानक से शादी के लिए प्रपोज किया और मेरा जवाब वही था। उन्होंने कहा कि 'पता होने के बावजूद भी वो पल हमारे लिए बहुत खास था।' शो में सिंगर पार्श्व गायिका कविता कृष्णमूर्ति भी मौजूद थीं। उन्होंने अपनी लव स्टोरी बताते हुए कहा कि मैं घर पर बहुत लाड़-प्यार से पली थी और प्यार-मोहब्बत जैसी चीजों से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन जब पहली बार सुब्रमण्यम जी के घर पहुंची थी, तो अहसास हुआ कि इस घर में मेरे लिए खास जगह है। उन्होंने सामने से मुझे प्रपोज किया और मैंने 'हां' कर दी।

## हॉलीवुड मसाला



# कई फिल्मों में आ चुके नजर

**लॉस एंजिल्स।** रेसलिंग के साथ-साथ जॉन सीना ने हॉलीवुड में भी अपनी अलग पहचान बनाई। द मरीन (2006) जॉन सीना की पहली बड़ी एक्शन फिल्म मानी जाती है। इस फिल्म में उन्होंने एक पूर्व मरीन सैनिक का किरदार निभाया था, जो अपनी पत्नी को बचाने के मिशन पर निकलता है। एक्शन फिल्मों में सीना की एंट्री यहीं से मजबूत हुई। 12 राउंड्स (2009) थ्रिलर में सीना एक पुलिस अफसर के रोल में नजर आए। फिल्म की कहानी रफ्तार, सस्पेंस और एक्शन से भरी हुई थी।



# पल्प फिक्शन में निभाए थे यादगार किरदार...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर फिल्मों 'द मास्क' और 'पल्प फिक्शन' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले अभिनेता पीटर ग्रीन का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। ग्रीन ने 1994 की फिल्म 'द मास्क' में डोरियन टायरेल के खलनायक के रूप में और उसी वर्ष 'पल्प फिक्शन' में यादगार किरदार निभाए थे। वह 'द यूजुअल सस्पेक्ट्स' और 'ट्रेनिंग डे' जैसी फिल्मों में भी अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते थे। हॉलीवुड ने एक प्रतिभाशाली चरित्र अभिनेता को खो दिया है। पीटर ग्रीन ने 1990 में एनबीसी के क्राइम ड्रामा 'हार्डबॉल' के एक एपिसोड में गेस्ट अपीयरेंस के साथ ऑनस्क्रीन डेब्यू किया था। दो साल बाद उन्होंने 'लॉज ऑफ ग्रेविटी' से फिल्मों में डेब्यू किया। न्यू जर्सी में जन्मे इस अभिनेता ने 1990 के दशक की शुरुआत में कई बेहतरीन भूमिकाएं निभाईं, जिनमें क्लीन शेवन (1993) भी शामिल है। ग्रीन एक जाने-माने कैरेक्टर एक्टर थे।



# मेस्सी से मिलकर खुश हुए तैमूर-जेह

**मुंबई।** रविवार को मुंबई के एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबॉल प्लेयर लियोनल मैसी ने कई सेलेब्स से मुलाकात की। इसमें करीना कपूर का नाम भी शामिल है। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर जो एक तस्वीर शेयर की है, उसमें बेटा तैमूर और जेह, लियोनल मैसी के नाम वाली टी-शर्ट पहने दिख रहे हैं। करीना ने दोनों बेटों का हाथ थामा हुआ है। इसके बाद करीना ने बेटों की मुलाकात लियोनल मैसी से करवाई। लियोनल मैसी मिलकर करीना के बेटे काफी खुश नजर आए। लियोनल मेसी इन दिनों इंडिया टूर पर है। करीना कपूर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की एक फिल्म कर रही हैं। मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म 'दायरा' में करीना कपूर के साथ साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे।



# 6 साल बाद गर्लफ्रेंड संग अर्जुन ने की सगाई

**मुंबई।** अर्जुन रामपाल इन दिनों फिल्म 'धुरंधर' की कामयाबी की वजह से सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने मेजर इकबाल का किरदार निभाया है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक 292 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। माना जा रहा है कि अर्जुन रामपाल ने हाल ही में लंबे समय से रही अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की पुष्टि की है। वह पिछले छह वर्षों से गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को डेट कर रहे हैं। रिया चक्रवर्ती ने एक वीडियो शेयर किया। यह वीडियो उनके पॉडकास्ट का है। इसमें अर्जुन रामपाल और उनकी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रियड्स नजर आईं। दोनों ने अपने प्यार, शादी और कई चीजों के बारे में बात की। वीडियो में गैब्रिएला डेमेट्रियड्स को कहते हुए सुना जा सकता है 'हमने अभी तक शादी नहीं की है, लेकिन कौन जानता है।'

## टीवी मसाला



# भाबीजी घर पर हैं 2.0 में शिल्पा ने अंगुरी के रोल में की वापसी

**नई दिल्ली।** लगभग एक दशक बाद शिल्पा शिंदे पॉपुलर सिटकॉम भाभीजी घर पर हैं।.. में अंगूरी भाभी के रोल में वापसी कर रही हैं। शिल्पा के जाने के बाद शुभांगी अत्रे ने पहले यह रोल किया था, लेकिन अब असली अंगूरी वापस आ गई हैं। इस बार वह भाभीजी घर पर हैं 2.0 में एक डरावना ट्विस्ट ला रही हैं। फैंस पहले से ही उनकी वापसी को पसंद कर रहे हैं। शनिवार को भाभीजी घर पर हैं के मेकर्स ने नए सीज़न का टीज़र जारी किया. ओरिजिनल शो पूरी तरह से कॉमेडी पर आधारित था, आने वाले सीज़न के टीज़र में एक अजीब ट्विस्ट दिखाया गया है। यह अंगूरी, तिवारी, विभूति और अनीता को घूंघटगंज नाम के एक अनजान गांव में ले जाता है। उनका ध्यान एक अजीब दिखने वाली मूर्ति पर जाता है जो उन्हें रुकने पर मजबूर कर देती है। एक डरावने पल में मूर्ति की साड़ी फिसलकर सीधे अंगूरी पर गिरती है, जो इस बात का संकेत देती है कि शो किस तरह का डरावना मोड़ लेने वाला है। पोस्ट पर कैप्शन में लिखा है, 'घूंघटगंज की गलियों से घूंघट उठाके, आ रही हैं असली से भी असली भाभीजी हंसी का तड़का लगाएं. सही पकड़े हैं!' फैंस ने कमेंट में शिल्पा की वापसी की सराहना की, वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने शुभांगी अत्रे के लिए अपना समर्थन भी व्यक्त किया. एक कमेंट में लिखा था, "अंगूरी के रूप में शुभांगी बेस्ट थीं.." एक अन्य ने लिखा, "हमारी अपनी ओजी अंगूरी भाभी वापस आ गई हैं - बहुत उत्साहित हूं!" एक अन्य ने लिखा, "आखिरकार, ओजी भाभी आ गई." एक फैन ने यह भी लिखा, "आसिफ सर और शिल्पा मैम को फिर से देखने का मौका मिलेगा-वाह, यह बहुत अच्छा है।"

## 'किस-किस' के प्रीमियर पर चप्पल पहन पहुंचे


**नई दिल्ली।** पॉपुलर कॉमेडियन सुनील पाल को हाल ही में कपिल शर्मा की फिल्म किस किस को प्यार करूं 2 के प्रीमियर पर मुंबई में देखा गया। इस इवेंट में टाइगर श्रॉफ, अमीषा पटेल, सुनील शेट्टी, कृष्णा अभिषेक, तब्बू, राजीव ठाकुर, आरती सिंह, अनिल कपूर, भारती सिंह, मनोज बाजपेयी, अर्चना पूरन सिंह, मनीष पॉल, जाकिर खान, जॉनी लीवर और सुपरस्टार आमिर खान ने शिरकत की, जो अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ आए थे। हालांकि इस स्टार्स से भरे इवेंट पर सुनील पाल ने अपने अचानक घटे वजन से लोगों का ध्यान खींचा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सुनील पाल ब्लू शर्ट, काले ट्राउजर्स के साथ चप्पल पहनें इवेंट में एंट्री करते हैं। क्लिप देखते ही फैंस को उनकी चिंता होने लगी, क्योंकि वह काफी कमजोर नजर आ रहे हैं।



# नौवें दिन 300 करोड़ पार हुई धुरंधर

## दूसरे शनिवार को ज्यादा कमाई का रिकार्ड बनाया

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान खड़ा कर दिया है, जिसने हाल के वर्षों के कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। रिलीज के नौवें दिन यानी दूसरे शनिवार को फिल्म ने जो कमाई की है, उससे बॉक्स ऑफिस हिल गया है। दरअसल 'धुरंधर' अब आधिकारिक तौर पर 300 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है और साल 2025 की सबसे बड़ी हिंदी फिल्मों में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर' ने शनिवार को 53.70 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इस रिकॉर्ड के साथ धुरंधर ने कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे शनिवार को कमाई के मामले में ऐसा कारनामा पहले किसी भी हिंदी भाषा में रिलीज हुई फिल्म ने नहीं किया है। अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2, जिसने दूसरे शनिवार को करीब 46 करोड़ रुपए कमाए थे और विक्की कौशल की छावा, जो लगभग 44 करोड़ रुपए तक पहुंच पाई थी- दोनों ही अब इस रेस में पीछे रह गई हैं। इतना ही नहीं, एनिमल, जवान, गदर 2, स्त्री 2 और यहां तक कि बाहुबली 2 जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्मों के दूसरे शनिवार के कलेक्शन को भी धुरंधर ने पार कर लिया है।



# 'मैं तो आरती उतारूं' गाने से घर-घर छाई थीं उषा मंगेशकर

**नई दिल्ली।** 90 के दशक के बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक, एक गाना 'मैं तो आरती उतारू संतोषी माता की' हमेशा लोगों की जुबान पर रहा है। यह टीवी पर भी खूब चला और कीर्तनों में भी इसने अपनी खास जगह बनाई, लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इतना मशहूर यह गाना आखिर गाया किसने था? ये गाना लता मंगेशकर ने नहीं, बल्कि उनकी छोटी बहन उषा मंगेशकर ने गाया था। बहन लता की तरह आवाज का जादू भगवान ने उषा मंगेशकर को भी दिया, जिसके बलबूते पर उन्होंने हिंदी, मराठी, बंगाली, भोजपुरी, नेपाली, कन्नड़ और असम की भाषा में कई गाने रिलीज किए।

***बहन का साथ देने के लिए गायन किया शुरू*** : 15 दिसंबर को जन्मीं उषा मंगेशकर ने भी बचपन से अपनी बहन लता को परिवार और कॅरियर बनाने के बीच मेहनत करते देखा और अपनी बहन का साथ देने के लिए उन्होंने भी गायन शुरू किया। जब उषा मंगेशकर ने गाना शुरू किया था, उससे पहले ही लता अपना हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर चुकी थीं। पिता की मौत के बाद पहले कमाई के लिए गाना गाना शुरू किया था, लेकिन किसी को क्या पता था कि तीनों बहनें सिंगिंग में अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लेंगी।



### बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी

उषा अपनी बड़ी बहन लता के बहुत करीब थी और बचपन से लेकर बड़े होने तक उन्होंने हर परिस्थिति में उनका पूरा साथ दिया है। लता मंगेशकर के निधन के बाद उन्होंने ही अपनी दीदी की आत्मा को शांति देने के लिए वाराणसी में अस्थिकलश को गंगा में प्रवाहित किया था। उन्होंने कहा कि अब वे अकेली रह गई हैं और उनके लिए एक पल भी काटना मुश्किल हो रहा है। सिंगर ने कहा था कि वे हमेशा महसूस करती हैं कि दीदी उनके साथ ही हैं।

### फिल्मफेयर पुरस्कार मिला

साल 1953 में प्लेबैक सिंगर के रूप में कॅरियर की शुरुआत करने वाली उषा ने पहले कम बजट की फिल्मों में गायन किया, जिससे उनके करियर को बड़ा ब्रेक नहीं मिला। उन्होंने पहली बार 1954 में फिल्म 'सुबह का तारा' का !भाभी आई बड़ी धूम धाम से' गाना गाया था, लेकिन असल पहचान 1975 में आई फिल्म 'जय संतोषी मां' का गाना 'मैं तो आरती' गाकर मिली थी। ये गाना घर-घर प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था, जिसके बाद उन्हें 'मंगता है तो आजा' और 'हमसे नजर तो मिलाओ' के लिए भी सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका के तौर पर नॉमिनेट किया गया।

### इन फिल्मों के गानों को दी आवाज

उन्होंने 1978 में आई फिल्म खट्टा मीठा, 1979 में आई तराना','काला पत्थर, 1980 में आई नसीब और खूबसूरत, और 1981 में आई डिस्को डांसर जैसी फिल्मों के गानों में अपनी आवाज दी। उषा ने अपनी बहन के साथ मिलकर भी डुएट भी गाए, जिसमें आया मौसम दोस्ती का, आशा का फूल, और सब जनता का है, जैसे हिट गाने मिलकर गाए।

## सिनेमा को मनोरंजन से आगे बढ़ाकर समाज का बनाया आईना

# चार्ली चैपलिन से ली प्रेरणा, अधूरी मोहब्बत की आग में जले

*मुंबई। मासूम मुस्कान, नीली आंखें और शरीर की हरकतों में छुपा दर्द- राज कपूर सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने सिनेमा को मनोरंजन से आगे बढ़ाकर समाज का आईना बनाया, जिसमें गरीबी, बेरोजगारी, वर्गभेद और इंसानी अकेलापन साफ दिखाई देता था।*



### भारत के चार्ली चैपलिन कैसे बने?

राज कपूर को यूं ही 'भारत का चार्ली चैपलिन'नहीं कहा गया। बचपन से ही वो चार्ली चैपलिन की फिल्मों से गहराई से जुड़े हुए थे। जहां बाकी लोग उनकी फिल्मों पर हंसते थे, वहीं राज कपूर की आंखें नम हो जाया करती थीं। चैपलिन का वह किरदार— जिसका न कोई घर होता है, न कोई ठिकाना- राज कपूर को भीतर तक छू जाता था। यही वजह रही कि आगे चलकर आवारा, श्री 420 और मेरा नाम जोकर जैसे किरदारों में उन्होंने उसी ट्रैजिक-कॉमिक आत्मा को भारतीय संदर्भों में ढाल दिया।

### दुनियाभर में मशहूर थे

राज कपूर की लोकप्रियता भारत तक सीमित नहीं रही। सोवियत यूनियन में उनकी फिल्म आवारा ने इतिहास रच दिया। रूस में इस फिल्म ने करोड़ों टिकट बेचे और राज कपूर वहां किसी सुपरस्टार से कम नहीं थे। मॉस्को एयरपोर्ट पर जब प्रशंसकों ने उनकी टैक्सी को कंधों पर उठा लिया, तो यह सिर्फ एक अभिनेता का स्वागत नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की जीत थी। चीन, तुर्की, मध्य-पूर्व और अफ्रीका तक 'आवारा हूं' की गूंज सुनाई देती थी। यहां तक कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी उनकी अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता की खुलेआम सराहना की थी।

### राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी

राज कपूर और नरगिस की प्रेम कहानी हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत, लेकिन दर्दनाक कहानियों में गिनी जाती है। पर्दे पर उनकी जोड़ी जादू बिखेरती थी, लेकिन हकीकत में यह रिश्ता अधूरा रह गया। शादीशुदा होने के कारण राज कपूर वह फैसला नहीं ले सके, जिसका इंतजार नरगिस वर्षों तक करती रहीं। आखिरकार नरगिस की जिंदगी में सुनील दत्त आए और एक नई कहानी शुरू हुई। कहा जाता है कि नरगिस की ऊंची हील्स देखकर ही राज कपूर को एहसास हो गया था कि वह अब उनसे दूर जा चुकी हैं।



### निजी जिंदगी में काफी सरल थे

निजी जिंदगी में राज कपूर जितने सरल थे, उतने ही जटिल भी। बेटे रणधीर कपूर से जुड़ा एक किस्सा अक्सर याद किया जाता है, जब उन्होंने कहा था कि अगर वे बस में भी सफर करें, तो लोग बस यही कहेंगे कि राज कपूर बस में बैठे हैं। यह कथन उनके स्टारडम से ज्यादा उनके आत्मविश्वास और सादगी को दर्शाता है।

### एक फिल्म के लिए सब कुछ दांव पर लगाया

राज कपूर का असर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा। रणबीर कपूर का नाम भी उनके पूरे नाम रणबीर राज कपूर से लिया गया। वहीं, फिल्म संगम की पार्टी में हुआ एक थप्पड़ कांड, जिसमें लेखक इंदर राज आनंद का कॅरियर तबाह हो गया, इंडस्ट्री की सख्त और संवेदनशील सच्चाई को उजागर करता है। बतौर फिल्ममेकर राज कपूर पैसों से ज्यादा पैशन में विश्वास रखते थे। मेरा नाम जोकर के लिए उन्होंने सब कुछ दांव पर लगा दिया। सेट पर क्रू की देखभाल, खाने-पीने का इंतजाम और रियल लोकेशन्स पर शूट- ये सब उनकी कार्यशैली का हिस्सा था। 18-18 घंटे काम करना उनके लिए आम बात थी।

अंडर 19 एशिया कप: पाकिस्तानी टीम 150 रन पर सिमटी

# टीम इंडिया ने पाकिस्तान को धोया, 90 रन से दी मात, लगातार जीता दूसरा मैच

दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने चटकाए तीन तीन विकेट

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत ने अंडर 19 एशिया कप 2025 में पाकिस्तान को 90 रन से हरा दिया। दुबई में खेले गए मैच में टीम इंडिया ने 46.1 ओवर में 240 रन का स्कोर बनाया। उसकी तरफ से एरॉन जॉर्ज ने सर्वाधिक 85 रन की पारी खेली तो कनिष्क चौहान ने 46 रन बनाए। इसके बाद दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान के तीन-तीन विकेटों के बूते पाकिस्तानी टीम को 150 रन पर ही समेट दिया। पाकिस्तान 41.2 ओवर तक ही टिक सका। भारत की यह लगातार दूसरी जीत है। उसने पहले मैच में यूएई को मात दी। इस नतीजे के साथ ही भारत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली।

### मुकाबले में बारिश ने डाला खलल

भारत और पाकिस्तान के मुकाबले में बारिश ने खलल डाला. इससे मैच को 49-49 ओवर का किया गया। टीम इंडिया को पहले बैटिंग का न्यौता मिला। वैभव सूर्यवंशी पांच रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। लेकिन कप्तान आयुष म्हात्रे (38) और जॉर्ज ने पारी को संभाला। इनके बीच 49 रन की साझेदारी हुई। म्हात्रे 25 गेंद में चार चौकों व तीन छक्कों से 38 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद लगातार टीम इंडिया के विकेट गिरते रहे। लेकिन जॉर्ज ने एक छोर थाम लिया। उन्होंने 88 गेंद में 12 चौकों व एक छक्के से 85 रन बनाए। उनके अलावा सातवें नंबर पर आए कनिष्क ने दो चौकों व तीन छक्कों से 46 रन की पारी खेली। भारत पूरे ओवर नहीं खेल पाया और 46.1 ओवर में ऑलआउट हो गया। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद सय्याम और अब्दुल सुभान ने तीन-तीन विकेट लिए।




### आरोन जॉर्ज ने जीती विनू मांकड़ ट्रॉफी



आरोन जॉर्ज को लेकर बात की जाए तो उनका जन्म केरल में हुआ था, जिसके बाद घरेलू क्रिकेट में वह हैदराबाद की तरफ से खेलते हैं। आरोन जॉर्ज की कप्तानी में हैदराबाद की टीम ने 38 साल के लंबे इंतजार के बाद वीनू मांकड़ ट्रॉफी को अपने नाम किया था। आरोन जॉर्ज वीनू मांकड़ के पिछले 2 सीजन में 700 से ज्यादा रन बना चुके हैं। वहीं चयनकर्ताओं की उनपर उस समय नजर पड़ी जब उन्होंने साल 2022-23 में विजय मर्चेंट ट्रॉफी में बिहार के खिलाफ मुकाबले में 303 रनों की शानदार पारी खेली थी। आरोन जॉर्ज ने अंडर 19 एशिया कप में भी शानदार फॉर्म अभी तक दिखाया है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान से पहले यूएई के खिलाफ मुकाबले में भी 69 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी।

### मैच में हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार

*दुबई। भारत ने रविवार को एशिया कप अंडर-19 क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार रखी, जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे की टीम ने 90 रन से जीत दर्ज की। म्हात्रे और पाकिस्तान के उनके समकक्ष फरहान यूसुफ ने आईसीसी अकादमी मैदान में टॉस के दौरान एक-दूसरे की अनदेखी की। मैच खत्म होने के बाद भी दोनों टीमों ने हाथ नहीं मिलाए। भारतीय खिलाड़ियों ने अंपायरों से हाथ मिलाया और मैदान से चले गए। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में शुक्रवार को यूएई को 234 रन से हराया था, जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 95 गेंद में 171 रन की पारी खेली थी। पाकिस्तान ने उसी दिन मलेशिया को 297 रन से शिकस्त दी थी।*

बीडीसीए अंडर- 18 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट

## सीहोर डिस्ट्रिक्ट ने राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीडीसीए द्वारा विदिशा में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट, कनारा मैदान पर अंडर -18 बॉयज में सीहोर और राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट के बीच (दो दिवसीय) मैच प्रारम्भ हुआ।



राजगढ़ ने 21.4 ओवर में 57 रन बनाए, जिसमें विनायक शर्मा ने 20 रन का योगदान दिया। सीहोर से नवनीत सोनी और दीपेश सेन नें 3-3 एवं सक्षम त्यागी नें 2 विकेट लिए । जवाब में सीहोर ने 86.3 ओवर में 298 रन बनाए, जिसमें सक्षम त्यागी ने 118 रन की शतकीय पारी खेली, दीपेश सेन नें 72 और अंश गाबा नें 36 रन बनाए। राजगढ़ के विनायक पाटीदार और रामपाल सोलंकी नें 5-5 विकेट लिए इस तरह सीहोर ने 241 रनों की बढ़त ली। राजगढ़ ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 49 ओवर में 5 विकेट पर 151 रन बना लिए थे। इस तरह सीहोर ने राजगढ़ को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराया ।

### स्व..पठानिया ट्रॉफी में अकीरा और शिवाय में मैच शुरू

स्व. जी.एस.पठानिया 'सर' अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट, बाबे अली मैदान पर अकीरा क्रिकेट अकादमी और शिवाय क्रिकेट अकादमी के मध्य (दो दिवसीय) मैच में अकीरा क्रिकेट अकादमी ने 52.4 ओवरों में 167 रन बनाए। जवाब में शिवाय अकादमी ने दिन का खेल खत्म होने तक 35 ओवर में 6 विकेट पर 115 रन बना लिए हैं। कल मैच का दूसरा व अंतिम दिन है।

## खबर संक्षेप

### शुरुआती वर्षों में बदलना पड़ा दौड़ने की शैली : शैली एन

**पुणे।** जमैका की दिग्गज फर्राटा धाविका शेली एन फ्रेजर प्राइस का कहना है कि उन्हें यह ठप्पा पसंद नहीं था कि वह अच्छी शुरुआत करती थी लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं थी। उन्होंने कहा कि एलीट स्तर तक पहुंचने के लिए उन्हें अपने शुरुआती वर्षों में अपनी दौड़ने की शैली को बदलना पड़ा। ओलंपिक की आठ बार की और विश्व चैंपियनशिप की 17 बार की पदक विजेता शेली एन ने कहा कि उन्होंने 100 मीटर फर्राटा दौड़ में बेहतर होने के लिए 200 मीटर दौड़ में बहुत मेहनत की। शेली एन के नाम 100 मीटर में 10.60 सेकेंड का इतिहास का तीसरा सबसे तेज समय दर्ज है।



### 22 हजार वाले क्लब में शामिल हो सकते हैं रूट

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने एशेज टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में शानदार शतक लगाया था। इस बीच जो रूट के पास इंटरनेशनल क्रिकेट में 22 हजार रन पूरा करने का मौका होगा। ऐसा करने के लिए उन्हें तीसरे टेस्ट मैच में एक बड़ी पारी खेलनी होगी। जो रूट ने अभी तक तीनों फॉर्मेट को मिलाकर 378 मैच खेले हैं। वहां उन्होंने 497 पारियों में 21927 रन बनाए हैं। अगर वह तीसरे टेस्ट मैच में वह 73 रन बना लेते हैं तो इंटरनेशनल क्रिकेट में 22 हजार रन बनाने वाले इंग्लैंड के पहले और दुनिया के नौंवे क्रिकेटर बन जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक सचिन तेंदुलकर, कुमार संगाकारा, विराट कोहली, रिकी पोंटिंग, महेला जयवर्धने, जैक कैलिस,राहुल द्रविड़ और ब्रायन लारा ने ही 22 हजार रन पूरे किए हैं।



### आईपीएल में करेंगे गेंदबाजी

**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने साफ किया कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने साफ किया कि उनके मैनेजर की 'गड़बड़ी' की वजह से उन्हें अगले हफ्ते होने वाली छोटी नीलामी में गलती से बल्लेबाज के तौर पर पंजीकृत कर दिया गया। पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण 2025 सत्र से बाहर रहे 26 साल के ग्रीन जून में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे। हालांकि इसके बाद उन्हें गेंदबाजी करने की इजाजत मिल गई है और वह ऑस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज श्रृंखला में गेंदबाजी कर रहे हैं।



# जायसवाल ने 48 गेंद में जड़ा शतक, सरफराज ने खेली धुआंधार पारी

मुंबई ने 235 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में हासिल किया, हरियाणा को हराया

एजेंसी ▶▶ अम्बी

टी20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान जासवाल ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 50 हजार रुपये का चैक लेने के लिए अपने साथ सरफराज को भी बुलाया। इससे पहले हरियाणा के कप्तान अंकित कुमार (42 गेंद में 89 रन) और प्रतिभावान ऑलराउंडर निशांत सिंधू (38 गेंद में 63 रन) ने सिर्फ 8.1 ओवर में 110 रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में तीन विकेट पर 234 रन तक पहुंचाया। मुंबई के लिए अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने 10 गेंद में 21 रन बनाए। हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने 125 से 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की, जिससे मुंबई के बल्लेबाजों के लिए सपाट पिच पर रन बनाना आसान हो गया। जायसवाल ने पुल और रैंप शॉट खेले। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके मारे। सरफराज ने भी सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक के साथ आईपीएल नीलामी के लिए अपना दावा मजबूत किया।



### रेड्डी का शतक, आंध्र की पंजाब पर रोमांचक जीत

पुणे। युवा बल्लेबाज हेमंत रेड्डी ने शानदार गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए नाबाद 109 रन की पारी खेली, जिससे आंध्र ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ए मैच में पंजाब पर पांच विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। रेड्डी अपने करियर का सिर्फ दूसरा मुश्ताक अली ट्रॉफी का मैच खेल रहे थे। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र का पूरा शीर्ष क्रम और मध्य क्रम चरमरा गया, जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 56 रन हो गया लेकिन 23 वर्षीय रेड्डी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 53 गेंद में 11 चौके और सात छक्के जड़ित शतकीय पारी खेली। इससे आंध्र ने पांच विकेट पर 211 रन बनाकर मैच की आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की। पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार (23 रन देकर तीन विकेट) ने आंध्र के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन मुंबई इंडियंस के पूर्व नेट गेंदबाज बरार ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज श्रीकर भरत (01) और अश्विन हेब्बर (04) को आउट कर दिया, जिससे आंध्र का स्कोर दो विकेट पर सात रन हो गया। तेज गेंदबाज आयुष गोयल ने भी नीतीश कुमार रेड्डी का विकेट लिया, जिससे आंध्र का स्कोर चार विकेट पर 35 रन हो गया और फिर नौवें ओवर में जल्द ही पांच विकेट पर 56 रन हो गया।

ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट

# बार्सिलोना की 7वीं जीत ओसासुना को हराया



एजेंसी ▶▶ बार्सीलोना

राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में ओसासुना को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। ब्राजील के फारवर्ड राफिन्हा ने 70वें मिनट में बार्सीलोना को बढ़त दिलाई और फिर 84वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। लीग में लगातार सातवीं जीत के साथ गत चैंपियन बार्सीलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। मैड्रिड ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले आठ मैच में सिर्फ दो में जीत दर्ज की है, जिससे टीम दबाव में है। एटलेटिको मैड्रिड ने वेलेन्सिया को 2-1 से हराया। चौथे स्थान पर मौजूद एटलेटिको बार्सीलोना से नौ अंक पीछे है। अन्य मुकाबलों में एस्पेनयोल ने गेटाफे को 1-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की जबकि मालोर्का ने एल्शे को 3-1 से शिकस्त दी।

■ बार्सीलोना ने बनाई रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त

### सालाह की वापसी, लीवरपूल ने ब्राइटन को हराया

**लीवरपूल।** लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन को 2-0 से हरा दिया। इस जीत से लीवरपूल ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने अजेय क्रम को पांच मैच तक पहुंचाया। गत चैंपियन टीम अब अंक तालिका में छठे स्थान पर है।इस मैच के साथ लीवरपूल के मोहम्मद सालाह ने रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी भी की। आर्सेनल ने अंतिम स्थान पर चल रहे वोल्वरहैम्पटन को दो आत्मघाती गोल की बदौलत 2-1 से हराया जबकि चेल्सी ने एवर्टन को 2-0 से शिकस्त दी। बर्नले को फुलहम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जो टीम की लगातार सातवीं हार है।



## सद्भावना टी 20 क्रिकेट: भोपाल-इंदौर मीडिया क्रिकेट टीमों के बीच 21 दिसंबर को इंदौर में महामुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार 21 दिसंबर को इंदौर के यशवंत क्लब क्रिकेट ग्राउंड पर स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. द्वारा आयोजित भोपाल एवं इंदौर की मीडिया टीमों के बीच होने वाले टी 20 सद्भावना मैत्री क्रिकेट मुकाबलों के लिए दोनों टीमों की घोषणा आज यहां कर दी गई है। भोपाल टीम की कप्तानी इंद्रजीत मौर्य करेंगे, जबकि इंदौर टीम की कमान संजय लुणावत संभालेंगे। पिछले 30 वर्षों से भोपाल एवं इंदौर के पत्रकार खिलाड़ियों के बीच अनवरत जारी यह सिलसिला 21 दिसंबर को अपने 31वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस मुकाबले को जीतने के लिए दोनों टीमें जमकर पसीना बहा रही हैं।

### भोपाल मीडिया क्रिकेट टीम

इंद्रजीत मौर्य, कप्तान (नेशनल स्पोर्टस टाइम्स), आर.के. यदुवंशी, उपकप्तान (दैनिक भास्कर), राघवेंद्र सिंह (आईएनडी 24 ), मोहन द्विवेदी (दूरदर्शन), अक्षत शर्मा (स्वदेश ज्योति), शशि शेखर (राज एक्सप्रेस), आनंद रजक (दैनिक भास्कर), ललित कटारिया (नवदुनिया), प्रभात शुक्ला (दैनिक भास्कर), पीयूष मिश्रा (पीटीआई), अखिल परस्ते (जनसम्पर्क विभाग), अजय मौर्या (एनएसटी), विवेक साध्य (पीपुल्स समाचार), जुबेर कुरेशी (नारदमुनि), विकास बिल्लौरे (जनसंपर्क विभाग), पंकज शर्मा (पीआईबी), मुकेश विश्वकर्मा (नवदुनिया), रामेश्वर भार्गव (एनएसटी), धर्मेंद्र सिंह (महा मीडिया) केडी शर्मा, कोच (नई दुनिया), संजीव श्रीवास्तव, टीम मैनेजर (4पीएम)।

### इंदौर मीडिया क्रिकेट टीम

संजय लुणावत, कप्तान (6 पीएम), सुनील जोशी, उपकप्तान (एसआर टाइम्स), हेमंत शर्मा (पीपुल्स समाचार), विकास मिश्रा (दैनिक भास्कर), मनीष जोशी (नई दुनिया), अभिषेक मिश्रा (डिजियाना न्यूज़), राजकुमार अग्निहोत्री (प्रभात किरण), अंकुल पाटोदी (भारतीय कुश्ती), नवीन यादव (पीपुल्स समाचार), नीलेश करोसिया (डिजियाना न्यूज), असीम जैन (असली दुनिया), तनिष्क शर्मा (एसपीसी न्यूज़), सुदेश गुप्ता (एनकाउंटर न्यूज़), देवेन्द्र जायसवाल (स्वदेश न्यूज़), यशवर्धन सिंह (स्वतंत्र पत्रकार), पंकज क्षीरसागर (स्वतंत्र पत्रकार), कोच, राजू घोलप, मैनेजर (यश भारत)।

राधारमण आरजीपीवी राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

## इंदौर और जबलपुर ने सेमीफ़ाइनल जीतकर फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण समूह के क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित राधारमण आरजीपीवी राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफ़ाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। दिन के दोनों सेमीफ़ाइनल मैचों में इंदौर और जबलपुर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को पहले सेमीफ़ाइनल मुकाबले में ग्वालियर और इंदौर की टीमें आमने-सामने थीं। ग्वालियर की टीम 14.5 ओवर में 73 रन पर ऑलआउट हो गई। इंदौर की टीम ने 12.2 ओवर में 8 विकेट खोकर 77 रन बनाते हुए मुकाबला 2 विकेट से अपने नाम कर लिया। इस मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए दीपेंद्र को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।



### जबलपुर ने 7 विकेट से जीता मुकाबला



दूसरे सेमीफ़ाइनल मुकाबले में भोपाल और जबलपुर की टीमें भिड़ीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल की टीम 16 ओवर में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। भोपाल की ओर से फैज़ान क़ादिर ने 25 रन और कप्तान मनन शर्मा ने 24 रन बनाए। जबलपुर की ओर से आयुष तिवारी और संयम गीते ने 2–2 विकेट लेकर भोपाल की पारी को समेट दिया। जबलपुर की टीम ने 11.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 94 रन बनाते हुए मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया।

ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में, खरीदे जाएंगे अधिकतम 77 खिलाड़ी

# आईपीएल ऑक्शन: अनजाने भारतीयों पर बरसेगा पैसा!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल 2026 ऑक्शन में अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर फोकस रहने वाला है। फ्रेंचाइज के पास पैसा कम है और जगह भी कम भरनी है, साथ ही ज्यादा बड़े विदेशी खिलाड़ी भी इसमें नहीं है। ऐसे में घरेलू क्रिकेट में कमाल करने वाले भारतीय क्रिकेटर्स की मौज हो सकती है। कुछ नाम ऐसे हैं, जिनकी काफी चर्चा है और माना जा रहा है कि इन्हें लेने के लिए ऑक्शन के दौरान फ्रेंचाइज में कड़ा मुकाबला हो सकता है। ऑक्शन से पहले जान लेते हैं कि कौनसे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर मोटी बोली लग सकती है।



### कार्तिक शर्मा

राजस्थान के विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक शर्मा 20 साल के हैं। वे लॉअर मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हैं और तूफानी अंदाज में खेलते हैं। कार्तिक छक्के उड़ाने की क्षमता के चलते सुर्खियों में हैं.।19 साल की उम्र में उन्हें जेएसडब्ल्यू ने साइन कर लिया था। कार्तिक शर्मा ने 12 टी मैचों में अभी तक 164 की स्ट्राइक रेट से 334 रन बनाए हैं। इनमें 28 छक्के शामिल है। कार्तिक ने फर्स्ट क्लास और लिस्ट ए क्रिकेट में डेब्यू पर ही शतक लगाए थे।




### अशोक शर्मा

राजस्थान से आने वाले अशोक शर्मा पहले आईपीएल का हिस्सा रहे हैं। वे कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स में शामिल रहे हैं। लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। अशोक शर्मा लगातार 140 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बॉलिंग करते हैं। उन्होंने हालिया सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### क्रेंस फुलेत्रा

सौराष्ट्र से आने वाले क्रेंस फुलेत्रा चाइनामैन बॉलर हैं। वे पिछले आईपीएल सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ नेट बॉलर के रूप में रहे हैं। फुलेत्रा ने अभी तक सौराष्ट्र के लिए दो ही टी20 मैच खेले हैं। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने ही इस अनजाने गेंदबाज का नाम सनराइजर्स को बताया था। चाइनामैन बॉलिंग के चलते अब कई फ्रेंचाइज ने उनमें दिलचस्पी दिखाई है।




### आकिब नबी

जम्मू कश्मीर से आने वाला यह तेज गेंदबाज पिछले सीजन से सबसे सफल रहा है। आकिब नबी पिछले रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज थे। इस साल भी पहले हाफ में तेज गेंदबाजों में वे ही सबसे आगे हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी आकिब ने कमाल किया था। उन्होंने सात मैच में 15 शिकार किए थे। वे कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के साथ नेट बॉलर के तौर पर रह चुके हैं।

### प्रशांत वीर

उत्तर प्रदेश से आने वाले प्रशांत वीर ऑलराउंडर हैं। वे बाएं हाथ के फिरकी गेंदबाज और बल्लेबाज हैं। 20 साल के प्रशांत ने हाल ही में यूपी के लिए अंडर 23 और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में साथ-साथ खेले थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने 170 की स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाने के साथ ही 6.76 की इकॉनमी से नौ विकेट लिए थे। वे सबसे पहले यूपी टी20 लीग में नोएडा सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए सुर्खियों में आए थे।






## खबर संक्षेप

### मैनिट चौराहा बनेगा सुंदर, बनेगी बाउंड्रीवाल



**भोपाल।** शहर के मैनिट चौराहे का जल्द ही सौंदर्यीकरण होगा। यहां एक बाउंड्रीवाल भी बनाई जाएगी। इस काम पर 5 लाख रुपए से ज्यादा खर्च होंगे। उक्त कार्यों का भूमिपूजन रविवार को नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि चौराहे पर यातायात का दबाव लगातार बढ रहा है। इसके सौंदर्यीकरण के लिए प्रयास किए जा रहे थे। विकास कार्य होने के बाद यहां जरूरत के अनुसार अन्य सुविधाएं भी जुटाई जाएंगी। इस अवसर पर वंदना परिहार सहित बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद थे।

### सेंट जोंस चर्च में मनाया नारी सशक्तिकरण संडे

**भोपाल।** ईसाई समाज ने 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व को मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव को लेकर विशेष प्रकार का उत्साह देखने को मिल रहा है। गोविंदपुरा भेल सेंट जांस चर्च में दूसरा रविवार विशेष रूप से नारी सशक्तिकरण संडे के रूप में मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या छात्र, युवक युवती महिलाएं शामिल हुए। इस मौके पर गीतों और संगीतों के माध्यम से विशेष प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कैरोल सॉग्स गाया जाएगा। नारी सशक्तिकरण को लेकर फादर अनिल मार्टिन के द्वारा विशेष संदेश दिया गया।

### बीयू: एमपीएड और बीपीएड की चयन सूची जारी

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्विद्यालय ने एमपीएड और बीपीएड पाठ्यक्रम सत्र 2025-26 के लिए इस सत्र में छात्रों के चयन की सूची जारी कर दी गई है। पात्रता आवेदनों के परीक्षण के लिए 5 सदस्यीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। एमपीएड पाठ्यक्रम के लिए कुल 34 आवेदन आए थे, जिसमें से समिति ने प्रस्तुत आवेदनों तथा छात्रों द्वारा संलग्न दस्तावेजों के आधार पर 19 छात्रों को पात्र पाया गया है।

# परिचय सम्मेलन:आंखों-आंखों में हुए प्रश्न और आंखों में ही मिल गए जवाब

## कई समाजों के परिचय सम्मेलन में जीवनसाथी की हुई तलाश पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार का दिन मेल मुलाकातों का दिन रहा। दरअसल कई समाजों का परिचय सम्मेलन हुआ। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठन के योग्य युवक-युवतियों के विवाह के लिए जीवनसाथी खोज करने पहुंचे। इस मिलन समारोह परिचय देते हैं और रिश्ते तय करते नजर आए।

### पंजाबी समाज के परिचय सम्मेलन में दहेज मुक्ति का लिया संकल्प

राजधानी में रविवार को पंजाबी समाज का 30वां परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह दिन पंजाबी समाज के लोगों के लिए सामाजिक मेल मुलाकात और नए रिश्ते जोड़ने के नाम रहा। इसमें समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच पर आकर परिचय दिया और आंखों ही आंखों में जीवनसाथी की तलाश की, वहीं परिजन भी अपने बेटे-बेटियों के लिए योग्य बहू और दामाद की खोज करते नजर आए, साथ ही एक-दूसरे के साथ मेल मुलाकात करते दिखे। संजीव सचदेव की अध्यक्षता और सरदार मोहन सिंह की चेयरमैनशिप म भोपाल व प्रदेश सहित देशभर से आए पंजाबी समाज के लोगों ने दहेज मुक्ति का संकल्प लिया। लेडीज विंग की अध्यक्ष सविता शाह और सचिव स्वीटी सेठी ने सभी प्रतिभागियों का परिचय स्क्रीन की मदद से खचाखच भरे हॉल में उपस्थित सभी लोगों को दिया।

### 200 से अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया



हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा नानकसर में पंजाबी समाज का परिचय सम्मेलन में करीब 200 से अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। इसमें 120 युवकों व 80 से अधिक युवतियों ने भाग लिया। सम्मेलन में नागपुर, रायपुर, जबलपुर सहित विभिन्न स्थानों से आए पंजाबी समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान कई डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील, उच्च शिक्षित, बैंक कर्मचारी, सर्विसपेशा, बिजनेसमैन शामिल हुए। लोग एक दूसरे के पते पूछते रहते और रिश्तों की बात को आगे बढ़ाते रहे। इस मौके पर वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण कर चुके तीन दंपत्तियों का समाज के संरक्षक गण सरदार जसबीर सिंह और सरदार कुलदीप सिंह गुलाटी द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान सरदार केसर सिंह, सुनीत गंभीर, कर्नल हेमंत कक्कड़ सहित समाज के कई अन्य वरिष्ठगण मौजूद थे।

### अभिभावकों ने दिया बच्चों के जीवन का परिचय



कुर्मी क्षत्रिय समाज का अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन रविवार को मध्यांचल यूनिवर्सिटी पटेल कॉलेज रातीबड़ इंजीनियरिंग कालेज में आयोजित किया गया। सैकड़ों युवक-युवतियों ने मंच से परिचय दिया। इस दौरान स्मारिका का विमोचन किया गया। परिचय सम्मेलन में युवाओं ने बेबाकी से परिचय देते हुए जीवन साथी के बारे में अपनी पसंद बताई। मंच से कई युवतियों ने खुलकर कहा कि दहेज प्रथा बंद होनी चाहिए। अनेक युवाओं ने जवाब में कहा कि वे स्वयं बगैर दहेज लिए विवाह करेंगे। कुछ ने कहा कि वे अभिभावकों समझाएंगे कि दहेज मांगना बंद करें।

### राजपूत समाज का सम्मेलन

रविवार को मप्र राजपूत समाज संस्था की ओर से अभा क्षत्रिय राजपूत युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुबह 10:30 बजे से महाराणा प्रताप चार इमली राजपूत भवन में आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। इस मौके पर समाज के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

## जांच नहीं होने पर वाहन चालक भी नहीं बनवाते पीयूसी सर्टिफिकेट

# बार-बार चेतावनी के बाद भी पीयूसी नहीं करा रहे वाहन चालक, कल से चेकिंग

परिवहन विभाग विशेष चैकिंग अभियान में जांचेगा वाहन बीमा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रत्येक वाहन चालक को समय-समय पर वाहन की जांच करवा कर प्रदूषण नहीं फैलाने का सर्टिफिकेट लेना होता है। लेकिन राजधानी भोपाल में वाहन चालकों को पीयूसी कराने में रुचि नहीं है। इसके चलते राजधानी की हवा में प्रदूषण बढ़ गया है। अब ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई करने के लिए परिवहन विभाग 16 दिसंबर से विशेष चेकिंग अभियान शुरू करने जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि रोजना छह टीम अलग-अलग जगहों पर सैक्डों वाहनों की जांच करेगी। बिना पीयूसी वाले कॉमर्शियल वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग के चेकिंग अभियान से चार दिन पहले हरिभूमि ने पीयूसी सेंटरों की पड़ताल कर हकीकत जानी। जिनमें कई सेंटरों पर दिनभर में एक भी वाहन चालक पीयूसी कराने नहीं आते है।

### पीयूसी सेंटरों पर सन्नाटा पसरा




राजधानी में लाखों की संख्या में वाहन धुआं छोड़ते हुए फराटें से दौड़ रहे हैं। उधर, शहर में संचालित पीयूसी सेंटरों पर सन्नाटा पसरा रहता है। काम न मिलने से कुछ सेंटर को कर्मचारियों बंद कर रखा था। हरिभूमि टीम ने शुक्रवार को शहर के कुछ पीयूसी सेंटरों का जायजा लिया तो यहां पर एक-दो वाहन चालक सर्टिफिकेट लेते नजर आए। तो कुछ वह कर्मचारी तो बैठे मिले। लेकिन दिनभर में कोई भी पीयूसी कराने नहीं पहुंचा। भोपाल जिले में इस समय करीब 23 लाख से अधिक वाहन संचालित हो रहे है। जिसमें करीब 80 हजार से अधिक 15 साल पुराने वाहन संचालित हो रहे है।

### पहले 10 से 15 लोग आ रहे थे अब एक या दो लोग

शहर के लिंक रोड नंबर 2 सुभाष स्कूल, बिट्टन मार्केट व बीयू के पास खड़ी पीयूसी वैन के संचालकों का कहना था कि जब प्रशासन की ओर से आदेश जारी उस दौरान तो तीन-चार दिन तक तो रोजना 10 से 15 लोग रोजना पीयूसी जांच कराते थे। लेकिन पिछले एक साल से वाहन चालकों की संख्या लगातार कम हो गई है। अब तो खर्च ही नहीं

#### नतून कॉलेज के पास खड़ी मोबाइल वैन की यह स्थिति

नतून कॉलेज रोड़ पर खड़ी मोबाइल वाहन संचालक अजय कुमार ने बताया कि करीब सालभर पहले प्रशासन ने बिना पीयूसी के पेट्रोल नहीं देने के आदेश जारी किए थे। इस दौरान दिन में 18-20 गाड़ी आती हैं। सालभर से अब पूरे दिन पीयूसी कराने एक या दो लोग ही आते है।

#### वाहनों का धुआं खून में ऑक्सीजन घटाता है

**कार्बन मोनोऑक्साइड :** ईंधन पूरा न जलसे से बनती है। खून में ऑक्सीजन ले जाने की क्षमता घटाती है, जिससे थकान, सिरदर्द और हृदय संबंधी जोखिम बढ़ते हैं।

**नाइट्रोजन ऑक्साइड:** इंजन गर्म होने पर बनती है। यह स्मॉग और ग्राउंड-लेवल ओजोन बढ़ाती है। दमा, खांसी,फेफड़ों में जलन होती है।

#### यह पीयूसी का रेट

- दुपहिया वाहन-100
- तीन पहिया-150
- चार पहिया-250
- मध्यम मोटर वाहन-250
- भारी मोटर वाहन-500

**यह है जुमार्ने का प्रावधान**

- कमर्शियल वाहनों पर जुमार्ने की राशि-3000
- निजी दुपहिया व चार पहिया वाहनों पर-1000


# बीयू: बोर्ड ऑफ स्टडीज चेयरमेन के साथ विभिन्न विभागों के डीन की बैठक आज, कई योजनाओं पर होगी चर्चा

- आज विवि में विभागों के डीन, वित्त नियंत्रक, प्रभारी आईटी सेल, परीक्षा नियंत्रक, गोपनीय शाखा सहित अन्य अधिकारी बैठक में रहेंगे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में सोमवार को नवगठित बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयापर्सन के साथ विभिन्न विभागों के डीन सहित अधिकारियों की विशेष बैठक होगी। इस बैठक में आगामी परीक्षाओं को लेकर योजना तय होने से लेकर बदलाव और विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हो सकती है। बैठक में बीयू के परीक्षा नियंत्रक, गोपनीय शाखा और वित्त नियंत्रक के साथ ही अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जारी अधिसूचना के अनुसार सभी संकाय के संकायाध्यक्षों और नव गठित अध्ययन मंडल के अध्यक्षों की बैठक 15/12/2025 को अपरान्हः 12:30 बजे अकादमी शाखा में आयोजित की गई है। संकायाध्यक्ष एवं अध्ययन मंडल के अध्यक्ष इस बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही विभागों के डीन, अध्यक्षों, परीक्षा नियंत्रक, सहायक कुलसचिव गोपनीय अथवा परीक्षा, प्रभारी स्ट्रॉग रूम एवं प्रभारी आई.टी. सेल भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

### बैठक में मुख्य मुद्दा यह रहेगा



बताया गया है कि बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के लिए जारी नए अध्यादेश के अनुसार तैयार पाठ्यक्रमों के प्रश्न-पत्रों की संरचना (पैटर्न) तैयार कर अनुशंसित किया जाएगा। इसके अनुसार तैयार पाठ्यक्रमों के अनुसार परीक्षा योजना पर विचार होगा। इनके साथ ही अन्य विषयों पर भी चर्चा होगी।

### 2 दिसंबर को गठित हुई बीओएस

बीयू में 30 विषयों के अध्ययन मंडलों का गठन बीते 2 दिसंबर 2025 को किया गया है। बोर्ड ऑफ स्टडीज की चेयरपर्सन डॉ अपर्णा अनिल, सरोजनी नायडू शासकीय कन्या महावि भोपाल हैं। सदस्यों में डॉ अंजली पाण्डे, एमएलबी कन्या महावि, भोपाल, डॉ आलोक भावसार, शासकीय हमीदिया कॉलेज, भोपाल, डॉ कीर्ति सिंह ठाकुर, शासकीय गीतांजलि कन्या महावि, भोपाल, डॉ झरन हलधर, सत्यसाई कॉलेज, भोपाल और अमन चौरसिया, शासकीय हमीदिया कॉलेज, भोपाल को सदस्य के तौर पर सूची में शामिल किया गया है। मप्र विवि अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के तहत कुलगुरू प्रो एसके जैन ने विभिन्न श्रेणियों के तहत अध्ययन मंडल का गठन किया है। इस अध्ययन मंडल का कार्यकाल तीन वर्ष है।




## जेपी अस्पताल में श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल ने लगाया शिविर

# अहमदाबाद से आई आधुनिक इको कार्डियो मशीन से अब तक हुई 354 बच्चों व 26 युवाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं राजकोट के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा रविवार को जेपी अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ मिलकर हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल के मैनेजिंग ट्रस्टी मनोज भीमानी ने बताया कि शिविर में 354 बच्चों और 26 युवाओं की जांच इको कार्डियो मशीन द्वारा की गई। अब इनमें से चिन्हित बच्चों को अहमदाबाद एवं राजकोट हॉस्पिटल में निःशुल्क उपचार किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा इन चिन्हित मरीजों को लाने एवं ले जाने का समस्त प्रबंध किया जाएगा। यह शिविर मप्र सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ सलोनी सिडाना के मार्गदर्शन में हुआ। श्री सत्य साईं सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष सजल श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में श्री सत्य साईं सेवा संगठन भोपाल के 60 से ज्यादा सेवादल द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं मार्गदर्शन की सेवा दी गई। जिसमें श्री सत्य साईं महिला कॉलेज की स्टूडेंट भी शामिल रही।

### अहमदाबाद और राजकोट से आए हृदय विशेषज्ञ







मनोज भीमानी ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से बच्चों की हृदय संबंधित जन्मजात बीमारी की जांच श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं राजकोट से आए चार हृदय विशेषज्ञ द्वारा की गई। शिविर में तीन आधुनिक इको कार्डियो मशीन श्री सत्य साईं हॉस्पिटल द्वारा लाकर सभी बच्चों की जांच की गई। शिविर में भोपाल जिले के अतिरिक्त आस-पास के सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, विदिशा, बैतूल राजगढ़ जिले के 1500 बच्चों की जांच की गई।

### 158 बच्चों को किया सर्जरी के लिए चिह्नित



जेपी अस्पताल में रविवार को बच्चों में हृदय रोग जांच के लिए विशेष स्क्रीनिंग शिविर में आठ जिलों से आए 380 बच्चों की निःशुल्क इको जांच हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा की गई। इनमें से 158 बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है। शिविर में क्षेत्रीय स्वास्थ्य संचालक डॉ. नीरा चौधरी, सीएमएचओ डॉ.मनीष शर्मा, उपसंचालक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. निधि शर्मा, सिविल सर्जन डॉ संजय जैन उपस्थित रहे।

### हृदय रोग का मुफ्त इलाज

श्री सत्य साईं हॉस्पिटल ने ओडिशा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, झारखंड और केंद्र शासित प्रदेश लेह लद्दाख सहित देश के विभिन्न राज्यों के साथ समझौते किए हैं, जहां हृदय रोग से पीड़ित मरीजों का मुफ्त इलाज किया जाता है। श्री सत्य साई हार्ट हॉस्पिटल अहमदाबाद एवं राजकोट बच्चों की महंगी हृदय सर्जरी निःशुल्क में करता है, जिनकी लागत किसी भी अस्पताल में 3 से 5 लाख रुपए तक होती है।

**मनोज भीमानी, मैनेजिंग ट्रस्टी, श्री सत्य साईं हॉस्पिटल**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930